*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

02 जनवरी, 2023
पौष, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 75

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

नासिक की फैक्टरी में लगी भीषण आग, एक की मौत और 17 लोग घायल













### झारखंड में सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित करने का देशभर में भारी विरोध

# मुंबई में पांच लाख, अहमदाबाद और दिल्ली में हजारों लोग सड़कों पर उतरे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** झारखंड स्थित जैन तीर्थ सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित करने का विरोध बढ़ता जा रहा है। इस पर रविवार को मुंबई, अहमदाबाद और दिल्ली में बड़ी संख्या में जैन समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। मुंबई में करीब पांच लाख लोग सड़क पर उतरे। समाज के लोग दिल्ली के प्रगति मैदान और इंडिया गेट पर इकट्ठा हुए। प्रदर्शनकारियों के एक डेलिगेशन ने इस संबंध में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन दिया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे झारखंड सरकार के सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषित करने के खिलाफ हैं। यह जैन समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला फैसला है। इससे तीर्थस्थल को नुकसान होगा। प्रदर्शनकारी झारखंड सरकार से फैसला बदलने की मांग कर रहे हैं। इस मसले को लेकर जैन समुदाय के लोग 26 दिसंबर से देशभर में प्रदर्शन कर रहे हैं, रविवार को यह प्रदर्शन और तेज हो गया। मुंबई में जैन समुदाय के लोग झारखंड सरकार के फैसले के विरोध में प्रदर्शन के लिए सड़कों पर उतरे। महाराष्ट्र के मंत्री एमपी लोढ़ा ने कहा कि हम गुजरात के पलीताणा में जैन मंदिर में हुई तोड़फोड़ और झारखंड सरकार के श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल में बदलने के फैसले के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। गुजरात सरकार ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, वहीं झारखंड सरकार पर्यटन स्थल घोषित करने के फैसले को वापस ले। लोढ़ा के मुताबिक प्रदर्शन में पांच लाख लोग शामिल हुए।





## गुजरात के जैन मंदिर में हुई तोड़फोड़

इन प्रदर्शनों के बीच गुजरात के पलीताणा शहर के जैन मंदिर में तोड़फोड़ भी हुई। इसको लेकर भी मुंबई, अहमदाबाद और दिल्ली के इंडिया गेट पर जैन समुदाय के लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## 2019 में किया गया था नोटिफाई

बता दें कि 2019 में केंद्र सरकार ने सम्मेद शिखर को इको सेंसिटिव जोन घोषित किया था। इसके बाद झारखंड सरकार ने एक संकल्प जारी कर जिला प्रशासन की अनुशंसा पर इसे पर्यटन स्थल घोषित किया।

## ऐसे शुरू हुआ विवाद और विरोध

सम्मेद शिखर के आसपास के इलाके में मांस-मदिरा की खरीदी-बिक्री और सेवन प्रतिबंधित है। कुछ दिन पहले शराब पीते युवक का वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद विवाद शुरू हुआ। धर्मस्थल से जुड़े लोगों का मानना है कि पर्यटन स्थल घोषित होने के बाद से जैन धर्म का पालन नहीं करने वाले लोगों की भीड़ यहां बढ़ी। यहां मांस-मदिरा का सेवन करने वाले लोग आने लगे हैं।

## सम्मेद शिखर का है विशेष महत्व

झारखंड का हिमालय माने जाने वाले इस स्थान पर जैनियों का पवित्र तीर्थ शिखरजी स्थापित है। इस पुण्य क्षेत्र में जैन धर्म के 24 में से 20 तीर्थंकरों ने मोक्ष की प्राप्ति की। यहां पर 23वें तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ ने भी निर्वाण प्राप्त किया था। पवित्र पर्वत के शिखर तक श्रद्धालु पैदल या डोली से जाते हैं। जंगलों, पहाड़ों के दुर्गम रास्तों से गुजरते हुए नौ किलोमीटर की यात्रा तय कर शिखर पर पहुंचते हैं।

### तैयार हो रहा धार्मिक पर्यटन क्षेत्र बनाने का प्रपोजल : पर्यटन सचिव

इधर झारखंड के पर्यटन सचिव मनोज कुमार ने बताया कि झारखंड के गिरिडीह स्थित जैन तीर्थस्थल सम्मेद शिखर जी को पर्यटन स्थल की सूची से बाहर नहीं किया गया है। झारखंड सरकार ने इस तरह का कोई प्रपोजल भी नहीं बनाया है। हां, इतना जरूर है कि देशभर में हो रहे प्रदर्शन के बाद सरकार इसे धार्मिक पर्यटन क्षेत्र बनाने पर सरकार विचार कर रही है।

### झारखंड सरकार फैसला वापस ले : ओवैसी

जैन समाज के इस प्रदर्शन का सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी समर्थन किया है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि हम जैन समुदाय के लोगों का समर्थन करते हैं। झारखंड सरकार को यह फैसला रद्द करना चाहिए। उन्होंने गुजरात के सीएम से अपील की है कि जैन मंदिर में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

### सभी तीर्थस्थलों की पवित्रता का सम्मान करें : विश्व हिंदू परिषद

इससे पहले विश्व हिंदू परिषद ने भी जैन समुदाय के लोगों का समर्थन किया था। विश्व हिंदू परिषद ने कहा कि सम्मेद शिखर एक तीर्थ स्थल है। उसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित नहीं किया जाना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि हम भारत के सभी तीर्थस्थलों की पवित्रता की रक्षा के लिए कोशिश कर रहे हैं। इस तरह से किसी भी तीर्थ स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में नहीं बदला जाना चाहिए।

### 15 जनवरी तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन संभावित

# 61 हजार पारा शिक्षकों को फिर मिल सकता है मौका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के 61 हजार पारा शिक्षकों से संबंधित एक प्रस्ताव शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के पास आया है। यह प्रस्ताव डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और आकलन परीक्ष के आयोजन से जुड़ा हुआ है। आकलन परीक्षा में राज्य के सभी 61 हजार पारा शिक्षक शामिल हो सकें, इसके लिए कोशिश की जा रही है। पारा शिक्षकों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। इसके लिए 15 दिनों का समय और मांगा गया है। समय मिलने के बाद फिर से आकलन परीक्षा का आवेदन लिया जायेगा। पारा शिक्षकों की नियमावली बनने के साथ ही अप्रैल महीने से डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का काम किया जा रहा है। लगभग 50 हजार पारा शिक्षकों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया जा चुका है। शेष बचे शिक्षकों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए विभिन्न स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी भेजा गया है। इस दौरान छुट्टियां रहने की वजह से डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का काम पूरा नहीं हो सका है।

डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन हो जाने के बाद भी आकलन परीक्षा ली जायेगी। वैसे पारा शिक्षक, जिनके डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का काम पूरा हो चुका है, वे आकलन परीक्षा के लिए आवेदन भी कर चुके हैं। लगभग 11 हजार पारा शिक्षक ऐसे जो डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन नहीं होने की वजह से आवेदन नहीं कर सके हैं। इन्हीं के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए 15 दिनों का समय मांगा गया है। इनके डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन हो जाने के बाद जैक फरवरी में आकलन परीक्षा ले सकती है। जैक इस परीक्षा के आयोजन को लेकर पूरी तरह तैयार है। अप्रैल महीने से चल रही डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया में अब तक 300 के करीब पारा शिक्षक ऐसे हैं, जो फर्जी पाये गये हैं। कई ने तो एफआइआर होने के डर से प्रक्रिया में शामिल नहीं हुए हैं।

शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार सही सर्टिफिकेट नहीं होने की वजह से शिक्षकों ने नौकरी छोड़ दी है। ऐसे शिक्षकों को अब मानदेय का भुगतान नहीं किया जायेगा। जिन पारा शिक्षकों के सर्टिफिकेट की जांच पूरी हो गयी है और प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा उनकी संतोषप्रद सेवा की संपुष्टि कर दी गयी है, 1 जनवरी के प्रभाव से उनके मानदेय में चार फीसदी की वार्षिक बढ़ोतरी की जायेगी। पारा शिक्षकों के मानदेय में चार फीसदी की वार्षिक बढ़ोतरी पहली बार होगी।

## कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 25 रुपये महंगा

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** पेट्रोलियम कंपनियों ने 1 जनवरी को गैस सिलेंडर की नयी कीमत जारी की है। कॉमर्शियल गैस की कीमत में बढ़ोतरी की गयी है। 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत दिसंबर, 2022 में 1896.50 रुपये थी। इसकी कीमत में 25 रुपये की बढ़ोतरी हुई। झारखंड की राजधानी रांची के ग्राहकों को सिलेंडर के लिए जनवरी में 1921.50 रुपये देने होंगे। वहीं 14 किलो वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत यथावत है। रांची के ग्राहकों को घरेलू सिलेंडर के लिए 1110.50 रुपये चुकाने होंगे। इसी तरह 5 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत में भी कोई बदलाव नहीं हुआ है।


# हरियाणा के खेल मंत्री ने इस्तीफा दिया

### महिला कोच से छेड़छाड़ की एफआइआर के बाद संदीप सिंह ने पद छोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के खेल मंत्री और ओलिंपियन संदीप सिंह ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनके खिलाफ चंडीगढ़ में महिला कोच के उत्पीड़न का केस दर्ज होने का खुलासा रविवार को हुआ। इसके बाद इंडिया के पूर्व हॉकी खिलाड़ी संदीप सिंह ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से सुबह मुलाकात कर अपना इस्तीफा सौंपा। बता दें कि संदीप के खिलाफ खेल विभाग की जूनियर महिला कोच ने शिकायत की थी, जिसमें खेल मंत्री पर उसके साथ छेड़छाड़ करने और धमकी देने के आरोप लगाये गये थे। चंडीगढ़ के सेक्टर 26 पुलिस थाने में दर्ज केस में आइपीसी की धारा 354, 354ए, 354 बी, 342 और 506 लगायी गयी है।





**मेरी छवि खराब करने का माहौल बनाया :** इस्तीफा देने के बाद संदीप सिंह ने कहा कि मेरी छवि को खराब करने के लिए एक माहौल बनाया जा रहा है। एक जूनियर महिला कोच ने मेरे ऊपर आरोप लगाये हैं। नैतिकता के आधार पर मैंने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री को सौंप दिया है। इस मामले में जांच चल रही है। जब इस मामले की रिपोर्ट आयेगी, उसके बाद ही मुख्यमंत्री अगला फैसला करेंगे। जूनियर महिला कोच ने हरियाणा पुलिस के साथ ही चंडीगढ़ पुलिस में भी लिखित शिकायत की है, जिसमें कोच ने छेड़छाड़ की वारदात की तारीख 1 जुलाई 2022 बतायी। उसने मंत्री की कोठी के बाहर से लेकर सुखना लेक तक लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की मांग की है।






# ऋषभ पंत के घुटने के तीन लिगामेंट टूटे माथे पर गंभीर जख्म की सर्जरी हुई पूरी

एजेंसी

**देहरादून।** टीम इंडिया के विकेटकीपर-बैटर ऋषभ पंत के लिए अच्छी खबर नहीं है। एक्सीडेंट के बाद पंत का इलाज देहरादून के मैक्स हॉस्पिटल में चल रहा है। हॉस्पिटल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ऋषभ पंत के घुटने में गंभीर चोट है। क्लीनिकल मेडिकल एग्जामनेशन के बाद ऋषभ के घुटने के चार में से तीन लिगामेंट टूटे हुए लग रहे हैं। हालांकि, लिगामेंट की वास्तविक स्थिति का पता एमआरआइ रिपोर्ट से ही चलेगा। पंत के फोरहेड यानी माथे पर जो गंभीर जख्म थे, उनकी सर्जरी हो चुकी है। हालांकि इस बात की आशंका बनी हुई है कि दिल्ली कैपिटल्स का यह अहम प्लेयर आइपीएल 2023 में खेल सकेगा या नहीं। शनिवार को दिल्ली से देहरादून जाते समय पंत की कार का एक्सीडेंट हो गया था।



### लंदन से मिलने आयी बहन साक्षी

एक्सीडेंट के बाद पंत की बहन साक्षी लंदन से उनका हाल जानने मैक्स हास्पिटल पहुंचीं। अस्पताल में उनकी मां सरोज पंत, बहन साक्षी और साथी नितीश राणा हैं। डीडीसीए के निदेशक श्याम शर्मा, बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर और अनुपम खेर भी ऋषभ से मिलने मैक्स हॉस्पिटल पहुंचे थे।

### हाइवे के गड्ढे हादसे की वजह : धामी

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को मैक्स हॉस्पिटल पहुंचे और पंत की सेहत के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने हॉस्पिटल स्टाफ से भी लंबी बातचीत की। बाद में कहा- एक्सीडेंट हाइवे पर मौजूद गड्ढे की वजह से हुआ।

### डीडीसीए की अपील-अस्पताल न जायें

डीडीसीए के डायरेक्टर श्याम शर्मा ने पंत के फैंस और बाकी लोगों से एक अपील की। कहा- ऋषभ से मिलने जाने से बचें। इससे संक्रमण का खतरा है। उनकी सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है और हम उनकी हेल्थ अपडेट्स पर लगातार नजर बनाये हुए हैं। जय शाह खुद उनके इलाज की निगरानी कर रहे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+ | Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers | YouTube Channel | Subscribe NOW | 1st Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 51,700 रु./10 ग्राम
चांदी 72,500 रु./प्रति किलो



# चुनावी और सियासी हलचलों का साल होगा 2023

## ■ नौ राज्यों में विधानसभा चुनावों से बढ़ेगी राजनीतिक गर्मी ■ कश्मीर की वादियों में भी गूंज सकता है चुनावी बिगुल

## ■ झारखंड के राजनीतिक हालात पर भी रहेगी देश भर की नजर ■ 18वें आम चुनाव के लिए शुरू होगी राजनीतिक दलों की तैयारी

**आजाद सिपाही विशेष**

रविवार के साथ शुरू होनेवाला वर्ष 2023 दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए सियासी सरगर्मियों और चुनावों के नाम होगा। इस वर्ष देश के नौ राज्यों में चुनाव होंगे, जबकि जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव की तैयारियां हो रही हैं। 2024 के शुरू में ही लोकसभा चुनाव होने हैं, इसलिए 2023 को लोकसभा का चुनावी वर्ष भी मान सकते हैं। इसी साल लोकसभा चुनाव के रण की तैयारी भी होगी और विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनावों का भी तांता लगा रहेगा। आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश का निकाय चुनाव ओबीसी आरक्षण प्रकरण के बाद काफी अहम और चर्चित हो गया है। यह चुनाव भी 2023 में ही होना है। दिल्ली की कुर्सी समेत सबसे अधिक राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगियों की सत्ता है। इसलिए अपनी हुकूमतों को बचा पाने के लिए भाजपा के लिए आगामी वर्ष बेहद चुनौतीपूर्ण और सियासी व्यस्तता भरा होगा। दूसरी तरफ कांग्रेस और भाजपा विरोधी तमाम क्षेत्रीय दलों के लिए 2023 'करो या मरो' के संघर्ष से भरा होगा। भाजपा जैसे शक्तिशाली दल से लड़ने के लिए आगामी वर्ष में विपक्षी दलों की एकजुटता के प्रयास किसी बड़ी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होंगे। इसलिए साल 2023 किसी के लिए रहे या नहीं, भाजपा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। विभिन्न राज्यों के चुनावी नतीजे लोकसभा चुनाव के नतीजों की आहट बतायेंगे। ऐसे ही देश के कई राज्यों में कांग्रेस, भाजपा और क्षेत्रीय दलों का कॉकटेल जनाधार विधानसभा चुनावों में यह भी तय करेगा कि किस क्षेत्रीय दल का किस राष्ट्रीय पार्टी से कैसा रिश्ता है। 2023 में लोकसभा से लेकर विधानसभा चुनावों की तैयारियों की बेला में सरकारें जन कल्याणकारी योजनाओं की झड़ी से जनता को लुभाने का भरपूर प्रयास करेंगी। इसके अतिरिक्त चुनावी सियासत ध्रुवीकरण के प्रयास और भावनात्मक कार्ड खेलने का माहौल भी पैदा कर सकती है। 2023 में ही अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर का निर्माण भी पूरा हो जाने की पूरी संभावना है। इसके अतिरिक्त संभावना है कि समान नागरिक कानून पास करवा कर भाजपा चुनावों में लाभ लेने का प्रयास करे। हिंदुत्व, विकास, राष्ट्रवाद के मुद्दों और ध्रुवीकरण की बिसात की काट के बीच पिछड़ा वर्ग, आरक्षण, महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों का शोर भी 2023 में सुनाई देगा। वर्तमान में झारखंड के जो राजनीतिक हालात हैं और जिस तरह से केंद्र-राज्य संबंधों में खटास है, वैसे में यहां भी राजनीतिक शोर मचने की आशंका प्रबल है। इस तरह देखा जाये, तो 2023 का साल सियासी सरगर्मियों से भरा होगा। इन सियासी गतिविधियों पर नजर दौड़ा रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

दुनिया भर में 2023 के आगमन को लेकर खासा उत्साह है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भी इससे अछूता नहीं है। लेकिन तमाम धूम-धड़ाकों के बीच भारत में इस बात की भी चर्चा हो रही है कि यह साल पूरी तरह सियासी गतिविधियों और चुनावी बिसात का साल होगा। राजनीतिक रूप से यह साल काफी महत्वपूर्ण होनेवाला है। इसके साथ ही इस पूरे साल सियासी गर्मी बनी रहेगी, क्योंकि मध्यप्रदेश और राजस्थान समेत नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव इसी साल होंगे। इतना ही नहीं, कश्मीर में भी चुनाव की तैयारियां हो रही हैं। इसके साथ ही 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर भी सियासी बिसात इसी साल बिछनी शुरू हो जायेगी। नौ राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम तय करेंगे कि दिल्ली का सफर किस पार्टी के लिए आसान होना वाला है। ऐसे में इस साल सियासी गहमागहमी बनी रहेगी।

### पूर्वोत्तर से पश्चिम तक चढ़ेगा सियासी पारा

साल 2023 चुनावी मौसम वाला रहेगा। यह मौसम किस पार्टी के लिए खुशनुमा रहेगा, यह तो वक्त बतायेगा, लेकिन प्रत्येक राजनीतिक पार्टी के लिए इस साल हो रहे विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करना मजबूरी है, क्योंकि इससे 2024 के आसन्न लोकसभा चुनाव के लिए मजबूत सियासी पिच तैयार हो जायेगी, साथ ही जनता के बीच सकारात्मक संदेश भी जायेगा। अब देखना अहम होगा कि क्या विपक्षी दल एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ उतरते हैं या फिर कोई अलग रणनीति अपनाते हैं।

### इन राज्यों में होंगे विधानसभा चुनाव

साल 2023 में मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होनेवाले हैं। बताया जा रहा है कि जम्मू कश्मीर में भी चुनाव कराया जा सकता है। हालांकि इसको लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। साल 2023 का विधानसभा चुनाव हर पार्टी के लिए सेमीफाइनल साबित होगा। असल राजनीतिक फाइनल मुकाबला तो 2024 लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। वैसे भाजपा और कांग्रेस समेत अन्य दलों ने चुनावी मौसम को देखते हुए कमर कसनी शुरू कर दी है। राजनेताओं की उन राज्यों में सक्रियता तेज हो गयी है, जिन राज्यों में इस साल विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा इसी से जोड़ कर देखी जा रही है।

### इस साल कांग्रेस की होगी अग्नि परीक्षा

यह साल कांग्रेस के लिए राजनीतिक लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। हाल ही में आये चुनाव परिणाम में भले ही हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने वापसी की हो, लेकिन पार्टी की अन्य राज्यों में हालत बहुत अच्छी नहीं है। कांग्रेस को आगामी नौ राज्यों में होनेवाले विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत झोंकनी ही होगी और बेहतर प्रदर्शन करना होगा। हालांकि भाजपा के सामने कांग्रेस के लिए यह काम इतना आसान भी नहीं है। वैसे राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर ही देखा जा रहा है। साथ ही उन राज्यों से होकर राहुल गांधी की पदयात्रा गुजरी है, जहां पर इस साल विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। इस हिसाब से राहुल गांधी एक तीर से दो शिकार कर रहे हैं। वैसे वक्त बतायेगा कि इस पदयात्रा से कांग्रेस पार्टी को कितना नफा या नुकसान हुआ।



### गहलोत-पायलट की जंग बनी सिरदर्द

देशभर की निगाहें इस साल राजस्थान में होनेवाले विधानसभा चुनाव पर हैं। सत्तारूढ़ कांग्रेस इस राज्य में अंदरूनी कलह से जूझ रही है। भाजपा इसका फायदा उठाने के लिए टकटकी लगा कर देख रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच सत्ता के लिए संघर्ष खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। कई बार इन दोनों के बीच में समझौता कराने के लिए हाइकमान को भी सामने आना पड़ा, लेकिन उसका कोई फर्क नहीं पड़ा। राजस्थान में साल 2018 में कांग्रेस ने विधानसभा की दो सौ में एक सौ सीटें जीत कर भाजपा को सत्ता से बेदखल किया था। 2013 के चुनाव में 163 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल करनेवाली भाजपा साल 2018 में महज 73 सीटों पर ही जीत दर्ज कर पायी। इस साल फिर से भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। हालांकि सीएम अशोक गहलोत और उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलट के बीच की टक्कर खत्म न होने से कांग्रेस के लिए सिरदर्द बना हुआ है, जो कि पार्टी को नुकसान पहुंचा सकता है।

### दक्षिण के राज्यों पर भाजपा की नजर

कर्नाटक में भी इसी साल चुनाव होने जा रहे हैं। एकमात्र दक्षिणी राज्य को बचाने के लिए भाजपा अभी से तैयारी में जुट चुकी है। साल 2018 में पूर्ण बहुमत नहीं मिलने के बाद इस राज्य में खूब ड्रामे हुए थे, साथ ही जम कर बवाल भी हुआ था। त्रिशंकु विधानसभा के बाद बीएस येदियुरप्पा को राज्यपाल ने मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलायी, लेकिन बाद में बहुमत नहीं जुटा पाने की वजह से उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद कांग्रेस ने जनता दल (सेक्यूलर) के साथ गठबंधन कर एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व में सरकार बनायी। हालांकि 14 महीने बाद सत्तारूढ़ गठबंधन के एक दर्जन से ज्यादा विधायकों ने इस्तीफा दे दिया और कुमारस्वामी की सरकार गिर गयी। इसके बाद जुलाई 2019 में येदियुरप्पा के स्थान पर भाजपा ने बसवराज बोम्मई को सीएम बनाया। कर्नाटक भाजपा के लिए इस हिसाब से काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दक्षिण भारत का एकमात्र राज्य है, जहां पर भाजपा शासन कर रही है।

### तेलंगाना में भाजपा का यह है प्लान

जब से केंद्र में मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी है, तब से पार्टी हर राज्य के चुनाव को उतना ही तवज्जो देती है, जितना पार्टी शासित राज्यों में देती आ रही है। इसी कड़ी में भाजपा तेलंगाना विधानसभा चुनाव में इंट्री करने के लिए अपनी रणनीति तैयार कर रही है। मौजूदा वक्त में तेलंगाना के गठन के बाद से चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली तेलंगाना राष्ट्र समिति सत्ता पर काबिज है। भाजपा यहां पर पैठ बनाने की कोशिश कर रही है। वैसे केसीआर मोदी को टक्कर देने के लिए केंद्र की राजनीति में काफी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। भारत राष्ट्र समिति के रूप में अपनी पार्टी को उन्होंने फिर से लांच किया है। भाजपा भी केसीआर को राज्य में कड़ी टक्कर देने के लिए जमीन पर उतर रही है। ऐसे में देखना होगा कि साल 2023 विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस का प्रदर्शन कैसा होगा।

### छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश में कांग्रेस फिर बनना चाहेगी सबसे बड़ी पार्टी

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने पिछले चुनाव में भाजपा के 15 साल के राज को खत्म करते हुए 90 सदस्यीय विधानसभा में 68 सीटें जीत कर प्रचंड बहुमत हासिल किया था। भाजपा को सिर्फ 15 सीटें मिली थीं। हाल ही में हुए भानुप्रतापपुर उपचुनाव में भी सत्तारूढ़ कांग्रेस ने सीट बरकरार रखी। वहीं मध्यप्रदेश में 2018 में विधानसभा चुनाव के बाद एक बड़ा राजनीतिक नाटक देखा गया, जब कमलनाथ भाजपा के 15 साल के शासन को खत्म कर मुख्यमंत्री बने। हालांकि, शिवराज सिंह चौहान दो साल बाद सत्ता में लौट आये। दिग्गज नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस के 22 मौजूदा विधायकों ने भाजपा में शामिल होकर कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। अब इन दोनों राज्यों में भी 2023 चुनावी साल है। कांग्रेस की चाहत इन दोनों राज्यों में वापसी की होगी, जबकि भाजपा इन राज्यों में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। यह झकझूमर काफी दिलचस्प होनेवाला है।

### झारखंड पर भी रहेगी देश की नजर

यों तो झारखंड में 2024 लोकसभा चुनाव से पहले विधानसभा चुनाव नहीं है और यहां हेमंत सोरेन सरकार के नेतृत्व में बहुमत वाली सरकार चल रही है। संख्या बल के हिसाब से भाजपा आसपास भी नहीं है। इसके बावजूद मौजूदा राजनीतिक हालात को लेकर झारखंड चर्चा में है। जिस तरह से भाजपा ने अवैध खनन और मनरेगा घोटाले को लेकर सरकार को घेरा है और जिस तरह से यहां इन मामलों में केंद्रीय जांच एजेंसी इडी सक्रिय हुई है, वैसे भी खुद सत्ता दल के लोग यह मान कर चल रहे हैं कि यहां कुछ भी हो सकता है। अपने तीन साल के शासन काल को पूरा करने के वक्त मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मीडिया के समक्ष मुखातिब होते हुए यह कहा कि हो सकता है भाजपा हमें जेल भी भेज दे, लेकिन उसकी हमें चिंता नहीं है। हम जेल से भी भाजपा का सूपड़ा साफ कर देंगे। राजनीतिक समीक्षकों का मानना है कि 2023 में झारखंड में राजनीतिक धमाका हो सकता है। केंद्रीय जांच एजेंसियां कोई भी कदम उठा सकती हैं।

### 2024 की तैयारियों में जुटेंगे दल

इसके अलावा 2024 के आम चुनाव की तैयारियां भी इसी साल शुरू होंगी। 2014 और 2019 में प्रचंड बहुमत हासिल कर चुकी भाजपा का पूरा दारोमदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर होगा, जबकि विपक्ष अब तक बिखरा हुआ नजर आ रहा है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के खत्म होने के बाद कांग्रेस की तैयारियां जोर पकड़ेंगी, ऐसे कयास लगाये जा रहे हैं। उधर बिहार और झारखंड में भी इस साल खासी सियासी सरगर्मी रहने के आसार हैं।

# कन्या राशि 2023 का वार्षिक राशिफल: विशेष उन्नति और भाग्योदय होगा

**नया साल 2023 का आगाज हो चुका है। नया साल 2023 सभी के लिए नयी उम्मीदें, नये सपने, नया लक्ष्य और चुनौतियों से रूबरू होने का साल होगा। नया साल 2023 सभी के जीवन में ढेर सारी उम्मीदें लेकर आने वाला वर्ष होगा। सभी यह सोचते हैं कि बीते साल जो हमारे काम अधूरे रह गये हैं, वे आने वाले नये साल में जरूर पूरे हों। नये साल पर करियर में एक नया मुकाम हासिल हो, जीवन में पैसे से संबंधित सभी तरह की बाधाएं आने वाले साल में न रहें और अपनों का प्यार नये साल में मिलता रहे ऐसी उम्मीदें रखते हैं। हम सभी लोगों के मन में आने वाले नये साल में नौकरी, बिजनेस, धन-दौलत, ऐशोआराम, शिक्षा, प्यार और सेहत कैसा रहेगा, इस बात को जानने की उत्सुकता हमेशा रहती है। इन सभी सवालों के जवाब को जानने के लिए ज्योतिष शास्त्र के माध्यम से वार्षिक राशिफल की मदद ली जाती है। वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर ज्योतिषाचार्य डॉ एनके बेरा हमें बता रहे हैं कि सभी 12 राशियों के लिए नया वर्ष 2023 कैसा रहने वाला होगा**



ज्योतिषाचार्य डॉ एनके बेरा

## कन्या राशि

इस वर्ष 2023 में ग्रहों की स्थिति आपको बौद्धिक विकास और विस्तार देगा। सामान्य तौर पर शांत वातावरण आपके आर्थिक, पारिवारिक एवं करियर में विशेष उन्नति होगी। दूसरों की मदद करने में जरा भी संकोच न करें। इस वर्ष भाग्योदय होगा। वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

आपकी राशि कन्या कालचक्र की छठी राशि है। यह राशि पृथ्वी तत्व, सत्वगुण, द्विस्वभाव एवं बुध ग्रह से प्रभावित होती है। आपकी राशि का प्रतीक चिह्न कन्या है जो यथार्थ कार्य से संबंधित है।

**ज्योतिषात्मक परिचय**

कन्या राशि को राशि चक्र में 151 से 180 अंश तक का राशि क्षेत्र प्राप्त है। इस राशि में उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र के 3 चरण (टो,पा,पी),हस्त नक्षत्र के 4 चरण (पू,ष,ण,ठ) एवं चित्रा के 2 चरण (पे,पो) से मिलकर बनी है.इस राशि में 15 अंश तक बुध उच्च और 27 अंश तक शुक्र नीच का होता है। बुध इसमें 16 से 20 अंश तक मूल त्रिकोण एवं 21 से 30 अंश तक स्वराशि का होता है। राहु ग्रह भी इसमें स्वराशि का होता है। भारतीय मतानुसार 17 सितंबर से 16 अक्टूबर सूर्य कन्या राशि में रहता है। सूर्य मत से राशि निर्धारम करने वाले इस अवधि में जन्म लेनेवाले जातक को कन्या राशि मानते हैं।

**आपका स्वभाव एवं व्यक्तित्व- आप पुरुष हैं तो-**

आप स्वभाव से मधुर एवं व्यवहार कुशल होते हैं। आप बुद्धिमान, चतुर तथा विपत्तियों में साफ बच निकलते हैं। आप शंकालु स्वभाव एवं विश्वास की कमी के कारण कई परेशानियां उठाते हैं। आपका स्वभाव स्पष्ट न होकर रहस्यमयी होता है। आप अपने जीवन को व्यवहारिकता में जीना चाहते हैं।

**आप स्त्री हैं तो-**

आप अच्छी मित्र, अच्छी पत्नी एवं अच्छी माता सिद्ध होती हैं। आप विनयशील, व्यवहार कुशल, सादे स्वभाव की एवं सभी प्रकार का सुख एवं सौभाग्य प्राप्त करती हैं। जीवन में संतुलन और एक व्यवस्था बनाये रखती हैं। घर-बाहर सर्वत्र सम्मानित होती हैं। आपका न कोई शत्रु है और न कोई मित्र। शंकालु एवं अविश्वासी प्रवृत्ति के कारण परेशान रहती हैं

**आपके जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष-**

आपका भाग्योदय 25वें वर्ष में होगा। आपकी उम्र के 22, 25,





33, 42, 48, 54 वें वर्ष में विशेष परिवर्तन, उन्नति एवं भाग्योदय हो सकता है। उम्र के 32 से 36 वर्ष के मध्य विशेष उन्नति करेंगे।

**करियर-**

अपने करियर में इस साल आप नये अवसरों के साथ आगे बढ़ सकते हैं। कारोबार या नौकरी में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए अप्रैल से जून तक समय उपयुक्त है। अपनी योजनाओं को सही दिशा देने में सफल होंगे। शिक्षा, नौकरी और व्यवसाय की दृष्टि से यह वर्ष 2023 सामान्य से कुछ उत्तम ही रहेगा। जितना श्रम आप करेंगे, वैसा ही परिणाम आपको मिलेगा।

**आपका प्रेम एवं वैवाहिक जीवन**

प्रेम व रोमांस की दृष्टि से वर्ष का पूर्वाद्ध विशेष रूप से अनुकूल है। अपने से बहुत अधिक उम्र वाले के साथ भी रोमांस हो सकता है। प्लटोनिक लव भी आपके मन मस्तिष्क पर सवार हो सकता है। अविवाहित युवक-युवतियों का मनचाहा विवाह कर सकेंगे। आपका वैवाहिक जीवन अनुकूल रहेगा। आप में प्रेम के साथ उत्तरदायित्व की भावना रहती है। आप अपने जीवन साथी को प्रसन्न करने में प्रसन्नता का अनुभव करते हैं। आपका कर्क, वृश्चिक एवं मीन राशि वालों से मधुर संबंध रहता है। मेष, सिंह और धनु राशि वालों से भी अच्छी निभती है। मिथुन, तुला एवं कुंभ राशि वालों से विरोध रहता है।

**आपका रोजी-रोजगार-व्यवसाय**

आप इंजीनियर, मनोवैज्ञानिक, लेखक, संपादक, गणितज्ञ, औषधिवेत्ता, पत्रकार, प्रकाशक, अध्यापक, कलाकार, कारीगर, पेंटर, कंपोजीटर, नेता, संगठन कर्त्ता, वकील, वैद्य, पर्यटन विभाग, कपड़ा व्यवसाय, डाक्टर आदि कार्य करके धन अर्जित कर सुख-समृद्धि का जीवन-यापन कर सकते हैं।

**हेल्थ**

2023 के पूरे वर्ष सामान्य रूप से सेहत अनुकूल रहेगा। एक दो दिन के सर्दी-जुकाम या वाइरल फीवर से ग्रस्त हो सकते हैं। कन्या राशि के महिलाओं को इस वर्ष के मध्य में दुर्घटना से बचाव जरूरी है। खासतौर रसोईघर और स्नानगृह में पूर्ण सजग रहें। शारीरिक स्वच्छता का विशेष रूप से ख्याल न रखने पर त्वचा रोग हो सकता है।

**फाइनेंस**

इस साल आपकी आर्थिक स्थिति काफी संतुलित रहेगी। आय में वृद्धि होगी। आकस्मिक लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। वाहन की खरीदारी की संभावना। गृह निर्माण की दिशा में सफलता मिलेगी। व्यवसाय से जुड़े कन्या राशि के जातकों के लिए यह वर्ष विशेष रूप से लाभदायक रहेगा।

**सफलता के लिए ध्यान दें**

**1.एस्ट्रो टिप्स-**

आपको अत्यधिक स्वार्थ से बचना चाहिए। निज लाभ के साथ-साथ दूसरों के लाभ को भी महत्व दें। उन्नति के अनेक अवसर मिलेंगे। आपके लिए बुधवार, रविवार एवं शुक्रवार शुभ दिन है। हरा, पीला रंग शुभ है। पॉकेट में हरा रूमाल रखें। बुधवार को श्रीगणपति एवं श्रीलक्ष्मी-नारायण की उपासना सदैव लाभकारी है।

**2.वास्तु टिप्स-**

आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए घर और ऑफिस में स्फटिक के श्रीयंत्र तथा वास्तुदोष निवारण यंत्र स्थापित करें। **(जारी...)**

**आप में गुण हैं-**

- बहुमुखी प्रतिभा एवं सर्वगुण संपन्नता के कारण हर क्षेत्र में अपना एक विशिष्ट स्थान बना लेते हैं।
- आप बातों-बातों में दूसरे को अपना बना लेते हैं।
- आप विपत्तियों में घबराते नहीं हैं। बुद्धिचातुर्य के बल पर स्वयं को बचा लेते हैं।
- पारिवारिक एवं सांसारिक कार्यों में विशेष रूचि रखते हैं।
- परिस्थिति के अनुरूप स्वयं को ढाल लेने में सक्षम हैं।

**इस वर्ष 2023 की निम्नलिखित समयावधियां विशेष उन्नति कारक हैं-**

- 4 फरवरी से 13 मार्च तक का समय।
- 5 जून से 15 जुलाई तक का समय।
- 16 जुलाई से 16 अगस्त तक का समय।
- 14 नवंबर से 14 दिसंबर तक का समय।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.7 °c | 10.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.13 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.30 बजे |



## मौज-मस्ती : राजधानीवासियों ने हर्षोल्लास के साथ किया नये साल 2023 का स्वागत

# मंदिरों और आसपास के पिकनिक स्थलों पर उमड़ा हुजूम


मेन रोड काली मंदिर में उमड़े भक्त


पहाड़ी मंदिर में आस्था का सैलाब

### शहर और शहर से सटे इलाके में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में लोगों ने नये साल का स्वागत हंसी-खुशी से किया। पहली जनवरी की शुरुआत लोगों ने मंदिरों में पूजा पाठ के साथ की। सुबह से ही राजधानी रांची के मंदिरों में भारी भीड़ देखी गयी। रातू रोड इलाके में मौजूद ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में तड़के पांच बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। यहां पूजा पाठ का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा। इसके साथ ही मेन रोड स्थित संकट मोचन मंदिर, चर्च रोड स्थित दक्षिणेश्वर काली मंदिर, बंगलामुखी मंदिर में भी लोगों का तांता लगा रहा। शहर का शायद की कोई मंदिर हो जहां लोग सुबह से ही पूजा-अर्चना को न उमड़े हों। धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मंदिर में सुबह की महापूजा के बाद से ही आमजन के लिए मंदिर का द्वार खोल दिया गया था। वहां भी लोगों ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के दर पर सिर झुका कर नये साल के बेहतर बीतने की कामना की।


पतरातू घाटी में वाहनों की कतार

सभी फोटो : प्रदीप ठाकुर।

### पिकनिक स्पॉट पर उमड़ा हुजूम

वहीं एक जनवरी के स्वागत से पहले 31 दिसंबर की रात रांची के होटलों, हॉल और रेस्तरां में लोगों ने जम कर मस्ती की। कहीं कपल इंट्री तो कहीं पारिवारिक प्रोग्राम आयोजित किये गये, जहां लोगों ने खूब मस्ती की। नये साल के स्वागत में निजी होटलों में भी रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देर रात तक पार्टी चलती रही। इससे पहले शनिवार को भी पिकनिक स्पॉट पर भारी भीड़ देखी गयी। रांची के आसपास के क्षेत्रों में अवस्थित पिकनिक स्पॉट पर रविवार की सुबह लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। यहां समूह में लोग आये थे और खाने-पीने का इंतजाम भी यहां किया था। कोई घर से खाना बना कर लाया था, जो कोई यहां पर खाना बना रहा था। डीजे की धुन पर नौजवानों की टोली थिरकती दिखी। कुल मिला कर साल 22 की विदाई और 23 का स्वागत का दस्तूर एक साथ मिलने से खुशी दोगुनी देखी।

### पार्कों में परिवार संग समय बिताया

वहीं अगर बात मौसम के मिजाज की करें तो रविवार को सुबह से ही राजधानी का मौसम सुहाना था। लोगों ने शहर के पार्कों में दोपहर बाद से अपना समय परिवार के साथ गुजारा। कांके डैम, सिद्धू-कान्हू पार्क, कांके डैम पार्क, मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क, डोरंडा स्थिति श्रीकृष्ण सिंह पार्क समेत धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम, रूक्का डैम में लोगों की खासी भीड़ देखने को मिली। रांची से सटे इलाके की बात करें तो टैगोर हिल, साइंस सिटी, रिंग रोड और पतरातू घाटी में भी लोग बड़ी संख्या में परिवार के साथ दिखे। पतरातू घाटी का आलम तो ऐसा है मानों जाम लगा हुआ है। लोगों की संख्या को देखते हुए शहर और शहर से सटे इलाके में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। सड़कों पर पुलिस बल की गश्ती चल रही थी। वहीं लोग छोटे फूड आउटलेट्स और रेस्टूरेंट में भी परिवार वालों के साथ समय बिता रहे थे।


मोरहाबादी में लगा खादी मेला

### खादी मेले का भी उठाया आनंद

पिकनिक स्पॉट और पार्क के साथ ही लोग मोरहाबादी में लगे खादी और सरस मेले का भी आनंद ले रहे थे। यहां सुबह 10 बजे से मेले की ओपनिंग होते ही लोगों और युवाओं की भीड़ आने लगी। खादी मेले में लगाये गये फूड कॉर्नर में लोगों की भीड़ नजर आयी। लोग स्थानीय व्यंजनों को खूब पसंद कर रहे थे। साल का पहला दिन होने और रविवार होने की वजह से काफी संख्या में खादी मेले में लोग आये।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** लोकप्रियता का विस्तार, अधूरा कार्य पूरा होगा, उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।
- **वृष** जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा, आर्थिक लाभ।
- **मिथुन** गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।
- **कर्क** भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।
- **सिंह** धैर्य और साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।
- **कन्या** आपके धैर्य, गंभीरता एवं सहनशीलता से परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।
- **तुला** आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे, पारिवारिक दायित्व में खर्च अधिक करेंगे।
- **वृश्चिक** रोजी-रोजगार में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।
- **धनु** किसी बृहद योजना को साकार करने में कई लोगों का साथ मिलेगा।
- **मकर** साहसिक कार्य में सफलता, विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा
- **कुंभ** परिस्थितियों में सुधार,व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **मीन** स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने मां छिन्नमस्तिके का किया दर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रविवार को मां छिन्नमस्तिके का दर्शन कर राज्य की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। साथ ही उन्होंने राज्यवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। ठाकुर ने कहा कि हर वर्ष मां की प्रार्थना करने हम लोग यहां आते हैं। उन्होंने कहा कि मां से प्रार्थना की है कि राज्य में शांति बहाल रहे। हर घर में समृद्धि आये।

# सीएम हेमंत सोरेन से अधिकारियों ने की मुलाकात, दी शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नववर्ष के मौके पर सीएम हेमंत सोरेन ने सबों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सबों के जीवन में खुशियां आने की कामना व्यक्त की है। साथ ही कहा है कि यह साल अमर वीर शहीदों के सोना झारखंड के सपने को साकार करने की शक्ति हम सबों को मिले। नये वर्ष की शुरुआत के मौके पर रविवार को सीएम से कांके रोड स्थित सीएम आवासीय कार्यालय में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह समेत रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के कुलपति पीआर के नायडू, प्रधान सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव केके सोन, प्रधान सचिव आराधना पटनायक, एडीजी प्रशांत कुमार सिंह, रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी रांची किशोर कौशल ने मुलाकात की। सभी ने मुख्यमंत्री को नव वर्ष की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री ने भी सभी को नववर्ष की बधाई और मंगलकामनाएं दीं।





## कार्निवाल 2023 : नये वर्ष के अवसर पर एक्वा वर्ल्ड में भारी भीड़ उमड़ी

# मोनोटोन बैंड ने अपने गीतों से लोगों को झूमने को मजबूर किया

- 'जोरू का गुलाम' कंपटीशन में पतियों ने पत्नियों की जूतियों को अपने रुमाल से चमकाया
- सीनियर सिटीजनों ने भी 'बुड्ढा होगा तेरा बाप' की धुन पर जमकर रैंप वॉक किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड के द्वारा आयोजित किये जा रहे कार्निवाल 2023 में नव वर्ष के अवसर पर भारी भीड़ उमड़ी। पिकनिक मनाने वालों का सुबह से आना जारी रहा। लोगों ने आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का भरपूर आनंद उठाया। आज का मुख्य आकर्षण मोनोटोन बैंड की लाइव प्रस्तुति थी। बैंड ने रेट्रो और पॉप गीतों से लोगों को झुमा दिया। इसके अतिरिक्त आज पब्लिक डिमांड पर चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन का फिर से आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न राउंडों में लगभग 800 लोगों ने हिस्सा लिया।

कार्निवल में सबसे ज्यादा ठहाके तब लगे जब जोरू का गुलाम कंपटीशन में पतियों को स्टेज पर अपनी पत्नियों की जूतियां को चमकाने बुलाया गया। नया वर्ष का मूड था। पतियों ने भी अपने रूमालों से जूतियों की खूब सफाई कर दी। आज सीनियर सिटीजंस के लिए भी रैंप वॉक रखा गया था। बुजुर्गों ने भी 'बुड्ढा होगा तेरा बाप' की धुन पर रैंप वॉक करके दिखा दिया कि वे भी किसी से कम नहीं हैं। बच्चों ने अपने दादा-दादी को रैंप पर देख कर खूब तालियां बजायीं। परवेज कुरैशी ने अपने मिमिक्री से लोगों का खूब मनोरंजन किया।

निदेशक सत्यप्रकाश चंदेल ने बताया कि 2 जनवरी को कार्निवल का शाम 7:30 बजे समापन हो जायेगा। 2 जनवरी के मुख्य आकर्षणों में लाइव डीजे 'उदय देवा' का परफॉर्मेंस रहेगा। सबसे बड़ा झूठा कौन, खईके पान बनारस वाला, बेस्ट आउटफिट कंपटीशन (थीम - ब्लैक कलर), आदि का भी आयोजन होगा।









### आज के परिणाम

- बेस्ट न्यू ईयर रेजोल्यूशन-आयुषी, कुंज, नंदिनी
- जोरू का गुलाम - सारे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया
- लाइव रिर्पोटिंग-प्रीतम
- बेस्ट इंस्टाग्राम रील - रोहित
- सेल्फी टाइम -शिवांगी
- बुड्ढा होगा तेरा बाप - महेश चौधरी

**कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वालों में प्रमुख हैं-** एक्वा वर्ल्ड ग्रुप चेयरमैन प्रतुल शाहदेव, को चेयरमैन डॉ विद्या झा, निदेशक सत्यप्रकाश चंदेल, शुभोजित, बिट्टू ,गौरव अग्रवाल, रवि सिंह, सुमित, धीरज, संतोष, लोकेश, श्वेता ईशा वर्मा, चंदन, अंजू, संगीता, शीतल, अमीषा, नंदनी, सपना, मुस्कान, रिया, कोमल, अमीषा तान्या, कोमल सिंह, अदिति, आकृति, शालू, श्वेता, कोमल पांडा, जया, पूजा, श्रृष्टि, खुशबू, प्रिया।

## खरसावां गोलीकांड की 75वीं बरसी : शहीद स्थल पर पहुंचे अर्जुन मुंडा

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**खरसावां।** खरसावां गोलीकांड की 75वीं बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। शहीद स्थल पर पहुंच कर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और राज्य के मंत्री चंपई सोरेन समेत कई नेताओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। खरसावां के इस ऐतिहासिक शहीद स्थल पर राज्य के कोने-कोने से भी पहुंच कर लोगों ने खरसावां गोलीकांड में मारे गये शहीदों को श्रद्धांजलि दी। आपको बता दें कि 1 जनवरी 1948 को खरसावां गोलीकांड की घटना हुई थी। यह आजाद भारत के इतिहास का सबसे भीषण गोलीकांड था, जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपनी जान गंवायी थी। आदिवासी नेता जयपाल सिंह ने सरायकेला- खरसांवा को ओड़िशा में विलय करने के विरोध में खरसांवा हाट मैदान में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया था। इसमें हजारों लोग पहुंचे थे। जनसभा को देखते हुए वहां भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था। इस सभा में किसी कारणवश जयपाल सिंह नहीं पहुंच पाये। इस बीच जनसभा में पहुंचे लोगों और पुलिस के बीच विवाद हो गया, जिसके बाद गोलियां चलीं, जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपनी जान गवां दी थी।



## मौसम : पूरे हफ्ते छाये रहेंगे बादल

# सतर्क रहें, अभी और बढ़ेगी कनकनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में कनकनी और बढ़ेगी। मौसम विभाग की मानें तो राजधानी रांची समेत पास के जिलों में पूरे हफ्ते आंशिक बादल छाये रहेंगे।

रात के तापमान में अगले तीन से चार दिनों में (2-3) डिग्री की वृद्धि हो सकती है। बादल छंटते ही रात के तापमान में भी कमी आयेगी और कनकनी बढ़ेगी। मौसम विभाग की मानें तो 7 जनवरी तक मौसम ऐसा ही रहेगा। दिन में बादल छाये रहेंगे। इस दौरान अधिकतम तापमान 23 से 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 से 12 डिग्री रहने की संभावना है।



# नववर्ष पर पिकनिक स्पॉटों पर उमड़ी सैलानियों की भीड़





आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** नये साल के आगमन पर हजारीबाग के सभी पर्यटन स्थल और पिकनिक स्पॉट पर लोग परिवार और मित्रो संग पिकनिक मनाने पहुंचे। इस दौरान लोगों की भिड़ उमड़ पड़ी। लोग एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई देते रहे। शहर के झील, स्वर्ण जयंती पार्क कैफेटिरिया, निर्मल महतो पार्क, कैनरी हिल, सिलवार पहाड़, छड़वा डैम के साथ नेशनल पार्क, सलफर्नी समेत अन्य स्थानों पर भी पिकनिक मनाने वालों की दिन भर भिड़ लगी रही। झील और कैनरी हिल लोगों का खास पसंदीदा जगह बन चुका है। यहां महिला पुरुष और बच्चे काफी खुश दिख रहे थे। कही लोग खाना बना रहे थे तो कही बना बनाया खाना खा रहे थे। साथ ही युवा डीजे की धुन पर थिरकते दिखे। शाम होते ही लोग अपने अपने घर लौटते दिखे।

## पुलिस प्रशासन दिखी मुस्तैद

पिकनिक स्पॉट के अलावे सड़को पर पुलिस मुस्तैद दिखी। एसपी मनोज रतन चौथे, सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति, मुख्यालय डीएसपी राजीव कुमार, सदर थाना प्रभारी गणेश सिंह, लोहसिंघना थाना प्रभारी अरविंद सिंह, पेलावल थाना प्रभारी अभिषेक सिंह, कोर्रा प्रभारी उत्तम तिवारी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी और यातायात पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद दिखे।

## मुर्गा खस्सी मछली और शराब की बिक्री जोरों पर

**चरही (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय से चरही कोईलंचल व बरगहियां में एक जनवरी मनाने को लेकर चौक हुआ सुनशान। आवश्यक दुकाने छोड़ सभी रहे बंद। वहीं एक जनवरी के खुशी में मुर्गा मछली व खस्सी तथा शराब की बिक्री जोरों पर रहा। बता दें कि दिसम्बर माह 2022 गुजरने के साथ 2023 जनवरी आगमन होते हीं क्या बुजुर्ग क्या नौजवानों में उमंग भर जाता है पहला वर्ष की पहली तारिख को उत्साह मनाने को लेकर ।जिसमें उत्साह में उमंग भरने को लेकर तरह तरह के लजीज खाने पकाने के लिए लोग घरों से निकल कर जंगलों व नदियों तथा झरनों डीजे के साथ सैर सपाटा करते जगहों जगहों पर देखा गया और नये वर्ष का शुभारंभ को खुशी के साथ आनंद लिया । लोगों का मानना है कि नये वर्ष के पहली तारीख यदि खुशी से गुजरेगी तो पूरे वर्ष खुशी से गुजरेगी। हालांकि नये वर्ष के उमंग में कोई घटना ना हो इसके लिए चरही थाना प्रभारी व दल बल चप्पे चप्पे मुस्तैद देखा गया ।हलाके क्षेत्र में कोई भी अप्रिय घटना का कोई पुष्टि नहीं हुई है।

## संगम ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ नववर्ष मनाया

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** नव वर्ष पर सागर भक्ति संगम के तत्वधान में स्थानीय स्वर्ण जयंती पार्क में जन सेवा संकल्प के साथ बहुत ही हर्षोल्लास से नववर्ष मनाया। इस अवसर पर संगम के सदस्यों ने एक दूसरे को पुष्प गुच्छ प्रदान कर नववर्ष की बधाई दिया। सदस्यों ने विश्व शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। सदस्यों ने आजीवन जनसेवा एवं समाज में व्याप्त कुरीति को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। सभा का शुभारंभ कवि गोपी कृष्ण सहाय पांडेय की नव वर्ष पर लिखित कविता के पाठ से हुआ। अध्यक्षता करते हुए संगम के संयोजक विजय केसरी ने कहा कि आज की बदली परिस्थिति में लोगों को भेदभाव मिटाकर भाईचारे की गांठ को मजबूत करने की जरूरत है। हर वर्ष नव वर्ष का पहला दिन एक संकल्प के रूप में लोगों के समक्ष उपस्थित होता है। आपका दृढ़ संकल्प ही आपको मह महान बनाता है। योगेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि नव वर्ष मिलने और मिलाने का दिन है। समाज के हर लोगों को चाहिए कि आपसी मतभेद मिटाकर दोस्ती की नयी शुरूआत करें, सच्चे अर्थों में नववर्ष यही है। समाज सेविका सीता देवी ने कहा कि भजन के गायन से स्वयं का चित आनंद से भर जाता है। सुनने वाले भी आनंदित हो जाते हैं। नव वर्ष आनंद देने और आनंद लेने का दिन है। केबी. विमेंस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य विनय प्रसाद ने कहा कि आज बुढ़े माता-पिता को वृद्धाश्रम में क्यों रहना पड़ रहा है? नव वर्ष पर हम सबों को अपने अपने रिश्ते में सुधार लाने के संकल्प लेने की जरूरत है। पूर्व शिक्षिका उषा सहाय ने कहा कि नव वर्ष के नाम पर जिन चीजों को परोसा जा रहा है, यह अच्छी परंपरा की शुरूआत नहीं है। पूर्व कार्यपालक अभियंता शंभू शरण सिंह ने कहा कि जीवन को ईमानदारी पूर्वक जिएं। आज इमानदारी और कर्तव्यपराण्यता का संकल्प लेने की जरूरत है। कवि गोपी कृष्ण सहाय पांडेय ने कहा कि ईश्वर की दी हुई इस ऊर्जा का खर्च इमानदारी, जन सहयोग दूसरे की भलाई मैं खर्च करते तो विश्व की धरती स्वर्ग बन जाती। इन वक्ताओं के अलावा संजय खत्री, पप्पू गुप्ता, अशोक गुप्ता, सनी, जयप्रकाश गुप्ता, सुरेश मिस्त्री आदि ने भी अपने अपने जीवन के अनुभवों से लोगों को अवगत कराया।



## लोगों ने हर्षोउल्लास के साथ मनाया नववर्ष

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने नववर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया। लोगों ने शनिवार के अहले सुबह एक दुसरे को नये साल की बधाई दी। बरकट्ठा के विभिन्न स्थानों में लोगों की भीड पिकनिक मनाने सपरिवार पहुंचे। कोरोना को लेकर युवाओं में किसी तरह का कोई भय नहीं दिखा।` पिकनिक स्पॉट पर युवाओं कि टोली ने डीजे की धुन पर नाच गाकर नव वर्ष का जमकर जश्न मनाया। पर्यटक स्थल सुर्यकुंड में दुर दराज इलाकों से बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने जुटे। लोगों का सुर्यकुंड एवं अन्य पिकनिक स्पॉट पर आना शुरू हो गया था। सुर्यकुंड के अलावे पतालसुर नदी तट, बेलवा नदी घाट, बरसोती नदी घाट, निशनलगवा पहाडी झरना समेत अन्य स्थानों में लोगों की काफी भीड देखीं गई। नव वर्ष पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी, मुखिया प्रमिला देवी,पूर्व प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, भाजपा नेता केदार साव, पंसस प्रिती गुप्ता ने लोगों को शुभकामनाएं दी।

## नव वर्ष के आगमन में झूमा प्रखंड शांति के साथ बीता नववर्ष का पहला दिन, पिकनिक स्पॉट पर रही भीड़



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में 2023 के आगमन को लेकर पूरा प्रखण्ड जश्न में डुबा है वर्ष 2022 को विदा करके नव वर्ष का अपने अपने परिवार, दोस्तो के साथ पिकनिक कर नव वर्ष मना रहे है चहूंओर डीजे की धुन से प्रखंड के लोग थिरक रहे है प्रखंड क्षेत्र के झरपो सिवाने नदी, कारिचट्टान धाम, खैरा के सिझुया जल प्रपात, टाटीझरिया के चुनागढ़, बौधा डेम डोभी नदी में अपने दोस्तो और अपने अपने परिवार के साथ पिकनिक मना रहे है। नववर्ष की मंगलकामना एक दूसरे को दे रहे है। इधर सुबह से ही अपने अपने परिवार एवम दोस्तों के साथ पूजा करने के लिए मंदिर गये मंदिरों में भीड़ देखने को मिल रही है। पूजा अर्चना कर नववर्ष में सभी की मनोकामना पूर्ण हो भगवान से प्रार्थना किया। प्रखंड क्षेत्र के खैरा, झरपो, भराजो, डहरभंगा टाटीझरिया, बेडम, धर्मपुर, डूमर पंचायत के लोगों को प्रखंडवासी को जनप्रतिनिधि एवम प्रतिनिधि ने नव वर्ष की शुभकामनायें दी है। इधर पिकनिक स्पॉट पर टाटीझरिया थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार दलबल के साथ घूमते नजर आये।

## झील परिसर में नो प्लास्टिक जोन बनाने में मदद करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता,स्वास्थ्य एवं पर्यावरण समिति के द्वारा झील परिसर में कैफिटेरिया के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीराबेन की आकस्मिक निधन हो जाने पर पीपल का पेड़ लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं झील परिसर में प्लास्टिक का उपयोग ना करने के लिए नो प्लास्टिक जोन बनाने में मदद करने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया गया। मौके पर अध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि पूरे झील परिसर में नो प्लास्टिक जोन बनाने के लिए प्लास्टिक का बहिष्कार करने के लिए स्वच्छता स्वास्थ्य एवं पर्यावरण समिति अभियान चलायेगी और जागरूक करेगी। सचिव शैलेश चंद्रवंशी ने बताया कि आज हमारी संस्था ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माता हीरा बेन का आकस्मिक निधन पर पीपल का पेड़ लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की है। मोके पर समिति के अध्यक्ष अरूण कुमार वर्मा,सचिव शैलेश चंद्रवंशी,उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष मेहुल खंडेलवाल,मीडिया प्रभारी हितेश रंजन, बिट्टू राज, आर्टिस्ट टिंकू,सुमित किशोर,डूंगरमल जैन, दिनेश नाटानी, निशांत बबलू, हर्ष सिन्हा, मनीष चंद्रिका, सुभाष सेन आदि सदस्य उपस्थित थे।

## राम और कृष्ण ने जो कार्य अपने युग में किया वही कार्य आरएसएस कर रहा: क्षेत्रीय प्रचारक

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का 7 दिवसीय प्राथमिक वर्ग का समापन सामूहिक समता प्रदर्शन, सूर्य नमस्कार, योग प्रदर्शन के साथ हुआ। सात दिवसीय प्रशिक्षण में कोडरमा जिले के 55 मंडल के अंतर्गत 44 मंडल से 209 स्वयं सेवकों ने बांझेडीह केटीपीएस परिसर स्थित एंजल्स हाइ स्कूल में हिस्सा लिया। उदघाटन से लेकर समापन सत्र में कई प्रतियोगिताए भी आयोजित हुई। प्राथमिक वर्ग में झुमरी तिलैया, कोडरमा डोमचांच, मरकच्चो सतगावॉ, चंदवारा बरही, बरकटठा के स्वंय सेवक शामिल हुए। और व्यक्तित्व निर्माण के अलावा शारीरिक अभ्यास, बौद्धिक, प्रातः जागरण एवं एक-एक प्रतिदिन अभ्यास नियमित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। प्रतिदिन विशेष विषय पर अधिकारियों ने अलग-अलग बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। बौद्धिक कार्यक्रम में प्रांत के क्षेत्र प्रचारक रामनवमी ने संघ के कार्य को ईश्वर का कार्य पर बौद्धिक देते हुए कहा कि भगवान राम और भगवान कृष्ण ने अपने युग में जो कार्य किया वही कार्य कलयुग में आरएसएस कर रहा है। प्रांत संघचालक सचिचदानंद अग्रवाल ने भगवा ध्वज पर बौद्धिक देते हुए कहा कि भगवा ध्वज अखंड भारत का प्रतीक है और यह आदि-अनादि से सनातन संस्कृति का पथ प्रदर्शक रहा है। इसलिए आरएसएस ने भगवा ध्वज को गुरु के रूप में स्वीकार किया है। प्रात संघचालक संजय आजाद ने वर्ग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ग एक साधना स्थली है। 7 दिन यहां स्वयंसेवक संघ को समझकर हिन्दू संगठन का गढ़ने का मूल मंत्र लेता है। विभाग प्रचारक आशुतोष कुमार ने संघ के केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ हेडगेवार जन्मजात देश भक्त थे। आजादी की लड़ाई में वे सक्रिय भूमिका में रहे। लेकिन तत्कालीन परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने संघ की स्थापना की। विभाग बौद्धिक प्रमुख मनोज कुमार राणा ने राष्ट्र निर्माण में स्वंय सेवकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कहा कि भारत मे जब भी आपदा-विपदा आयी है तो संघ के स्वयंसेवक राष्ट्र सेवा में लगे रहते हैं।

## बड़कागांव के कई पिकनिक स्पॉट पर उमड़ी सैलानियों की भीड़



पिंटू कुशवाहा दिनकर

**बड़कागांव।** नव वर्ष को लेकर इलाके में काफी चहल-पहल दिखी, बच्चों हो या बुजुर्ग युवा या फिर महिलाएं सभी में काफी उत्सव दिखा। सभी अपने ढंग से जश्न मनाते दिखे, वहीं एक दूसरे को लोग नये वर्ष की बधाई व्हाट्सएप, मोबाइल के जरिए दिया। जबकि युवा वर्ग के लोग जगह-जगह समूह में कार्यक्रम आयोजित कर नववर्ष के रंग में डूबे रहे। कई स्थानों पर रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजित की गई। नए वर्ष के स्वागत में लोग के बीच उत्सव चरम पर दिखा प्रखंड के विभिन्न पर्यटन एवं पिकनिक स्पॉट इलाकों के आसपास में बादल छाए रहने के साथ में रुक-रुक कर हो रही गुलाबी बारिश से सीतलहरी तेज हो गई थी। फिर भी लोग दिनभर जश्न में डूबे रहे। लोगों ने नये वर्ष का स्वागत पिकनिक बनाकर किया वर्ष के पहले दिन प्रखंड के विभिन्न पिकनिक स्पॉट में पिकनिक बनाएं में लोगों की काफी भीड़ उमड़ी। पिकनिक स्पॉट के तट पर पिकनिक मनाने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ सुबह से ही लगने लगी थी। लोग अपने-अपने ग्रुप एवं पूरे परिवार के साथ पिकनिक स्पॉट पर ही खाना बनाया तथा खाना खाया लोग डीजे साउंड सिस्टम के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे थे। उन्होंने नाच-गान के साथ मस्ती करते हुए दिखे पिकनिक स्पॉट के निकट छोटे बड़े बच्चों को भी पिकनिक मनाते देखा गया ।वहीं नववर्ष के पहले दिन क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों मस्जिदों चर्च में भी लोगों की भीड़ पूजा पाठ करने के लिए देखी गयी। सबसे बड़ी बात यह है कि लोग बड़ों को चरण स्पर्श कर आशीर्वाद ग्रहण किए। नए वर्ष के दिन बाजार सुनी रही ,इधर मीट- मछली एवं मुर्गे के दुकानदारों की भिंड थी ।आज मानें तो बेमौसम बारिश हुआ जिससे ठंड के कारण सैकड़ों लोग अपने-अपने घरों में दुबके रहे। पर्यटन स्थान बुढ़वा महादेव में लोग पिकनिक स्पॉट पर जाकर जमकर खुशी मनाई ।डुमारो नदी, गुफा झरना, बरसो पानी, दामोदर नदी राजदहा झरना,इस्को गुफा ,हल्दी-कट्टी कोचा,के अलावा दर्जनों पिकनिक स्पॉट में जहां पथरों पहाड़ों के बीच स्थितहैं। पहाड़ो के ऊपर से पत्थरों को चिरते हुए कल-कल करती झरना की पानी तथा पेड़ों-पौधे की हरियाली पहाड़ों के बीच से कोई आवाज लगा रहा है ऐसी उनके आवाज से और झरना की आवाज एक साथ टकराते हुए पानी मानो तो चिड़िया की आवाज और पत्थरों के बीच से कल- कल करते गिरते पानी से उठे संगीत सुनने लायक होता है। यहां का प्राकृतिक वादियों में जो एक बार आते हैं इस मनोरम वादियों में खो जाते हैं।

**इस्को गुफाओं की विशेषता:** प्रखंड मुख्यालय से लगभग 17 किलोमीटर पूर्व की दिशा में अवस्थित नापो खुर्द पंचायत में यह गुफा की विशेषता यह है कि चारों तरफ से घनघोर जंगलों के बीच होने के बावजूद भी यहां कई ऐसे लिपि मिले हैं जो सिंधु कालीन सभ्यता से मेल खाते हैं।

**गालिथ पत्थरों की विशेषता:** या एक ऐसा स्थान है जहां दो पत्थरों के बीच से सूर्य की किरणें को देखने के बाद एक सीधा में दिखते हुए एक मनोरम दृश्य का उत्पति होता है। और वैसे दिवस पर दिन और रात बराबर होते हैं और वह दिन है 21 मार्च एवं 22 सितंबर जिसे सम दिवा रात्रि की संज्ञा दी जाती है ।जो बड़कागांव हजारीबाग मार्ग के पकरी बरवाडीह के नजदीक प्रखंड मुख्यालय से 3 किलोमीटर स्थित है। जहां पांच पांडवा पहाड़ी बौद्ध धर्म के कई प्रतीक चिन्ह भी देखने को मिला है।

**बुढ़वा महादेव डुमारो गुफा झरना:** डुमारो गुफा झरना प्रखंड मुख्यालय से 3 किलोमीटर उत्तर दिशा में स्थित है । यहां पहुंचने के लिए टेढ़ी–मेढ़ी मेड बनी हुई है। वैसे कुछ दूरी तक बड़े छोटे चार पहिया वाहन बड़ी आसानी से जाती है ।जब आप पहाड़ों के बीच में बहती झरना को देखेंगे तो झरना आपको अपनी ओर खींच लेगी ।वैसे बुढ़वा महादेव पर्वत में अनेक प्रकार की राजा दलेल द्वारा बनाए हुए अनेक प्रकार की गुफाए है जो देखने लायक हैं।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार केटीपीएस कर्मी की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला के जयनगर थाना क्षेत्र के केटीपीएस पावर प्लांट के अंदर एसआर टर्बो कंपनी के ईसपी साइड में कार्यरत मजदूर विजय यादव की दिन रविवार की अहले सुबह वाहन की चपेट मे आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार विजय यादव एसआर टर्बो कंपनी में मजदूरी करते थे। विजय यादव ड्यूटी के लिए जाने के समय में हाइवा के चपेट में आ गये, जिससे उनकी मौत हो गयी। जिस जगह घटना घटी है उस जगह काफी सन्नाटा रहता है। इसके वजह से आने जाने वाले राहगीरों को काफी देर से पता चला जिसके बाद उन लोगों ने इसकी सूचना परिवार को दिया। बताया जाता है कि ऐश लदे हाईवा की चपेट में आने से उक्त व्यक्ति की मौत हुई। साथ ही जब इसकी सूचना जयनगर पुलिस को हुई तो पुलिस शव को उठाने आई लेकिन परिवार वालों ने शव नहीं उठाने दिया। खबर लिखें जाने तक मृतक के परिजन शव को लेकर केटीपीएस पावर प्लांट के मुख्य गेट पर मुआवजे को लेकर शव के साथ बैठे। वार्ता और मुआवजा के आश्वासन पर शव को उठाया गया।

## झामुमो नेता रामप्रकाश भाइ पटेल का निधन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** झामुमो नेता रामप्रकाश भाई पटेल का निधन एम्स नई दिल्ली में इलाज के दौरान हो गया। रामप्रकाश भाई पटेल पिछले एक वर्ष से बीमार चल रहे थे। दिल्ली के एम्स में इलाजरत थे। उनके निधन की खबर पाकर उनके समर्थक शुभचिंतक झामुमो कार्यकर्ताओ ने शोक जताया है। रामप्रकाश भाई पटेल दो बार मांडू विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं। शोक व्यक्त करने वालो में मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल, झामुमो नेता गौरव पटेल, झामुमो जिलाध्यक्ष शंभू लाल यादव, कपिलदेव चौधरी, सुनील अकेला, संजय प्रजापति, महताब हुसैन, टेकोचंद महतो, भाजपा नेता शंभूनाथ पांडेय, झामुमो के राजू श्रीवास्तव, गिरिजा देवी, यशोदा देवी, रामकिशोर महतो, जितेंद्र यादव, रंजीत पासवान, रंजीत झा, दुलारचंद पटेल, गंगाधर महतो, उमेश कुमार मेहता, अनिल पटेल, गोपाल महतो आदि शामिल है।

## दुर्गा मंडप में नये साल पर पूजा अर्चना हुई

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** हर वर्ष की भांति परसाबाद दुर्गा मंडप में नए साल पर पूजा अर्चना की गई। जयनगर प्रखंड अंतर्गत परसाबाद दुर्गा मंडप मे वर्ष की शुरूआत एक जनवरी को सभी ग्रामीण इकट्ठा होकर विधिवत आचार्य पंडित के द्वारा देवी मंडप पूजा अर्चना करते हैं। माता रानी से प्रार्थना करते हैं कि पूरे भारतवर्ष में किसी प्रकार की विपदा ना आए, सभी का जीवन सुखमय हो। करोना महामारी से पूरा भारत वर्ष, बल्कि पूरा देश त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहा है, इस विपदा से मुक्ति प्रदान करें। आज के दिन दुर्गा मंडप में जयकारे के साथ सभी लोग झूमते गाते नाचते खुशियां पूर्वक वर्ष की शुरूआत करते हैं। इस भव्य भंडारे में कमेटी के अध्यक्ष दीपक सिंह, सुनील सिंह, विपुल सिंह, पंकज सिंह, उदय सिंह, अशोक यादव, शशिकांत यादव, अविनाश भदानी, पवन गुप्ता, प्रिंस मोदी, संतोष साव, अजय कसेरा, सुरेश कसेरा, रंजीत यादव, शिबू कसेरा, विद्याशंकर भदानी, पप्पू सिंह, बब्बन सिंह, सत्यपाल सिंह, कुंदन सिंह, ब्लू कसेरा, रिंकू कसेरा व भक्त गण उपस्थित थे।

### कोडरमा में अहिबरन जयंती और मिलन समारोह का आयोजन

# सांसद और पूर्व जिप प्रधान शालिनी गुप्ता ने दी नये साल की बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** नये साल पर रविवार को बरनवाल सेवा सदन में अहिबरन जयंती सह परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, समाज के अध्यक्ष अशोक वर्णवाल, सचिव अजीत वर्णवाल, संजीव समीर, सतीश कुमार दीपू ने दीप प्रज्जवलित करके किया। इस दौरान अतिथियों ने महाराज अहिबरन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। अपने सम्बोधन में सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज आगे बढ़ता है और संगठन मजबूत होता है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में यह समाज आगे बढ़ रहा है, यह हर्ष का विषय है। पूर्व जिप प्रधान शालिनी गुप्ता ने नए साल की शुभकामना देते हुए ऐसे आयोजनों की सराहना की और कहा कि इससे समाज की एकता को भी बल मिलता है। उन्होंने कहा कि समाज के साथ और हित में सदैव कार्य करती रहूंगी।



## सकारात्मक कार्य करने की अपील की

पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, अशोक वर्णवाल, आरके बसंत और अजीत वर्णवाल ने समाज की एकता पर बल देते हुए सकारात्मक कार्य करने की अपील की। आयोजन समिति अध्यक्ष सतीश कुमार दीपू और शंभूलाल ने आयोजन में सहयोग देने के लिए समाज के लोगों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में सतीश कुमार दीपू, संजीव समीर, शंभू कुमार, राजू वर्णवाल, अक्षय रंजन, राजेश भोला, निरंजन लाल, सच्चिदानंद वर्णवाल, शिवम वर्णवाल, दीपक वर्णवाल, सविता देवी, सुजाता वर्णवाल, लता वर्णवाल, सीमा देवी, चंचला वर्णवाल, निकिता वर्णवाल, संध्या वर्णवाल, गोपाल प्रसाद, प्रदीप कुमार, सुरेश प्रसाद गुप्ता, दिनेश कुमार, आलोक कुमार, आदर्श कुमार, मनोज वर्णवाल, कांता लाल, संजीव आनंद, नमन कुमार, उदय लाल, सुबोध लाल, संजय कुमार, डॉ अभय, डॉ संजना समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इस दौरान बालक बालिकाओं और महिलाओं के लिए कुर्सी दौड, चम्मच दौड़ का भी आयोजन किया गया। प्रतिभागियों में उषा वर्णवाल, शीला देवी, करुणा भारती, अनुष्का सिद्धि, किट्टू भारती, श्रीति वर्णवाल, प्रांजल कुमार, आर्यन, ऋषभ राज, अंशिका सिद्धि, पायल कुमारी, अनुष्का कुमारी, अंकुश राज, शुभ आनंद, सौरभ, पलक, अनुष्का, हंसिका, पायल, निरमा, साशवी वसंत, प्रियंका, नित्या, संस्कृति, समृद्धि आदि को पुरस्कृत किया गया। वहीं अतिथियों के अलावा नारायण मोदी, भुनेश्वर लाल और सच्चिदानंद प्रसाद को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 02 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



## न्यू बिरसा रोड सेल की विधि व्यवस्था को भंग करने वाले को बर्दाश्त नहीं करेंगे-विस्थापित



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** न्यू बिरसा रोड सेल को असामाजिक तत्व एवं बाहरी लोगों के द्वारा साजिश के तहत विधि व्यवस्था को भंग करने को लेकर रविवार को विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा ने विस्थापित कार्यालय न्यू बिरसा पोटंगा में बैठक कर प्रेस कांफ्रेंस किया। बैठक की अध्यक्षता विस्थापित समिति के अध्यक्ष सूरज बेसरा एवं संचालन समिति के सचिव जीतन मुंडा ने किया। प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताया कि न्यू बिरसा रोड सेल शांति पूर्वक ढंग एवं सुचारू रूप से चल रहा है। न्यू बिरसा रोड सेल से पोटंगा के 12 टोला के विस्थापित ग्रामीणों को सुचारू रूप से रोजगार मिलता है। कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा अफवाह फैलाई जा रही है कि न्यू बिरसा रोड सेल समिति भंग हो गई है जो पूरी तरह गलत है। कोई कमिटी भंग नही हुई। विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा द्वारा न्यू बिरसा रोड सेल का संचालन किया जाता है। और आगे भी यही कमिटी कार्य करेगी जिसका अध्यक्ष सूरज बेसरा एवं सचिव जीतन मुंडा है। आगे विस्थापित समिति के द्वारा बताया गया कि जो लोग न्यू बिरसा रोड सेल में अशांति फैलाने का काम कर रहे हैं वैसे लोगों को 12 टोला के विस्थापित ग्रामीणों द्वारा चिंहित कर कानूनी कार्यवाई किया जायेगा। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से सोनाराम मांझी, संजय करमाली, गणेश गंझू, संतोष सिंह, मनोज मुंडा, मोहन सोरेन, विश्वनाथ मांझी, झन्नराम सोरेन,अकल मुंडा, त्रिलोक सोरेन, विनोद हेंब्रोम, सन्नी सोरेन, जुरा सोरेन, पप्पू मांझी, सहदेव मांझी, महावीर मुर्मू, मनु लाल सोरेन, झरी करमाली, चंद्रदेव मुंडा, पोटंगा पंचायत के उपमुखिया रविन्द्र सोरेन, पंकज हेंब्रोम, मनाराम टुडू , लालधारी मुर्मू, विजय सोरेन, अजय बेसरा, प्रेम सोरेन, अनुज मुंडा, सुखराम बेसरा, अजय मरांडी, बंशी मुर्मू, दिनेश मुंडा, विनोद सोरेन, अजय करमाली, रमेश हांसदा, मिथुन सोरेन, सुनील सोरेन, बाबू गंझू, पप्पू लाल मांझी, जतन मुंडा, बृजलाल मरांडी, पवन सोरेन, भोला सिंह, अजय मुंडा, संजय सोरेन, राजू हेंब्रोम, दिलीप मुर्मू, बॉबी मुर्मू, मटुक मुंडा, विकास करमाली, विजय टुडू, राजेंद्र गंझू, रुनू मांझी, संदीप करमाली, बिनोद मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

## गरीबों की सेवा सर्वोपरि : डब्लू सिंह

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा के तत्वाधान में प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन पत्तल बेचने आए गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया गया। दर्जनों गरीब असहाय महिला पुरुषों के बीच भोजन का वितरण करते हुए मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि स्वर्गीय नंदकिशोर वर्णवाल की पुण्यतिथि एव नव वर्ष के आगमन में पर उक्त कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। इस अवसर पर स्वर्गीय नंदकिशोर वर्णवाल की पुण्यतिथि में उनके पुत्र पटेल नगर निवासी पिंकू वर्णवाल, भूपेंद्र वर्णवाल उर्फ रिंकू और उनके सहयोगी शिव कुमार यादव, राकेश शर्मा, बबलू गुप्ता, कंचन दास ने दातुन पत्तल बेचे वाले और अन्य गरीबों के बीच पूरी सब्जी और जलेबी का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत नंदकिशोर वर्णवाल के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्ल्यू सिंह ने कहा कि मंच का उद्देश्य गरीबों की सेवा करना है। पिछले 7 वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को लगातार भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। ऐसे नेक कार्य में सबको तन मन धन से सहयोग करना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि सबों को सहयोग से गरीबों की सेवा आगे भी जारी रहेगी। साथी समाज हित में कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के संस्थापक जगतार सिंह, मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, लालू उरांव, दिलीप गंजू, जितेंद्र मंडल, कमलेश कुमार, संजू सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

## झारखंड पेंशनर कल्याण समाज की बैठक में हीरा बा को श्रद्धांजलि

**गोला (आजाद सिपाही)।** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गोला प्रखंड की मासिक बैठक एसएस हाइ स्कूल गोला के परिसर में दुःख हरण पोद्दार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कल्याण समाज के बैठक में पेंशनरों की कम उपस्थिति पर गंभीर चिंतन व्यक्त किया गया। साथ ही पेंशनर समाज के प्रतिनिधि सदस्यता अभियान चलाकर समाज के सदस्यों को जोड़ने की बात कही। अंत में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी दिवंगत हीरा बा के निधन शोक व्यक्त की गई। शोक सभा में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में पेंशनर रामस्वरूप लाल खन्ना, बाल गोविंद करमाली, चंद्रमोहन बेदिया, वासुदेव महथा, पारस नाथ बेदिया, बच्चन प्रजापति, नरेश चंद्र पोद्दार, विभूति नाथ उपाध्याय, महेश्वर महतो, आरएन सिंह, बलराम करमाली, भगतु नाया मौजूद थे।

### सिद्धपीठ रजरप्पा मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# भक्तों ने मां छिन्नमस्तिके से आशीर्वाद लेकर की नये साल 2023 की शुरूआत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** नववर्ष 2023 के आगमन पर 1 जनवरी को दिन रविवार को प्रसिद्ध सिद्धपीठ रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ हजारों की संख्या में उमड़ी। लगभग 40 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे एवं पूजा अर्चना कर मां भगवती का आशीर्वाद लिया। नववर्ष का पहला दिन और रविवार छुट्टी का दिन होने के कारण झारखंड बिहार बंगाल उड़ीसा छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न प्रदेशों से भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और रजरप्पा मंदिर पहुंचे। कल सुबह 4 बजे से श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा वाहनों को पार्किंग के लिए मंदिर से आधा किलोमीटर दूरी पर मंदिर के दोनों छोर पर वाहनों को खड़ा कराया गया। पूजा अर्चना के दौरान श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर मंदिर में प्रवेश किया और मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। दूरदराज से पहुंचे हजारों भक्तों ने मां छिन्नमस्तिके से आशीर्वाद लेकर नए साल 2023 की शुरूआत की। अत्यधिक भीड़ होने के कारण काफी दूर तक श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही।

### थाना प्रभारी जवानों के साथ दिखे तैनात

भीड़ के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रजरप्पा पुलिस एवं मां छिन्नमस्तिका मंदिर न्यास समिति द्वारा व्यापक प्रबंध किये गये हैं। इस दौरान रजरप्पा के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुलिस जवान के साथ सुबह से ही रजरप्पा मंदिर प्रक्षेत्र में तैनात पाये गये। इधर, नववर्ष के अवसर पर दूर-दराज से पहुंचे लोगों ने मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना करने के पश्चात मंदिर प्रक्षेत्र की प्राकृतिक मनोरम वादियों के बीच अपने परिजनों एवं मित्रजनों के साथ प्रकृति के खूबसूरत वादियों के बीच सैलानियों ने पिकनिक का लुफ्त भी उठाया तथा दामोदर नदी के पवित्र संगमस्थल पर स्नान के पश्चात संगम स्थल पर नौका विहार का भी भरपूर आनंद उठाया। उधर दर्जनों पिकनिक स्पॉट पर पहुंचकर सपरिवार लोगों ने वन भोज का लिया आनंद जगह-जगह पर पिकनिक में पहुंचने वाले अपनी टोलियों के साथ डीजे साउंड में झूमते नाचते गाते पाये गये। दामोदर नदी के किनारे तो कहीं बम्हन धरा भैरवी नदी के पवित्र जल में स्नान कर नये साल की शुरूआत सैलानियों ने किया।

## मजदूरों के हक और अधिकार की लड़ाई हमेशा लड़ेगा सीएमसी: सुरेंद्र झा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** रजरप्पा स्थित कोलियरी मजदूर कांग्रेस के कार्यालय में रविवार को क्षेत्रीय कमिटी गठन को लेकर कार्यकताओं की एक बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीएमसी के केंद्रीय सचिव सुरेंद्र झा मौजूद थे। मौके पर उन्होंने कहा कि कोलियरी मजदूर कांग्रेस हमेशा मजदूरों के हक आधिकार की लड़ाई लड़ने का काम करती है। अब रजरप्पा के मजदूरों को प्रबंधन से घबराने की जरूरत नही है। उनकी आवाज बनने का कार्य करेंगे नव मनोनीत सदस्य। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय कमिटी की घोषणा किया। जिसमें मनोज कुमार तिवारी को क्षेत्रीय अध्यक्ष व देवनारायण चौधरी को क्षेत्रीय सचिव बनाया गया। इसके अलावे मदन करमाली, जवाहर गंझू को उपाध्यक्ष, शिबू तिवारी, चुरामन तुरी सहायक सचिव, शंभु कुमार, टिकेंद्र चौधरी, रमेश करमाली को संगठन सचिव व जगधारी राम को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावे परमेश्वर महतो, रामनाथ राम, सोहराई बेदिया, उमेश तुरी, राजकुमार राम, प्रदीप कुमार, अमित चौधरी, डीके शर्मा, कृष्णदेव मुंडा, संजय गिरी, पिंटू कुमार, बाबूलाल महतो, सच्चिदानंद प्रसाद, मनसू महतो, नारायण यादव, सोहन राम, गनशू मांझी, मो नयूम, महावीर साव, राजेन्द्र महतो व सूरज सिंह को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। उन सदस्यों का स्वागत मुख्य अतिथि द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## विधवा के भोज में सांसद प्रतिनिधि ने की मदद

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अन्तर्गत ग्राम नावाडीह के मसोमात हेवंती देवी के शाशु मां की मृत्यु के बाद उनके भोज क्रिया कर्म का कार्य अति गरीब विधवा हेवंती देवी के कंधों पर आया। इसके मदद के लिए टंडवा सांसद प्रतिनिधि इश्वर दयाल पांडेय, भाजपा नेता प्रमोद कुमार सिंह ने भोज क्रिया कर्म के लिए आटा, तेल, सब्जी, चूड़ा इत्यादि खाद्य पदार्थ देकर मानवता की मिशाल पेश किया। विडम्बना ऐसी हुई कि इस विधवा मो. हेवंती देवी के पति बबलू पासवान का असामयिक निधन दो वर्ष पूर्व हो गया। फिर इनके ससुर मुनेश्वर पासवान का मृत्यु एक वर्ष पूर्व हो गया। और इस बार इनके शाश की मृत्यु हुई। घर की इकलौती मजदूरी कर गुजर बसर करने वाली मसो. हेवंती देवी के माथे पर तीन बच्चों का देख भाल करना और शाश की मृत्यु के बाद उसका भोज क्रिया कर्म करने में असमर्थ महसूस कर रही थी, जिसके बाद संज्ञान में आते ही सांसद प्रतिनिधि ने इसके मदद के लिये आगे आया।

## स्वैच्छिक रक्तदान को लेकर लोगों को करता रहूंगा प्रोत्साहित: अशोक

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** स्वैच्छिक रक्तदाताओं को जोड़ने तथा समाज एवं स्वैच्छिक रक्तदाताओं को लाभांवित करने को लेकर मुस्कुराहटें संस्था के पर्यावरण प्रभारी अशोक कुमार को रामगढ़ वॉलंटरी ब्लड डोनर्स आगेनाइजेशन के सचिव बनाया गया है। सचिव बनने पर अशोक कुमार ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ संस्था ने मुझे यह जिम्मेवारी दी है। मैं उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा और ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान को लेकर प्रोत्साहित करता रहूंगा। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2021 में जब कोरोना काल था और सम्पूर्ण लॉकडाउन लगा था। उस समय भी मुस्कुराहटे संस्था लगातार हीमोग्लोबिन मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध करा रही थी जिसमें संस्था के हर सदस्य सहयोग कर रहे थे। बधाई देने वाला में राकेश पंडा, संतोष कुमार, मृत्युंजय शर्मा, सुनील प्रसाद, ओमप्रकाश महतो, डॉ शिव कुमार दांगी, विक्की चौधरी सहित कई शामिल है।

## पूर्व जिप सदस्य प्रत्याशी ने की एआइएमआइएम प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात, रामगढ़ उपचुनाव पर चर्चा

**गोला (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ उपचुनाव को लेकर क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी अब खुलकर सामने आने लगे है। सोसो कलां गांव निवासी पूर्व जिप प्रत्याशी मोहम्मद सगीर अहमद ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) के प्रदेश अध्यक्ष जनाब साकिर से होटल ट्रीट में मुलाकात की। दोनों के बीच रामगढ़ उपचुनाव को लेकर घंटो विचार विमर्श हुआ। बताया गया कि यह पार्टी असादुदीन ओवैसी की पार्टी है। पार्टी यहां से प्रत्याशी दे सकती है। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। प्रत्याशी बनने के लिए नेता इनके कार्यालय में दौड़ लगा रहें है। मंडर उपचुनाव में भी पार्टी ने प्रत्याशी दिया है। जिसमे अच्छा वोट इस पार्टी को प्राप्त हुआ था।

## सीसीएल जीएम और मजदूर नेता के हस्तक्षेप पर आज से तोपा लोकल रोड सेल चालू




**कुजू (आजाद सिपाही)।** सेल संचालन समिति और मजदूर मोर्चा के बीच चल रहे आपसी विवाद से 10 दिनों से बंद पड़े तोपा लोकल रोड सेल को सीसीएल जीएम चंद्रशेखर तिवारी व मजदूर नेता कुमार महेश सिंह के सकारात्मक हस्तक्षेप के बाद सोमवार को पूर्व की भांति सुचारू रूप से चालू करने की सहमति मिल गयी है। इस मामले में दूसरी बार सीसीएल कुजू जीएम चंद्रशेखर तिवारी और मजदूर नेता कुमार महेश सिंह की अगुवाई में सेल संचालन समिति व रैयत विस्थापित/प्रभावित मजदूर मोर्चा के साथ रविवार को दोनों पक्षों का जीएम कार्यालय सभागार में वार्ता कराई गई। जहां मोर्चा के सदस्यों ने अपनी 12 सूत्री मांग को प्रस्तुत करते हुए जल्द निपटारा करने का अनुरोध किया। जिस पर जीएम सीएस तिवारी और मजदूर नेता कुमार महेश सिंह ने मोर्चा के सदस्यों को पूर्व की भांति सुचारू रूप से सेल को चालू करने की बात कही और आगामी 8 जनवरी को जारी विवाद को समिति व मोर्चा के सदस्यों के बीच बैठक कर समस्या का समाधान कराने का जोर दिया। जिस पर मोर्चा के सदस्यों ने सेल को चालू करने की सहमति दी। साथ ही कहा कि आगामी 8 जनवरी तक हमारी मांगों को पूरा नहीं होने पर पुनः 9 जनवरी से आंदोलन जारी रहेगा। वार्ता में प्रबंधन की ओर से जीएम के अलावे पीओ मनीष कुमार, सेल्स पदाधिकारी निलेश कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी संजय सिंह, सेल समिति की ओर से धनेश्वर मांझी, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, राम भजन लाल महतो, असगर अली, गोपेश्वर करमाली, मोर्चा की ओर से अध्यक्ष किशोर करमाली, सचिव इस्लाम अंसारी, धर्मराज राम, ललित राम, उमेश दास, अरशद अंसारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# राज्य के कई जिलों से पहुंचे पर्यटक और पिकनिक मनाने वाले लोग





संतोष कुमार

**पतरातू।** नव वर्ष 2023 के आगमन पर पतरातू का लेक रिसॉर्ट गुलजार रहा सुबह ही सैंकड़ो की संख्या में राज्य के विभिन्न जिलों से धूमने और नव वर्ष का जशन मनाने को लेकर आना जाना जारी रहा। सैकडों की संख्या में लोग पिकनिक मनाने के लिए अपने दोस्तों और परिजनों के साथ पहुंचे। राज्य का प्रसिद्ध पर्यटक स्थल के रूप में है पतरातू लेक रिर्जाट समेत पतरातू घाटी और पालानी झरना सैलानियों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बना रहा। दिन भर वाहनों की भारी कतार के साथ नव वर्ष के जशन में डुबने के लिए लोगों का हुजूम देखता रहा। यहां नव वर्ष के आगमन को लेकर पतरातू डैम क्षेत्र में सैलनियों की सुविधाओं को देखते हुए नाविकों द्वारा नाव की संख्या में बढ़तोरी देखी गई। सैकड़ों की संख्या में नाव पतरातू डैम के कल कल नीले जल में पर्यटक को नौका विहार का सैर कराते नजर आए इस बीच विदेशी मेहमान के रूप में मौजूद साइबेरियन पंछी भी डैम का शोभा बढ़ा रहे रहे थे। जिला प्रशासन के निर्देश पर लेक रिसॉर्ट पर्यटन स्थल पुलिस बल की तैनाती की गई थी। शाम करीब 5 बजे तक पतरातू घाटी लेक रिसोर्ट और पालानी झरना स्थल पर लोगों का हुजूम बरकार रहा लोग हैप्पी नयू इयर 2023 के जशन में डुबे रहें।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष परिवार के साथ पहुंचे पतरातू लेक रिजोर्ट

नव वर्ष के मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश रविवार को अपने परिवार के साथ पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद लेक रिजोर्ट और पतरातू रांची पिठोरिया धाटी के मनोरम वादियों का भरपुर आनंद उठाया। इस मौके पर उन्होने कहा कि पतरातू डैम का मनोरम दृश्य बहुत ही बेहतरीन है।

### सैलानियों को आकर्षित कर रहा तमासिन जलप्रपात

# काफी संख्या में जश्न मनाने जुटे लोग




अजय चौरसिया

**चतरा।** कहते हैं कि प्रकृति ने बड़े ही फुर्सत के क्षण में तराश कर अगर किसी को एक अनोखा उपहार प्रदान किया है तो उसका नाम है 'तमासिन जलप्रपात' जो झारखंड के चतरा में वनों से आच्छादित जंगलों के बीच छिपा एक अद्भुत नजारा है जो सैलानियों को अपनी ओर बर्बर खींचता चला जाता है। वैसे तो झारखंड का चतरा जिला प्राकृतिक सौंदर्य के खजानों से भरापूरा है। बावजूद चतरा जिला के प्रकृति की गोद में समाई तमासीन जल-प्रपात रमणीय स्थलों में से एक खास व अलग पहचान रखता है, जिसकी प्राकृतिक छटा यहां सतरंगी फिजां बिखेर कर सभी का मन मोह लेती है और पर्यटक यहां का वातावरण देख मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। पथरीली चट्टानों के विहंगम दृश्यों के बीच व दो सुरम्य घाटिओं व पहाड़ों के मध्य कल-कल, छल-छल बहता यह जल-प्रपात प्राचीन काल से देशी-विदेशी पर्यटकों को अपनी ओर बरबस ही खिंचता चला आ रहा है। वहीं नये साल के आगमन पर इस स्थली पर बड़ी संख्या में सैलानी पिकनिक का लुप्त उठाने पहुंचते है। जिला मुख्यालय से तकरीबन चालीस किलोमीटर दूर कान्हाचट्टी प्रखंड के तुलबुल पंचायत में अवस्थित तमासीन जल-प्रपात से बहती जल धारा का सौन्दर्य काफी मनमोहक है। साथ ही बक्सा जलप्रपात, हदहदवा समेत स्थलों में काफी भीड़ पर्यटकों की देखी गई।

**सैलानियों ने कहाः** सैंकड़ों फीट की ऊंचाइयों से गिरती जल धारा ऐसी प्रतीत होती है, जैसे दूध की धारा रूपी नदी प्रवाहित हो रही हो। दो घाटियो यानि पहाड़ियों के बीच सफेद पत्थरो का अनोखा रूप सफेद गोमेद की तरह रौशनी बिखेरती हुई पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। पर्यटकों का मानना है कि यहां पर आकर काफी सुकून मिलता है तथा मन गदगद हो जाता है।

**आये पर्यटकों ने क्या कहाः** इस रमणीक स्थल का धार्मिक महत्व भी है। कहा जाता है कि यह स्थान ऋषि मातंग का आश्रम रहा है। जहां दोनों घाटियों के बीच एक गुफा भी है, जिसमें तमो गुण की अधिष्ठात्री तामसी देवी का मंदिर है। इसकी पूजा-अर्चना को लेकर भी लोग दूर-दराज एवं अन्य प्रदेशों से यहां आते है। लोगो की ऐसी भी मान्यता है कि दुर्गा सप्तसती कथा में चतरा की ऐतिहासिक मां कौलेश्वरी एवं भद्रकाली के साथ-साथ तमासीन का भी वर्णन है।

**अभय पांडेय, पुजारी ने कहा:** चारो तरफ जंगल और पहाड़ो से घिरे इस सुन्दर प्राकृतिक स्थल पर आकर इंसान मंत्रमुग्ध हो जाता है। स्थानीय लोगों तथा सैलानियों के अलावा गणमान्य जनों का भी मानना है कि यह जल-प्रपात झारखंड के तमाम अन्य पर्यटन स्थलों से विल्कुल अलग एवं अद्वितीय है। यानि यह स्थल जहां चतरा जिला के एक मुख्य पिकनिक स्पॉट में सुमार है, वहीं यह लोगों के आस्था का भी केंद्र रहा है। स्थानीय समाजसेवी अरुण सिंह का मानना है कि इस स्थल को और भी विकसित करने की सख्त जरूरत है।

### कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल क्षेत्र के लोगों ने नववर्ष 2023 का जमकर उठाया लुत्फ

# लजीज व्यंजनों का लिया आनंद, एक-दूसरे के गले मिल दी नये साल की बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** नववर्ष 2023 को ले कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को पिकनिक की धूम रही। इस दौरान लोगों ने एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों के साथ मनोहारी नृत्य और संगीत के बीच अपने आप को सराबोर करते दिखें। ज्ञात हो कि पतरातू डैम की पहचान एक प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट के रूप में की जाती है। यहां जलाशय बाहें फैलाए सैलानियों का इंतजार करते रहती है। प्रत्येक नये वर्ष के अवसर पर इस जलाशय पर पिकनिक मनाने के लिए सैंकड़ों लोग आया करते हैं। छुट्टियों और नये वर्ष के अवसर पर हजारों की संख्या में सैलानी पतरातू डैम पहुंचकर अपनी थकावट को दूर करने के साथ-साथ हसीन वादियों के बीच पिकनिक मानने का भी लुत्फ उठाते हैं। इधर दिसंबर माह से पतरातू डैम में रामगढ़, रांची, भुरकुंडा, गिद्दी, रेलीगढ़ा, उरीमारी, सेंट्रल सौंदा, सौंदा डी, रीवर साईड, चिकोर, पाली, निम्मी, सुद्दी, देवरिया, मतकमा, जवाहर नगर, पगला आश्रम, लपंगा, चैनगडा, बरकाकाना, भुरकुंडा, भदानीनगी व बासल सहित विभिन्न क्षेत्रों के हजारों लोग नववर्ष 2023 के आगमन के अवसर पिकनिक में लजीज व्यंजनो का जमकर आनंद लिया। साथ ही एक-दूसरे के गले मिल नववर्ष की शुभकामनाएं दी। वहीं आईएजी डैम, दोमुहानी, बलकुदरा पोखरिया, रीवर साईड दामोदर नदी तट सहित अन्य क्षेत्रों के नदी और तालाबों में लोगों ने नववर्ष का जमकर लुत्फ उठाया। लोग सुबह ही अपने-अपने घरों से पिकनिक स्पॉटों के लिए निकले जहां जमकर मौज-मस्ती की। साथ ही लोगों ने नाव व बोट के माध्यम से पतरातू डैम भ्रमण का भी जमकर आनंद लिया। विधि-व्यवस्था बनाए रखने में चैक-चैराहों सहित पिकनिक स्पॉटों पर पुलिस-प्रशासन दल-बल के साथ मुस्तैद दिखी।

### पिकनिक मस्ती करने और बेहतरीन यादों को संजोने का अवसर देता है : राणा भट्टाचार्य

जवाहरनगर भुरकुंडा निवासी सह समाजसेवी राणा भट्टाचार्य कहते हैं कि पिकनिक मौज-मस्ती करने का बेहतर जरिया होता है। उन्होंने कहा कि पिकनिक के दौरान लोग एक अलग ही दुनिया में चले जाते हैं, जहां सिर्फ मौज-मस्ती व खाने-खिलाने का दौर चलता है। इससे मन आनंदित और प्रफुल्लित होकर आत्मसंतुष्टि से ओत-प्रोत हो जाता है। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि पिकनिक दोस्तों के साथ अधिक से अधिक समय बिताने का अवसर भी देता है। पिकनिक के जरिए आपसी भाईचारगी तो प्रगाढ़ होती ही है मन आनंदित एवं फ्रेसटेशन कम हाने के साथ-साथ कई बेहतरिंग यादों को संजोने का भी मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि पिकनिक तरोताजा व आनंदित होने का एहसास तो कराता ही है, यह आपसी प्रेम व भाईचारगी को और प्रगाढ़ भी करता है।

# ममता की श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा के निधन पर कई देशों के राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों ने शोक व्यक्त किया, लेकिन यह देख कर आश्चर्य हुआ कि कांग्रेस से सोनिया गांधी और राहुल ने कोई एक शब्द तक नहीं कहा। यह भी हो सकता है कि उन्होंने कहा हो और अखबारों ने उसे छापा न हो। लेकिन जरा हम सोचें कि भारतीय राजनीति में आपसी कड़वाहट किस स्तर तक नीचे पहुंच गयी है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तो शोक व्यक्त किया है और उन्होंने अपनी श्रद्धांजलि भी दी है, लेकिन हमारे कई अत्यंत मुखर विरोधी नेता बिल्कुल मौन रह गये। क्या हमारे विरोधी दलों के नेता, जहां तक मोदी का सवाल है, वे किसी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री से भी ज्यादा खफा हैं? राहुल गांधी का अटल जी की समाधि पर जाना मुझे अच्छा लगा। यह उदारता और राजनीतिक शिष्टाचार का परिचायक है। इंदिरा जी के निधन पर अटल जी ने भी जो शब्द कहे थे, उसे मार्मिक श्रद्धांजलि ही कहा जा सकता है। लोकतंत्र की यह खूबी है कि आप चुनावों के दौरान, संसद में, प्रदर्शनों में और बयानों में अपने विरोधियों का डट कर विरोध करते रहें, लेकिन शोक के ऐसे अवसरों पर आप इंसानियत का परिचय दें। इस मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अद्भुत उदारता का परिचय दिया है। मोदी का जितना कट्टर विरोध ममता ने किया है और उनके तत्कालीन राज्यपाल जगदीप धनखड़ को उन्होंने जितना सताया है, किसी अन्य राज्यपाल को नहीं सताया गया है, लेकिन मोदी की माताजी के निधन पर जो वाक्य उन्होंने कहे हैं, वे अत्यंत मार्मिक हैं। ममता ने कहा है कि आपकी माताजी के निधन पर आपको कैसे सांत्वना दी जाये। आपकी मां भी तो हमारी मां हैं। मोदी ने अपनी मां की अंत्येष्टि के तुरंत बाद हावड़ा-जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दी। वे चाहते तो इस कार्यक्रम को स्थगित भी कर सकते थे, लेकिन इससे यह भी पता चलता है कि उनकी मां ने उनको कितने पवित्र संस्कार दिये थे। उनका आचरण एक अनासक्त कर्मयोगी की तरह रहा। उन्होंने अन्य नेताओं की तरह अपनी मां और अपने भाई-बहनों को सत्ता की चाशनी को चखने का भी मौका नहीं दिया, जबकि हमारे नेताओं के रिश्तेदार उस चाशनी में अक्सर लथपथ हो जाते हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि हमारे विरोधी नेता मोदी की खुशामद करें। मोदी का जो भी काम या भाषण उन्हें अप्रिय लगे, उसकी आलोचना वे बेखटके जरूर करें लेकिन शोक के ऐसे मौकों पर सभी नेता एक-दूसरे के प्रति सहज सहानुभूति व्यक्त करें तो उनके बीच सद्भाव तो पैदा होगा ही, भारत का लोकतंत्र भी मजबूत होगा।

**मोदी ने अपनी मां की अंत्येष्टि के तुरंत बाद हावड़ा-जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दी। वे चाहते तो इस कार्यक्रम को स्थगित भी कर सकते थे, लेकिन इससे यह भी पता चलता है कि उनकी मां ने उनको कितने पवित्र संस्कार दिये थे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने रैगिंग के खिलाफ सख्त नियम बनाये हैं। इसके बावजूद कॉलेजों और संस्थानों में हो रही ऐसी घटनाएं विचलित करने वाली हैं। ऐसे में दूर-दराज के कॉलेजों और संस्थानों में अपने बच्चों को पढ़ने के लिए भेजने वाले अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित हैं। रैगिंग करने वाले सीनियर छात्रों पर न ही कानून का डर काम आ रहा है और न ही यूजीसी के नियम लगाम लगाने में कारगर सिद्ध हो रहे हैं।**

# क्रूरतापूर्ण और मानसिक यातनाओं में बदल गयी रैगिंग

**देवेंद्रराज सुथार**

हाल ही में लखनऊ में एक छात्र ने इसलिए आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसके सीनियर्स उसे रैगिंग के लिए परेशान करते थे। वहीं पिछले दिनों इंदौर का महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज रैगिंग को लेकर सुर्खियों में रहा है। इससे साफ जाहिर होता है कि आज भी शैक्षणिक संस्थाओं में अवांछनीय तत्वों द्वारा अनावश्यक व्यवधान निर्मित करके समूचे वातावरण को प्रभावित करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने रैगिंग के खिलाफ सख्त नियम बनाये हैं।

इसके बावजूद कॉलेजों और संस्थानों में हो रही ऐसी घटनाएं विचलित करने वाली हैं। ऐसे में दूर-दराज के कॉलेजों और संस्थानों में अपने बच्चों को पढ़ने के लिए भेजने वाले अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित हैं। रैगिंग करने वाले सीनियर छात्रों पर न ही कानून का डर काम आ रहा है और न ही यूजीसी के नियम लगाम लगाने में कारगर सिद्ध हो रहे हैं।

**आज भी रैगिंग के कई मामले सामने आ रहे हैं।**

उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किये गये एक अध्ययन में पूरे भारत में कई उच्च शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग के बारे में चौंकाने वाले खुलासे सामने आये हैं, जिसमें बताया गया कि देश के विभिन्न हिस्सों से 10,000 चुने गये छात्रों द्वारा रैगिंग से पीड़ित 84 प्रतिशत से अधिक छात्र अपने साथ हुई रैगिंग की शिकायत दर्ज नहीं करते हैं। समाचार-पत्रों में प्रकाशित खबरों के अनुसार, लगभग 33 प्रतिशत छात्र अपने वरिष्ठ छात्रों द्वारा की जाने वाली रैगिंग को आनंदमय मानते हैं।

वहीं 40 प्रतिशत का मानना है कि इसके अनुभव के बाद उन्हें एक मजबूत दोस्ती बनाने में मदद मिली। भारत के 37 संस्थानों के लगभग 62 प्रतिशत छात्रों का कहना था कि जिन्होंने उनकी प्रथम वर्ष में रैगिंग की थी, उन्होंने ही आने वाले वर्षों में पाठ्यक्रम संबंधी कार्यों में उनकी मदद की थी। वहीं कई मामलों में पाया गया कि हल्की सी धमकी या चिढ़ाने के रूप में शुरू हुई रैगिंग अक्सर क्रूरतापूर्ण प्रयासों और मानसिक यातनाओं में बदल गयी।

दरअसल शिक्षण संस्थानों और छात्रावासों में रैगिंग की प्रथा काफी पुरानी है। कभी आपसी मेल-मिलाप को बढ़ावा देने के विचार से शुरू की गई रैगिंग अब संवेदनहीन और घातक हो गयी है। रैगिंग के कारण कई छात्रों की जान जा चुकी है और कई ने तनाव के कारण अपनी पढ़ाई छोड़ दी है। रैगिंग एक आम शब्द लगता है, लेकिन इसका सामना करने वाले ही इसके पीछे की भयावहता को समझ सकते हैं। माना जाता है कि 7वीं से 8वीं शताब्दी में ग्रीस के खेल समुदायों में नए खिलाड़ियों में खेल भावना जगाने के उद्देश्य से रैगिंग की शुरूआत हुई थी। इसमें जूनियर खिलाड़ियों को चिढ़ाया और अपमानित किया जाता था। यह कार्य समय के साथ-साथ बढ़ता गया और रैगिंग में बदलता गया।

इसके बाद सेना में भी इसको अपनाया गया। खेल और सेना के बाद रैगिंग से शिक्षण संस्थान भी नहीं बचे और छात्रों ने इसको अपना कर भयावह रूप दे दिया। भारत में रैगिंग की शुरुआत आजादी से पहले ही हो गयी थी। इसकी शुरुआत अंग्रेजी मीडियम की शिक्षा से हुई। पहले रैगिंग सीनियर और जूनियर के बीच जान-पहचान, परिचय और हंसी-मजाक का जरिया हुआ करती थी। लेकिन आधुनिकता के साथ रैगिंग के तरीके भी बदल रहे हैं।

आज भी रैगिंग के कई मामले सामने आ रहे हैं। दुर्व्यवहार, अपमानजनक छेड़छाड़, मारपीट, गाली-गलौज, यौन उत्पीड़न जैसी कई अमानवीय घटनाएं हुई हैं, जो रैगिंग के रूप में सामने आयी हैं। यहां तक कि कुछ मामलों में पीड़ित छात्र भय, निराशा, दुख और अपमान के कारण आत्महत्या कर लेते हैं। पढ़ने वाले छात्रों के लिए रैगिंग एक अभिशाप की तरह है, जिसका उनके जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, इसलिए बेहतर है कि इसे हमारे समाज से समाप्त कर दिया जाये और तभी एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण होगा।

रैगिंग के द्वारा कहीं भी अप्रिय स्थिति निर्मित न हो, इसलिए पहले से ही रैगिंग जैसी अमानवीय प्रक्रिया को समाप्त करने के लिए प्राथमिक जिम्मेदारी शिक्षण संस्थानों के संचालकों और संबंधित अधिकारियों की है। इसलिए उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जानी चाहिए। उन्हें इसके लिए प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वे रैगिंग रोकने के लिए सकारात्मक कदम उठायें। यदि कोई शिक्षण संस्थान इस संबंध में विफल रहता है, तो सरकार को शिक्षण संस्थान के खिलाफ भी कार्रवाई करनी चाहिए, जैसे कि उन्हें वित्तीय सहायता देना बंद किया जाना एवं संस्थान के विरुद्ध अन्य विधि सम्मत अनुशासनात्मक कार्रवाई होनी चाहिए।

प्रत्येक शिक्षण संस्थान में अविलंब रैगिंग विरोधी समितियां तथा रैगिंग विरोधी उड़न दस्ते गठित किये जायें। रैगिंग के खिलाफ सख्त कानून बनाया जाना चाहिए और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को भारत में रैगिंग रोकने के निर्देश दिए जाने चाहिए। और अगर कोई भी व्यक्ति कॉलेज में किसी छात्र की रैगिंग करता पाया जाता है, तो उसे सख्त से सख्त सजा दी जाये और उसके लिए सभी कॉलेजों के दरवाजे हमेशा के लिए बंद कर दिये जायें।



**प्रत्येक शिक्षण संस्थान में अविलंब रैगिंग विरोधी समितियां तथा रैगिंग विरोधी उड़न दस्ते गठित किये जायें। रैगिंग के खिलाफ सख्त कानून बनाया जाना चाहिए और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को भारत में रैगिंग रोकने के निर्देश दिए जाने चाहिए।**

## जमशेदपुर की खबरें

# शहादत दिवस पर खरसावां शहीद स्थल में शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खरसावां।** सरायकेला खरसावां जिले के खरसावां में 75 वें शहादत दिवस के मौके पर शहीद स्थल पर श्रद्धांजलि देने के लिए दिन भर लोगों का तांता लगा रहा। रविवार एक जनवरी को झारखंड के कोने-कोने से लोग खरसावां शहीद स्थल पहुंचे और अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा मे मुख्यमंत्री को भी आना था लेकिन मुख्यमंत्री का दौरा रद्द हो गया। मौके पर मंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री जोबा माझी, विधायक दशक गागराई, विधायक दीपक बिरुआ, विधायक सुखराम उरांव, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव, वृहत झारखंड जनाधिकार मंच सहित अन्य राजनीतिक, सामाजिक एवं आदिवासी संगठनों ने शहीद स्थल पर पहुंच पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर मंत्री चंपाई सोरेन ने कहा खरसावां के शहीदों से प्रेरणा लेकर गुरुजी के नेतृत्व में अलग झारखंड राज्य की लड़ाई लड़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा देश की आजादी से पहले और आजादी के बाद हमारे पूर्वजों ने अपनी कुर्बानी देकर हमें गौरवान्वित किया है। झारखंड के अमर शहीदों की वजह से हम आज खुले में सांस ले रहे हैं। हमें उन शहीदों के सपनों को साकार करना है। उन्होंने कहा हेमंत सरकार इस दिशा में बेहतर काम कर रही है। वहीं वृहत झारखंड जन अधिकार मंच के अध्यक्ष बिरसा सोय ने कहा मात्र 24 जिलों को जोड़कर झारखंड अलग राज्य बना है। जो यहां के आदिवासियों के साथ धोखा है। झारखंड के नेता झारखंड के इतिहास को मजबूती से रखने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा खरसावां गोलीकांड को जलियांवाला बाग गोलीकांड से भी बड़ा नरसंहार है, लेकिन इसके करिश्मा गोलीकांड का जिक्र इतिहास के पन्नों में नहीं होना झारखंड के लिए दुर्भाग्य है। उन्होंने कहा झारखंड अलग राज होने के बावजूद खरसावां में शहीदों का जिक्र कोई पुस्तक में नहीं है। उन्होंने कहा वृहत झारखंड जन अधिकार मंच शहीद दिवस पर वृहत झारखंड के निर्माण का संकल्प लेती है। यहां के राजनेताओं की कारगुजारियों का पदार्फाश करने का संकल्प के साथ इस आंदोलन को और तेज करने का प्रण लेती है। सैकड़ों लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

# भाजमो जमशेदपुर महानगर कमेटी का विस्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भाजमो बिरसानगर पूर्वी मंडल की बैठक बिरसानगर में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भाजमो जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये। मंडल अध्यक्ष शंकर कर्मकार ने बैठक का नेतृत्व किया। जोन वार क्षेत्र समिति गठन करने हेतु विचार-विमर्श किया गया। शंकर कर्मकार ने कहा की क्षेत्र के हर गली- मोहल्लों से लोगों को संगठन को जोड़ने के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाया जायेगा। बैठक में जिला के उपाध्यक्ष एम चंद्रा शेखर राव, जिला मंत्री सह मंडल प्रभारी विकास गुप्ता, महिला जिला अध्यक्ष मंजू सिंह, मंडल अध्यक्ष शंकर कर्मकार, सतांदर सिंह, बलदेव सिंह, प्रसंजीत सिंह, राजू कर्मकार, राजू लोहार, ओम प्रकाश ठाकुर, सरस्वरी खामरी, सूरज हेमब्रोम, गुरमीत कौर, लक्ष्मी सरकार, पोम्पा बनर्जी, महुआ चक्रबर्ती, दीप्ती पटेल, अनीता देवी, कलावती देवी, नंदिता गगराई, गणेश चंद्रा, संजय मुंडा, मिठू दास, दुबराज संडीला, मुन्ना मारडी, कनाई नायक, बसेत टुडू, सोनू दास, सोपन दास, सहदेव रविदास, संजना सिंह, गणेश कर्मकार, आजाद रविदास एवं अन्य कार्येकर्ता उपस्थित थे।

# ओड़िशा के राज्यपाल से मिले कुणाल षाड़ंगी

**जमशेदपुर में उड़िया पाठ्य पुस्तकों की कमी समेत शिक्षकों के पदस्थापन पर किया विचार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने रविवार को ओड़िशा के राज्यपाल गणेशी लाल से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्हें झारखंड में निवास कर रहे उड़िया भाषा बोलने वाले और उड़िया भाषा में शिक्षा लेने वालों के समस्याओं पर जानकारी दी और झारखंड के राज्यपाल और ओड़िशा सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर इस विषय पर संवाद करने का अनुरोध किया। भुवनेश्वर में रह रहे सैकड़ों जमशेदपुर के छात्र छात्राएं और नौकरी कर रहे युवाओं को होने वाली दैनंदिन की समस्याओं के समाधान हेतु ओड़िशा सरकार के माध्यम से एक नोडल हेल्प लाइन जैसी व्यवस्था करवाने का आग्रह किया। उड़िया भाषी अल्पसंख्यकों की लंबित समस्याओं जैसे उड़िया पाठ्य पुस्तकों की कमी और उड़िया शिक्षकों का पदस्थापन एवं के रिक्त पदों को तुरंत भरने, राज्य अल्पसंख्यक आयोग का तुरंत गठन एवं एक उड़िया भाषी को उसका अध्यक्ष बनाने का आवश्यकता और इन सभी विषयों पर अतीत में बिहार और उड़िशा सरकार के बीच जो राजीनामा हुए थे, उत्तरवर्ती सरकार के रूप में झारखंड सरकार को इन सभी राजीनामाओं को तत्काल कार्यकारी करने के लिए झारखंड के राज्यपाल के साथ वातार्लाप कर इसका समाधान करने का आग्रह किया। कुणाल षाड़ंगी ने उड़िशा के राज्यपाल गणेशी लाल से आग्रह किया कि ओड़िशा सीमा पर स्थित झारखंड के विभिन्न जिलों के दौरे पर आने की कृपा करें, ताकि वे और बेहतर ढंग से वहां रह रहे लोगों की समस्याओं को समझ पायेंगे और उनकी पहल पर लोगों को काफी मदद मिल पायेगी। मुलाकात के दौरान साथ में कुणाल षड़ंगी की मां बिनी षड़ंगी भी उपस्थित थीं।

# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने दी नववर्ष की शुभकामनाएं



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने जमशेदपुर सहित झारखंडवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। रविवार को नववर्ष के प्रथम दिन पूर्व सीएम रघुवर दास ने सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर, प्रभु श्रीराम, मां दुर्गा एवं वीर बजरंग बली की विधिवत पूजा-अर्चना कर सभी झारखंडवासियों के सुख-समृद्धि और संपन्नता की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री से मिलने भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजनों का तांता लगा रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं पुस्तक भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर रघुवर दास ने नव वर्ष 2023 की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नूतन वर्ष में सभी झारखंडवासियों के परिवार में खुशहाली और समृद्धि आये। यह वर्ष सभी के लिए भगवान भास्कर की भांति चमकदार और रोशनी भरा हो।

# नये साल पर सैलानियों से गुलजार हुए पिकनिक स्पॉट



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में रविवार को नये साल के अवसर पर हर तरफ हर्ष एवं उल्लास का समा है। शहर के सभी पिकनिक स्पॉट पर सैलानियों की भीड़ लगी रही। जुबिली पार्क, डिमना डैम, हुडको डैम सहित सभी इलाके में लोग पिकनिक मनाने के लिए उमड़ पड़े। जुबली पार्क में भी खासी भीड़ दिखी। यही नहीं लोग चांडिल डैम, सतनाला डैम और पहाड़ भांगा भी पिकनिक करने के लिए पहुंचे थे। पिकनिक करने जुबिली पार्क आयी सीमा कुमारी ने बताया कि जुबिली पार्क पिकनिक को देखते हुए काफी सुरक्षित हैं। किसी तरह का कोई डर नहीं है। उन्होंने कहा कि बहुत से पहाड़ी इलाकों में पिकनिक के दौरान हादसे हो जाते हैं, लेकिन जुबिली पार्क में ऐसा कुछ नहीं है। बच्चे भी सुरक्षित पिकनिक मना रहे हैं। जिला प्रशासन ने पिकनिक स्थलों पर पुलिस भी तैनात की है। जुबली पार्क, डिमना डैम, पहाड़ भांगा आदि इलाके में पुलिस के अधिकारी गश्त कर रहे हैं।

**मनमानी : दर्जनों राशन कार्डधारियों ने बिरबल पंचायत सचिवालय में पहुंचकर मुखिया को सौंपा आवेदन**

# डीलर के खिलाफ राशन गबन करने का लगाया आरोप

**कहा- राशन वितरण के तीन से पांच दिन पूर्व ही पॉश मशीन में अंगूठा लगा लिया जाता है, जब राशन लेने जाते हैं तो आज-कल कर कई दिनों तक दौड़ाया जाता है**

**श्याम बच्चन यादव**



**सगमा।** जन वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को मिलने वाला अनाज लाभुकों तक नहीं पहुंच रहा है। अनाज वितरण में धांधली हो रही है तभी तो लाभुक अक्सर शिकायत लेकर अधिकारियों के पास पहुंचते हैं। कभी सरकारी मूल्य से अधिक राशि लिये जाने तो कभी कई महीनों तक राशन नहीं दिये जाने की शिकायत करते हैं। इसी तरह का एक मामला सगमा प्रखंड के अंतर्गत बिरबल गांव से सामने आया है। गांव में चल रही जनवितरण प्रणाली दुकान महिला विकाश समिति दुर्गावती कुंवर एवं बिरबल गांव के रोहनिया टोला में चल रही सुरेश राम के नाम से जनवितरण प्रणाली दुकान पर दर्जनों की संख्या में राशन कार्डधारियों ने बिरबल पंचायत सचिवालय में पहुंचकर डीलर के खिलाफ राशन गबन करने और राशन कम देने के आरोप में पंचायत के मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा को आवेदन देकर शिकायत की है।

आवेदन देने वाले लाभुक कविता देवी, सुरेश प्रसाद यादव, देव कुमार यादव, हकीम अंसारी, राजकुमार विश्वकर्मा, नंदकिशोर यादव, भवनी देवी, पनपतिया देवी, सैरुन बीबी, पनवर्ती देवी, महेंद्र राम, इस्लाम अंसारी, गंगा साह, नंदलाल राम, राजेन्द्र राम, महबूब अंसारी, विकाश कुमार, नजबुन बीबी, किताबिन बीबी, सैदून निशा, जिलेबन बीबी, दरगाही राम, सरयू साव, सोबरन चन्द्रवंशी, जैमुदिन अंसारी, महेंद्र साह, नबीजान अंसारी, रामनेवाज राम सहित अन्य लाभुकों ने बताया कि जनवितरण प्रणाली के दुकानदार द्वारा प्रति महिना हेराफेरी कर अनाज कम दे रहे हैं। इस तरह की स्थिति मुफ्त राशन पैसा देकर लेने के कारण उत्पन्न हो रही है।

किसी महीने में पैसा वाला राशन देकर कहा जाता है कि मुफ्त वाला राशन नहीं आया है, जबकि प्रत्येक माह दोनों प्रकार का राशन मिलता है। और लाभुकों ने कहा कि जन वितरण प्रणाली दुकानदार मनमानी करते हैं। राशन वितरण के तीन से पांच दिन पहले पूर्व में ही पॉश मशीन में अंगूठा लगा लिया जाता है। जबकि अंगूठा लगाकर पर्ची भी नहीं दिया जाता है। जब राशन लेने के लिए जाते हैं तो आज-कल कर कई दिनों तक टालमोटोल करते रहते हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मंडल सगमा धर्मजीत यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### आरोप सही पाये जाने पर डीलरों के खिलाफ होगी कार्रवाई : आपूर्ति पदाधिकारी सह बीडीओ

आपूर्ति पदाधिकारी सह सगमा बीडीओ सत्यम कुमार से पूछे जाने उन्होंने बताया कि लाभुकों द्वारा मिले आवेदन के आलोक में इसकी जांच की जाएगी। आरोप सही पाये जाने पर डीलरों के खिलाफ कानूनी करवाई की जाएगी।

### अफसरों से कार्रवाई की मांग करूंगा : मुखिया

इस संबंध में मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा से पूछ जाने पर उन्होंने बताया कि डीलर के द्वारा लाभुक को दो माह का अंगूठा लगाकर एक माह का सिर्फ राशन दिया जा रहा है। पिछले माह भी डीलर की शिकायत को लेकर लाभुक आवेदन दिये थे। जिसके बाद से सभी डीलर को चेतावनी देते हुए फटकार लगाते हुए सभी लाभुक का राशन देने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद भी राशन लाभुकों ने डीलर के खिलाफ कम राशन देने का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। उक्त आवेदन को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह बीडीओ को देकर कार्रवाई की मांग करूंगा। कहा कि आपलोग गरीबों का राशन डकार रहे हैं हम किसी भी परिस्थिति में आप लोगों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारियों को आवेदन सुपुर्द कर कार्रवाई की मांग करेंगे।

### डीलर ने आरोप को निराधार बताया

डीलर सुरेश राम से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि लाभुक के द्वारा जो मुखिया जी को आवेदन सौंपा गया है उसे निराधार बताया। उन्होंने कहा कि ऊपर से पूरा राशन नहीं मिला है। इसी कारण से नवंबर महीना का राशन नहीं वितरण किया गया है। राशन कम देने पर डीलर के द्वारा बोला गया कि राशन कम नहीं दिया जाता है। ग्रामीणों की राय एवं सहमति से एक पाव राशन काटा जाता है, जो हमलोगों को ऊपर से राशन तौल कर नहीं दिया जाता है।

## मनरेगा में भ्रष्टाचार समाप्त नहीं हुआ तो होगी कार्रवाई : सत्यनारायण यादव



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड के मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार समाप्त नहीं हुआ तो जांचोंपरांत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें गढ़वा जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने रंका प्रखंड कार्यालय में बातचीत के क्रम में कही। उन्होंने कहा कि रंका प्रखंड में मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। काम नहीं हो रहा है। जो पैसा नहीं देते उनका काम नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि कुछ योजनाओं में भ्रष्टाचार की जांच की कार्रवाई उप विकास आयुक्त गढ़वा के द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए गढ़वा उपायुक्त भी शख्त हैं। इस अवसर पर रंका प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## श्याम बिहारी केशरी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने सदर अस्पताल में मरीजों के बीच किया कंबल वितरण



**कहा- श्यामबिहारी केसरी कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** कांग्रेस के नेता रहे श्याम बिहारी केशरी उर्फ ललन केशरी की 5वीं पुण्य तिथि के अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने की। साथ ही सदर अस्पताल गढ़वा में जरूरतमंद मरीजों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि स्व. श्यामबिहारी केसरी कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे। वह कांग्रेस के जिला के पहले कोषाध्यक्ष भी थे।

केशरवानी समाज के पहले प्रदेश अध्यक्ष भी रहे थे। वरिष्ठ कांग्रेसी रामवृक्ष यादव ने कहा कि कांग्रेस और अपने समाज को जोड़ने में उनका अहम योगदान था। वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी ने कहा कि ललन बाबू ने कांग्रेस की मजबूती के लिए अपना सबकुछ न्योछावर किया।

मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी, राम बृक्ष यादव, सूरजित कुमार केशरी, रंजित केशरी, अमित केशरी, कार्तिक केशरी, गढ़वा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष योगेन्द्र चौबे, दिवाकर चौबे, युवा कांग्रेस के ज़िला महासचिव आसिफ खान, अनूप केशरी, वार्ड सदस्य कृष्णा केशरी, दीलिप केशरी, चंदन केशरी, मनोज केशरी, परवीन केशरी, टुनटुन केशरी उपस्थित थे।

## बाइक ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बीती रात जिले के जयनगर थाना अंतर्गत पांडू में एक बुजुर्ग व्यक्ति बाइक से टक्कर लगने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल की पहचान बादसी महतो उम्र 70 वर्ष पिता बढ़न महतो ग्राम पांडू, जयनगर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपने घरों के पास खड़ा थे, एक बाइक आकर टक्कर मार देने से बुजुर्ग व्यक्ति गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज करके मरीज को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकरायी, एक युवक की मौत, चार घायल



कोडरमा (आजाद सिपाही)। रविवार देर शाम जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत उरवां में तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा जाने से एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। घटना में चार अन्य युवक घायल हैं। जानकारी के अनुसार कार जेएच12एम 5501 से युवक तिलैया डैम से उरवां की ओर जा रहे थे। तितिरचांच के समीप कार पर चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार पेड़ से टकरा गयी। इस घटना में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक सुखदेव राणा (उम्र 32 साल, पिता रोहन राणा) उरवां गांव का रहने वाला था। वहीं घायलों में संजीत कुमार राणा (उम्र 27 साल, पिता महेश राणा, चंदवारा), विष्णु राणा (उम्र 16 साल, पिता सुरेश राणा उरवां), सचिन राणा (उम्र 19 साल, पिता मनोज राणा चौरट, चतरा) और पप्पू राणा (उम्र 24 साल, पिता राजू राणा, उरवां) शामिल हैं। घायलों को सदर अस्पताल लाया गया जिसमें संजीत कुमार राणा को गंभीर स्थिति देखते हुए रांची रिम्स रेफर किया गया जबकि 3 युवकों का इलाज कोडरमा सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

## तेंदुआ के हमले में मारी गयी सीता कुमारी के परिजनों को मिला मुआवजा

**गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी ने मृतका के पिता को सौंपा 3055000 का चेक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रंका।** अनुमंडल क्षेत्र के रंका प्रखंड अंतर्गत सिरोई पंचायत के सेवाडीह गांव में तेंदुआ के द्वारा हमला में मारी गयी जगदेव सिंह की सात वर्षीय द्वितीय पुत्री मृतक सीता कुमारी को वन विभाग की ओर से तीन लाख पचपन हजार रुपये का चेक गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी शशि कुमार के द्वारा शनिवार को मृतक सीता कुमारी के पिता जगदेव सिंह को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर डीएफओ शशि कुमार ने बताया कि मृतका सीता कुमारी के परिजनों को चार लाख रुपये मुहैया करायी जाएगी। आवंटन के अभाव में पैंतालिस हजार रुपए एक सप्ताह के अंदर भुगतान कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि रमकंडा प्रखंड अंतर्गत कुशवार गांव में तेंदुआ के द्वारा मारे गए मृतक हरेंद्र कुमार घांसी के परिजनों को शीघ्र मुआवजा के रूप में चार लाख रुपए मुहैया कराया जाएगा।

इस अवसर पर उपस्थित गढ़वा जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने बताया कि भंडरिया प्रखंड के रोदो गांव में तेंदुआ के द्वारा मारी गई महिला के परिजनों को भी वन विभाग के द्वारा चार लाख रुपए का चेक दिया गया है। इस अवसर पर रंका पूर्वी वन क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा, रंका प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, सिरोई पंचायत के मुखिया कर्मदयाल सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद फेतल सिंह खरवार शहादत दिवस समारोह में वक्ताओं ने कहा**

# वीर फेतल सिंह जल, जंगल व जमीन की लड़ाई में शहीद हो गये, पर अंग्रेजों के सामने घुटने नहीं टेके

**कार्यक्रम में आदिवासी समाज की ओर से पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये**

**आजाद सिपाही संवाददाता**






**रंका।** अनुमंडल क्षेत्र के ग्राम बाहाहारा में स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद फेतल सिंह खरवार की जन्मभूमि प्रतिमा परिसर के प्रांगण में उनकी पुण्यतिथि गौरवशाली खरवार समाज प्रखंड इकाई रंका की ओर से मनायी गयी।

इस कार्यक्रम की शुरुआत रंका चेकनाका स्थित पलामू के प्रथम सांसद जेठन सिंह खरवार तथा जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद जुलूस की शक्ल में लोग मुख्य बाजार से होते हुए रंका थाना मोड़ स्थित फेतल सिंह की प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इसके पश्चात बाहाहारा फेतल सिंह प्रतिमा परिसर में पुण्यतिथि पर जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वीर फेतल सिंह खरवार अपने अपने क्षेत्र के जल, जंगल और जमीन की लड़ाई में शहीद हो गए। लेकिन उन्होंने अंग्रेजों के सामने घुटने नहीं टेके।

इस अवसर पर आदिवासी समाज की ओर से पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य उमा देवी, वन एवं पर्यावरण विभाग के विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू, दक्षिणी जिला परिषद सदस्य प्रमिला देवी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, ओम प्रकाश यादव, रमकंडा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राजकिशोर यादव, गौरवशाली समाज के अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, उपाध्यक्ष फौदार सिंह, सचिव बलदेव सिंह, झामुमो नेता कपिल देव सिंह सहित काफी संख्या में आदिवासी समाज के महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## नव वर्ष के मौके पर भंडरिया प्रखंड क्षेत्र के पिकनिक स्पॉट रहे गुलजार



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न पिकनिक स्पॉट नव वर्ष पर गुलजार रहे। छोटे बड़े सभी अपनी अपनी टोली में पिकनिक मनाने पिकनिक स्पॉट पहुंच गए थे। भंडरिया के मंडल डैम, कनहर नदी के कोरईडेवा घाट, चरखी पत्थर, डुमर पानी आदि पिकनिक स्पॉट पर लोग पिकनिक मनाते देखे गए। इस मौके पर आधी रात से ही मोबाइल और फोन की घंटी बजनी शुरू हो गई थी। लोग एक-दूसरे को नये साल की मुबारकबाद दे रहे थे। नव वर्ष की सुबह में सड़कों पर निकले लोग एक-दूसरे को नये साल की बधाई देते नजर आये। मंडल डैम एवं कनहर नदी के कोरईडेवा घाट में पिकनिक मनाने वाले लोगों की भारी भीड़ देखी गई। पिकनिक स्पॉट में ढोल बाजे के साथ लोग पहुंचे थे। लोगों ने अच्छे-अच्छे लजीज भोजन और पकवान का आनंद उठाया। लोग अपनी अपनी टोली में ढोल बाजे के साथ नृत्य कर रहे थे।

## नव वर्ष पर मेराल के देवी धाम एवं थाना मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**मेराल (आजाद सिपाही)।** नये वर्ष के आगमन पर रविवार को मेराल प्रखंड मुख्यालय के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की। साथ ही युवकों ने नदी किनारे तथा बंका पहाड़ सहित अन्य पिकनिक स्पॉट पर पिकनिक मना कर नये वर्ष का स्वागत किया। डॉ लाल मोहन मिश्र, संजय भगत थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने क्षेत्रवासियों को नववर्ष की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। श्री मिश्रा ने कहा कि 2023 सभी के लिए सुख समृद्धि से पूर्ण हो।

## समाजसेवी योगेंद्र यादव ने ग्रामीणों को वनभोज पर आमंत्रित कर नववर्ष का स्वागत किया



**सगमा (आजाद सिपाही)।** अंग्रेजी नववर्ष के अवसर पर प्रखंड के पुतुर गांव निवासी सह समाजसेवी योगेंद्र कुमार यादव ने अपने खर्च पर क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों को वनभोज पर आमंत्रित कर नववर्ष का स्वागत किया। इस संबंध में उन्होंने बताया कि किसी रमणीक स्थल पर सामूहिक रूप से लोगों के साथ भोजन करने से आनंद की अनुभूति होती है। साथ ही अधिक से अधिक लोगों के साथ भोजन करने से आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने बताया कि सगमा प्रखंड उतमही नदी के जामुनदहा नदी के उद्गम स्थल का दृश्य अत्यंत मनोरम है। यहां आते ही शांति के साथ प्रकृति से नजदीक से मिलने का मौका मिलता है। इस अवसर पर चंदन यादव, दीपक यादव, रिंकू प्रजापति, सतेंद्र बैठा, आशीष यादव, रामकेवल यादव, रामबचन यादव, विकाश यादव, गुलाबचंद उरांव, बिंदु उरांव, चारकु यादव, सकेन्द्र भुइयां, संजय यादव, विवेकानंद यादव, सुरेश प्रजापति, जगमोहन प्रजापति, संजय प्रजापति, लल्लू प्रजापति, विश्वनाथ यादव, मुरारी यादव, सत्यनारायण यादव, गुनु भुइयां, मनोज बैठा, राजेश यादव, विकाश यादव, विजय विश्वकर्मा सहित सैकडों की संख्या में लोग शामिल थे।

## धुरकी थाना क्षेत्र में टेंपो पलटने से तीन महिलाएं समेत पांच लोग हुए घायल



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** थाना छेत्र के बीरबल गांव स्थित मुख्यपथ पर टेम्पो पलटने से तीन महिला समेत पांच लोग घायल हुए हैं। सभी का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल श्री बंशीधर नगर में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सगमा प्रखंड के घघरी गांव से श्री बंशीधर नगर जा रहा टेम्पो बीरबल गांव पहुंचते ही अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सवार राजमती देवी उम्र 55 वर्ष, बसंत कुमार राम 26 वर्ष, मुनी कुंअर 50 वर्ष, शीला देवी 30 वर्ष, प्रीतम कुमार छह वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। टेम्पो दुर्घटना की सूचना पर सगमा के प्रखंड प्रमुख अजय गुप्ता ने सभी घायलों को निजी वाहन से इलाज के लिए श्री बंशीधर नगर अनुमंडलीय अस्पताल भेजा है। सभी का इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर बताये जा रहे हैं। बताते चलें कि सभी घायल अपने गांव घघरी से श्री बंशीधर नगर जा रहे थे, इसी दौरान बीरबल गांव पहुंचते ही टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 02 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


**नये साल का स्वागत :** सभी पिकनिक स्पॉट पर दिखी लोगों की खचाखच भीड़, सुरक्षा को लेकर मुस्तैद दिखी पुलिस

# नव वर्ष का जश्न मनाने उमड़ा सैलानियों का सैलाब

### किस्को एवं पेशरार में नये वर्ष के आगमन पर जश्न में डूबे सैलानी

आजाद सिपाही टीम


**किस्को/पेशरार/लोहरदगा।** प्रकृतिक की सुंदर संरचनाओं में से एक किस्को और पेशरार प्रखंड क्षेत्र के पर्यटन स्थलों पर नव वर्ष के स्वागत के लिए सैलानियों का सैलाय उमड़ पड़ा। लोग गर्मजोशी के साथ नव वर्ष पर नायी पारी का हर्षोल्लास के साथ आगाज करते दिखे। इधर, पुलिस अभिरक्षा में पेशरार थाना क्षेत्र के लावापानी जलप्रपात और केकरांग झरना स्थल पर सैलानी नये साल का जश्न उमंग और उत्साह के साथ सपरिवार मनाते दिखे। इस बीच लावापानी जलप्रपात व किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत देवदरिया के बरपानी में स्थित जापानदह जलप्रपात के समीप सैलानियों की भारी भीड़ देखी गई। उल्लेखनीय है कि नववर्ष मनाने को लेकर झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से किस्को प्रखंड अंतर्गत बरपानी में स्थित जापानदह जलप्रपात, सुकरी नाला और पेशरार थाना क्षेत्र की हसीन वादियों में अवस्थित लावापानी जलप्रपात व केकरांग झरना में सैलानी बड़ी संख्या में पहुंचे थे। वहीं, पेशरार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली के नेतृत्व में जिला पुलिस बल और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों एवं जवानों ने लावापानी जलप्रपात के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा की व्यवस्था की थी। वहीं जोबांग थाना क्षेत्र अंतर्गत बरपानी के बगल में स्थित जापानदह जलप्रपात व अन्य पर्यटन स्थल पर जोबांग थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के द्वारा पल पल की निगरानी की जा रही थी।





## सेन्हा के सभी पिकनिक स्पॉट पर जश्न मनाने वालों की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में नव वर्ष 2023 का खुमार दिखा। शनिवार की रात जैसे ही 12 बजा लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी। एक-दूसरे को नव वर्ष की बधाई देना शुरू कर दिये। जमकर आतिशबाजी की गई। युवकों ने दिन भर डीजे की धून पर मस्ती की। ठंड के बावजूद लोग रविवार अहले सुबह से ही पूजा-पाठ में जुट गए थे। इसके बाद पिकनिक स्पाटों का रुख किया। सुबह से शाम तक पिकनिक स्पॉट गुलजार रहा। अपने-अपने सुविधानुसार लोग पिकनिक मनाते हुए नदी झरने एवं खेत खलियान में देखे गये। हालांकि नव वर्ष पर कहीं भी किसी तरह की कोई अप्रिय घटना न हो इसे लेकर पुलिस द्वारा जगह-जगह सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई थी। सेन्हा प्रखण्ड क्षेत्र के धरधरिया जल प्रपात, सीठीयो, चितरी कोयल नदी, नन्दगाँव फॉर्म में लोग पिकनिक मनाने पहुंचे थे। पिकनिक स्थल से लेकर सड़को पर पुलिस के जवानों का पहरा देखा गया।

### अन्य प्रखंडों के पर्यटन स्थल सैलानियों से पटा

लोहरदगा जिला पर्यटन के रूप में विकसित है। यहां की खुबसूरत वादियां सैलानियों को अपनी ओर खींच ही लाती है। यही वजह है कि दूसरे जिले व राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से भी सैलानी नये साल का जश्न मनाने सपरिवार लोहरदगा पहुंचते हैं। वहीं, जिले के भंडरा प्रखंड के नंदनी जलाशय पर्यटकों को अपनी सुंदरता का कायल कर देती है। सैलानी खुद ब खुद नंदनी जलाशय के समीप नये साल में पिकनिक मनाने परिजनों से साथ पहुंचते हैं। इसी तरह कूड़े प्रखंड के नामुदाग और सेन्हा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में स्थित पर्यटन स्थल सैलानियों को खींच लाती है। बता दें कि नये वर्ष 2023 के आगमन पर लोहरदगा जिले के सभी पर्यटन स्थलों पर पिकनिक मनाने वालों की भीड़ देखी गयी। लोग गाजे बाजे के साथ नववर्ष मनाते दिखाई दिये। दूसरी ओर, बाजारों में एक दिन पहले ही पूरे दिन जहां खरीदारी के लिए भीड़ रही। घरों और होटलों में भी नव वर्ष पार्टी की धूम रही। युवा नए साल का स्वागत करने के लिए सुबह से ही तैयारी करने में जुटे रहे। बाजार में दुकानों गिफ्ट तथा अन्य सामान खरीदने के लिए लोगों की भारी भीड़ रही। शनिवार की रात 12 बजते ही आतिशबाजी कर नव वर्ष का जश्न मनाने का सिलसिला शुरू हुआ। वहीं कुडू प्रखंड के नामुदाग के मगरदहा नदी पर बने 27 नंबर रेलवे ब्रिज व आस-पास के वादियों को छोड़ अन्य पिकनिक स्पॉटों पर अन्य वर्षो से ज्यादा इस साल लोगों की भीड़ काफी रही। सुबह से ही आसमान पर बादल छाए रहे, फिर भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। नामुदाग रेलवे ब्रिज व आसपास पिकनिक मनाने लोग पहुंचे। वहीं उमरी कोयल नदी, जोजरो, टीको, दुलडुलिया पतरा, चिरी पतरा आदि पिकनिक स्पॉटों में इस साल इक्के-दुक्के पिकनिक मनाने लोग पहुंचे। कुडू के टीको शिव मंदिर, बड़कीचापी के महादेव मंडा धाम, दुर्गा मंदिर,शिव मंदिर आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सुबह पूजा- पाठ के साथ नए वर्ष का स्वागत किया । नामुदाग रेलवे ब्रिज 27 नंबर में पर्यटको की सुरक्षा व्यवस्था के लिए वन समिति के कई लोग अपने कर्तव्य में लगे रहे।

### मंदिरों में की गयी विशेष पूजा-अर्चना

नये साल के पहले दिन मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना हुई। शहर के विभिन्न मंदिरों में लोग भगवान का आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। शहर के स्वयंभू महादेव, बुढ़वा महादेव, ठाकुरबाड़ी मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, काली मंदिर, जगन्नाथ मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में भीड़ देखी गई।

## अलग-अलग हादसों में एक की मौत, तीन घायल

**बालूमाथ/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ और लोहरदगा में नव वर्ष पर अलग-अलग हुए सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक की मौत, जबकि तीन के घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक पहली घटना बालूमाथ थाना सीमा क्षेत्र से सटे हेरहंज थाना क्षेत्र के मेराल स्कूल के पास घटी। जहां बाइक सवार दो लोग पेड़ से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान हेरहंज थाना क्षेत्र के करणदाग निवासी रामटहल यादव और चाई ग्राम निवासी कलेश्वर यादव के रूप में हुई है। दोनों को बालूमाथ सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने रामटहल यादव की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार दोनों बाइक पर सवार होकर नवादा सप्ताहिक बाजार से अपने घर लौट रहे थे कि दूसरे वाहन के चकमें में आकर पेड़ से टकरा गए। दूसरी घटना बालूमाथ थाना क्षेत्र के झाबर ग्राम अंतर्गत भगत मोड़ के पास हुई। स्कूटी के दुर्घटनाग्रस्त होने पर 16 वर्षीय एक किशोरी घायल हो गई। उसकी पहचान हेरहंज थाना क्षेत्र के ब्रह्ममोरिया गांव निवासी चंद्रदेव उरांव की बेटी अंजलि उरांव के रूप में हुई है। वहीं, दूसरी ओर, लोहरदगा जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानो गांव निवासी पवन राम (25) अपनी बाइक से मसमानो से लोहरदगा की ओर आ रहा था, तभी ईटा बरही के समीप तेज रफ्तार कार ने धक्का मार दिया। जिससे पवन की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उधर, सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## एसपी ने किया पेशरार थानेदार अख्तर अली को सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**पेशरार/लोहरदगा।** जिले के सुदूरवर्ती एवं घोर उग्रवाद प्रभावित पेशरार थानेदार मोहम्मद अख्तर अली को पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने विगत दिनों बगडू थाना क्षेत्र के कोरगो जंगल में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादियों के साथ पुलिस की हुई मुठभेड़ में अहम भूमिका निभाने पर प्रशस्ति पत्र, मेडल व नकद राशि देकर सम्मानित किया। इधर, एसपी के हाथों सम्मानित होने पर थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली ने कहा कि वरीय पदाधिकारियों के आदेशों का अनुपालन करते हुए जिम्मेवारी का निर्वहन करने में कोई कमी नहीं आने दिया जाएगा। आगे भी वरीये अधिकारियों के आदेशों का पालन करते हुए अपनी जिम्मेवारी का शत प्रतिशत निर्वाह करने का प्रयास करेंगे। बता दें कि कोरगो जंगल में सुरक्षा बलों के द्वारा चलाये गये नक्सल विरोधी अभियान में भाकपा माओवादी के एक नक्सली को पुलिस ने ढेर कर दिया था। वहीं एक नक्सली को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया था। साथ ही भारी तादाद में नक्सलियों के द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से छिपाया गया आईईडी बम व कारतूस सहित अन्य सामग्री बरबाद किया गया था।

## नववर्ष पर पिकनिक स्पॉट पर दिखी लोगों की भारी भीड़, मुस्तैद दिखी कैरो पुलिस



**कैरो/लोहरदगा)।** नववर्ष पर लोगों का उत्साह चरम पर है। रविवार की सुबह से ही लोग मंदिरों मं पूजा पाठ कर ईश्वर से परिवार के लिये वर्ष 2023 में मंगल कामना किए। वहीं प्रखंड क्षेत्र के कोयल नदी, गोपालगंज जंगल, नन्दनी डैम आदि स्थानों पर सैलानियों ने जमकर नववर्ष का आनन्द उठाया। उक्त जलाशयों पर कोई अपने सपरिवार तो कोई युवाओं की टोली लेकर संगीत के साथ नाचते गाते झूमते नजर आये। वहीं नववर्ष पर तरह-तरह के पकवान घर से, व बाहर पिकनिक स्पॉट स्थलों पर पकवान बनाकर लोगों ने नववर्ष का खुब लुफ्त उठाया । इस अवसर पर लोग एक-दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं देते नजर आए। वहीं सुरक्षा के निमित्त कैरो थाना के थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव, भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार, एएसआई धर्मेन्द्र कुमार व कैरो थाना के सदल बल किसी भी प्रकार के अनहोनी घटना से निपटने के लिए अपनी अपनी ड्यूटी में चुस्त दुरुस्त दिखाई दिये।

## महुआडांड़ में उल्लास और उमंग के साथ किया गया नये साल का स्वागत



**महुआडांड़ (आजाद सिपाही)।** महुआडांड़ में रविवार को उल्लास और उमंग के साथ नए साल का स्वागत किया गया। शनिवार रात 12 बजते ही आकाश में आतिशबाजी की रौनक दिखने लगी। वहीं लोग हैप्पी न्यू ईयर बोलकर एक दूसरे को शुभकामनाएं देते नजर आए। नए साल के स्वागत का सबसे ज्यादा उत्साह युवाओं में ही नजर आया। वहीं होटल और रेंस्टोरेंट में नए साल का जश्न मनाया गया। नए साल के स्वागत को लेकर बीते कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। शनिवार की शाम से ही लोगों में साल 2023 के स्वागत को लेकर जोश नजर आया। रात को पार्टी आल नाइट, ब्लू है पानी पानी, अभी तो पार्टी शुरू हुई जैसे गीतों पर युवाओं ने जमकर धमाल मचाया। रात में 12 बजते ही आकाश आतिशबाजी से रोशन होने लगा। लोगों ने पटाखे चलाकर नए साल का स्वागत किया। वहीं लोग भी घरों से निकलकर एक-दूसरे को नए साल की बधाई देते नजर आए। उधर, डिजिटल इंडिया के दौर में लोगों ने व्हाट्स एप और फेसबुक पर नववर्ष का स्वागत किया। इस दौरान व्हाट्स एप पर लोग एक-दूसरे को बधाई संदेश देते नजर आए। रविवार सुबह से ही नव वर्ष बधाईयों का सिलसिला शुक्रवार तक चलता रहा। महुआडांड़ प्रखंड के सभी पिकनिक स्पॉट नववर्ष के दिन गुजलार हो गए। ,लोध फॉल समेत पर्यटन स्थल गुलजार रहे। नववर्ष को लेकर लोध फॉल व नेतरहाट में पर्यटकों का तांता लगा रहा।

## सिविल सर्जन ने अनूठे अंदाज में मनाया नव वर्ष




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल परिसर में सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने नव वर्ष 2023 को नए अंदाज में मनाया। उन्होंने नववर्ष के शुभ अवसर पर अस्पताल में इलाजरत सभी मरीजों से वार्डो में जाकर मिले। मरीजो का कुशल क्षेम पूछा। उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए अपनी तत्परता दिखाई। कहा कि अस्पताल में आपके सभी बीमारियों का समुचित इलाज की व्यवस्था है। यदि किन्ही को कोई भी परेशानी हो तो वो सीधा उनसे संपर्क कर सकता है। कहा कि मरीज के इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों और कर्मचारियों से मिलकर उन्हे नववर्ष की हार्दिक बधाई दी। उनके साथ अपनत्व का बोध कराते हुए उनके साथ समय व्यतीत किया। अस्पताल में इलाजरत मरीजो से अच्छे व मधुर संबंध स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सिविल सर्जन ने अस्पताल के मरीजो और कर्मचारियों में फल बिस्कुट व अन्य सामान भी बांटा। मौके पर अस्पताल के कर्मचारी भी मौजूद थे।

## अखंड कीर्तन सह भंडारा कार्यक्रम का हुआ समापन



**महुआडांड (आजाद सिपाही)।** मां नगर भगवती संघ महुआडांड़ की ओर से मां देवी मंडप मंदिर परिसर पर नए साल के आगाज के साथ इस वर्ष भी 24 घंटे का अखंड किर्तन सह रामचरित्र मानस का पाठ का आयोजन किया गया, जिसका रविवार को समापन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन मां नगर भगवती संघ द्वारा भंडारा का भी आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित होकर मां का प्रसाद ग्रहण किये। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महुआडांड़ हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जयसवाल, विश्व हिंदू परिषद के विभाग सह संयोजक सूरज कुमार साहू, मां नगर भगवती संघ के अध्यक्ष अर्जुन जायसवाल, लातेहार भाजपा जिला उपाध्यक्ष भानु प्रसाद, महुआडांड भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद, हिन्दू महासभा के महामंत्री संजय जायसवाल, देवी मंदिर के पुजारी अखिलेश पाठक समेत आदि सनातन धर्मावलम्बीयों का सराहनीय योगदान रहा।

**मृतक के परिजनों को मिलेगी चार लाख की सहायता राशि और सरकारी नौकरी : विधायक**

# आदमखोर तेंदुए के हमले में वृद्ध की मौत





रवि कुमार गुप्ता

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के छेचा पंचायत में आदमखोर तेंदुए के हमले में 60 वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुस्ताक खान के रूप में हुई है। वह रहमत नगर पठान टोला के रहने वाले थे। घटना के बाद जहां वन विभाग के प्रति ग्रामीणों में व्यापक आक्रोश है। वहीं इसकी सूचना पाकर तुरंत मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह के अलावा बीडीओ राकेश सहाय, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह व पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय से करीब चार किलोमीटर दूर छेंचा पंचायत के रहमत नगर पठान टोला निवासी मुस्ताक खान इस दनि सुबह चार बजे घर के बाहर शौच करने निकले थे। तभी पहले से घात लगाए आदमखोर तेंदुआ ने हमला कर दिया। मुस्ताक खान द्वारा शोर मचाने पर उसके परिजनों व आसपास के लोग तत्काल वहां पहुंच गए। लोगों को देख कर तेंदुआ वहां से भाग निकला। हालांकि इससे पहले तेंदुए ने मुस्ताक की गंभीर रूप से घायल कर दिया था। गर्दन पर गहने घाव के निशान के साथ ही जीभ नोच लिया था। परिजन मुस्ताक को उठाकर घर के अंदर ले गए, तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। बाद में इसकी सूचना पाकर विधायक रामचंद्र सिंह, बीडीओ राकेश सहाय, पूर्वी जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, यूथ स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, समाजसेवी अनिल कुमार सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष अली हसन अंसारी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू, थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह आदि मौके पर पहुंच गए। दूसरी ओर, घटना के बाद आसपास से बड़ी संख्या में ग्रामीण भी घटनास्थल पर पहुंच गए। इसके बाद ग्रामीणों के बीच वन विभाग के प्रति व्यापक आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों का कहना था कि आदमखोर तेंदुआ द्वारा क्षेत्र में लगातार उत्पात मचाया जा रहा है, लेकिन वन विभाग मूकदर्शक बना रहता है। इससे पूर्व प्रखंड में आदमखोर तेंदुआ द्वारा उकामाड ग्राम में एक पखवारा पूर्व 12 वर्षीय बच्ची पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

### वन विभाग के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश

घटना के बाद जहां स्थानीय विधायक, पुलिस प्रशासन तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। जबकि वन विभाग के अधिकारी नदारद दिखे। जिससे ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश देखा गया। विधायक और अधिकारियों के पहुंचने के दो घंटे बाद वनपाल शशांक शेखर पांडे अन्य वन कर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीण डीएफओ व अन्य वनअधिकारियों के बुलाने की भी मांग कर रहे थे।

### विधायक के आश्वासन के बाद माने ग्रामीण

घटना के बाद ग्रामीणों व मृतक के परिजनों उचित मुआवजा व परिजनों की नौकरी की मांग को लेकर अड़े हुए थे। लेकिन वन विभाग द्वारा किसी तरह का सकारात्मक जवाब नहीं मिलने पर ग्रामीण शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं उठाने दे रहे थे। तब मौके पर पहुंचे विधायक रामचंद्र सिंह ने वन अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर भुक्तभोगी परिजनों को चार लाख रुपये की मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया। फोन पर ही डीएफओ आशीष कुमार द्वारा आश्वासन मिलने और ग्रामीणों को समझाने के लिए ग्रामीण माने और शव उठाने दिया। दूसरी ओर, मृतक के अंतिम संस्कार के लिए विधायक रामचंद्र सिंह ने मृतक के परिजनों को 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी। वहीं वनपाल शशांक शेखर पांडे ने भी अपनी ओर से 10 हजार रुपये की मदद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को दिया। साथ ही जल्द ही अन्य सरकारी सहायता राशि भी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। जबकि बीडीओ राकेश सहाय ने मृतक के परिजनों को 50 किलो राशन उपलब्ध कराया।

### तेंदुआ की खोज में बंदूक लेकर मनिका विधायक ने खुद ही संभाला मोर्चा

ग्रामीणों ने शोर शराबा करते हुए कहा कि आदमखोर तेंदुआ घटनास्थल पर अभी भी मौजूद है। यह सुनते ही विधायक रामचंद्र सिंह ने खुद हाथ में बंदूक लेकर मोर्चा संभाल लिया। तेंदुए की तलाश में आगे-आगे चलने लगे। उसके बाद इस कार्य को लेकर जमकर चर्चा भी हुई। विधायक की इस दिलारी की जमकर प्रशंसा भी हो रही है।

### क्या कहते हैं वन अधिकारी

वनपाल शशांक शेखर पांडे ने कहा कि किस जंगली जानवर के हमला से वृद्ध की मौत हुई है यह स्पष्ट नहीं है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। लेकिन संभवतः लकड़बग्घा के हमले से मौत की आशंका है। वन विभाग के विशेषज्ञ द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## वार्ड सदस्य धर्मेंद्र मिश्रा और मुखिया रोहणी देवी ने आंगनबाड़ी के बच्चों में बांटे स्वेटर



**मूरपा (आजाद सिपाही)।** भगेया पंचायत के ओकिया गांव के आगंणबाडी के छात्र छात्राओं के बीच शनिवार को वार्ड सदस्य धर्मेंद्र मिश्रा और मुखिया रोहणी देवी ने गर्म कपड़े (स्वेटर) का वितरण किया। स्वेटर पाते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। छात्र-छात्राओं को स्वेटर मिलने से उनके अभिभावकों ने भी राहत की सांस ली है। स्वेटर वितरण के मौके पर वार्ड सदस्य ने कहा कि छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्वेटर दिया जा रहा है। नौनिहाल बच्चो को स्वेटर से इस कंपकंपी ठंड में बचाव होगा। उन्होंने मन लगाकर पढ़ने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। मुखिया ने बच्चों से कहा कि आपके पास केवल पढ़ाई और खेलने का काम है। खूब पढ़े और खेलें, सरकार बच्चों को लगातार बेहतर शिक्षा देने का प्रयास कर रही है। गौरतलब हो कि धर्मेंद्र मिश्रा ने हाड़ कंपाने वाली ठंड से आगंणबाडी के बच्चों को बचाने के लिए लगातार आगंणबाडी का निरीक्षण कर जल्द से जल्द स्वेटर वितरण करने के निर्देश सेविका को दे रहे थे। इस अवसर पर वार्ड सदस्य धर्मेंद्र मिश्रा, मुखिया रोहणीदेवी, सेविका कौशल्या देवी, सहायिका रिकीं देवी, स्कूल अध्यक्ष विरेन्द्र यादव, व अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## विद्युत बिलिंग एजेंसी को आखिर क्यों संरक्षण दे रहे हैं विभागीय पदाधिकारी, डीडीसी ने पूछा

# विद्युत बिल वितरण नहीं होने का जिम्मेवार कौन?

**जिम्मेदार अधिकारियों ने किन परिस्थितियों में करवाया राजस्व का नुकसान**

आफताब अंजुम

**गुमला।** बिजली का बिल साल भर से नहीं मिल रहा है। ये शिकायत किसी एक कंज्यूमर की नहीं है। सभी सबडिवीजन के हजारों कंज्यूमर बिजली बिल के लिए चिल्ला रहे हैं। मगर एजेन्सी को सुधरना ही नहीं है। आखिर एजेन्सी सुधरे भी क्यों। उनके संरक्षण के लिए विभाग में कई पदाधिकारी मौजूद हैं। एजेन्सी को ये पता है कि चाहे जितनी भी शिकायत मिले, विभागीय अधिकारी उन पर कार्रवाई नहीं करेंगे। अब कारवाई नहीं होने के पीछे क्या कारण हो सकता है ये तो विभागीय अधिकारी ही बता सकते हैं। लेकिन पब्लिक को पता है कि इतनी शिकायत के बावजूद किसी एजेन्सी को इतना संरक्षण पदाधिकारी क्यों देते हैं।

### भ्रष्ट सुपरवाइजर को मौन समर्थन, कार्रवाई के नाम पर सिर्फ पत्राचार

अब देखने वाली बात यह है कि जिस एजेन्सी के सुपरवाइजर साफ तौर पर बिजली बिल वितरण करने वाले ऊर्जा मित्रों से साफ शब्दों में अवैध वसूली करने के लिए कहें। कार्रवाई के नाम पर अधिकारी केवल उसे व्हाट्सएप ग्रुप से रिमूव करा कर सभी को दिग्भ्रमित कर देते हैं। जबकि वो सुपावाइजर दूसरे व्हाट्सएप ग्रुप में सक्रिय हो कर कार्य करता रहता है। और अधिकारी सब जानने के बावजूद ऐसे भ्रष्ट सुपरवाइजर को मौन समर्थन देते नजर आते हैं। एजेंसी के ऐसे भ्रष्ट कर्मी पर प्राथमिकी होनी चाहिए। लेकिन ये बिजली विभाग है, जहां सब चलता है। अधिकारियों का संरक्षण एजेन्सी को इतना है कि सभी सबडीविजन में पिछले साल भर से बिजली बिल तरीके से न निकाला जा रहा है न वितरण किया जा रहा है। फिर भी अधिकारी कार्रवाई के नाम पर सिर्फ पत्राचार कर रहे हैं।

**उपभोक्ताओं को बिजली बिल नहीं मिलने का जिला परिषद में उठने लगा सवाल :** जिला परिषद की बैठक में अब बिजली बिल वितरण नहीं करने को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सिमडेगा विधायक प्रतिनिधि ने जिला परिषद की बैठक में यह सवाल उठाया है कि केवल पालकोट ग्राम में पिछ्ले एक वर्षों से लगभग एक हजार कंज्यूमर को बिजली बिल नहीं मिल रहा है। जिससे सरकार को राजस्व की भारी क्षति हो रही है।

इस शिकायत के मिलने के बाद उप विकास आयुक्त ने सहायक दंडाधिकारी प्रशिक्षु को पत्र प्रेषित करते हुए पूछा है कि पालकोट में कितने परिवार वाले बिजली का उपयोग कर रहे हैं और पिछले एक वर्ष में कितने लोगों को बिजली बिल का वितरण किया गया है? जिन्हें वितरण नहीं किया गया है उसका जिम्मेवार कौन है? साथ ही सबसे ज्वलंत प्रश्न यह किया गया है कि ग्रामीणों के अनुरोध एवं विविध पत्राचारों के बावजूद आखिर किन परिस्थितियों में विभाग के पदाधिकारियों द्वारा अपने दायित्वों का निर्वाह नहीं किया गया? जिसके कारण राजस्व की क्षति हुई है।

### सरकार की सौ यूनिट फ्री योजना को फेल करने की साजिश

कांग्रेस के कई नेताओं का कहना है कि बिजली बिल वितरण नहीं करना, सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना सौ यूनिट फ्री बिजली योजना को फेल करने की साजिश है। बात भी ठीक है। अब साल भर से बिजली मीटर की रीडिंग नहीं होगी तो एक एक कंज्यूमर का बिल सैंकड़ों हजारों यूनिट से अधिक ही आएगा। ऐसे में सौ यूनिट फ्री योजना तो धाराशायी होना तय है। सौ यूनिट फ्री योजना का लाभ उपभोक्ताओं को कैसे मिले इसके लिए विभागीय पदाधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं को जागरूक करना तो दूर ऐसी एजेंसी का संरक्षण कर रहे हैं जिन पर इस योजना को फेल करने का आरोप लग रहा है।

**विभाग के कर्जदार होते जा रहे हैं उपभोक्ता :** एजेंसी के द्वारा विद्युत बिल वितरण नहीं होने से विद्युत कंज्यूमर कर्जदार होते जा रहे हैं। प्रति माह विद्युत बिल भुगतान कर देने से जहां एक और राजकोष में राजस्व की वसूली होती है वहीं दूसरी ओर बकायेदारों की संख्या कम होती है लेकिन लगातार बिजली बिल नहीं मिलने से बिजली के उपभोक्ता भी विभाग के कर्जदार होते जा रहे हैं। दैनिक मजदूरों के लिए एक तो फ्री योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, दूसरे सबसिडी से भी इन्हें हाथ धोना पड़ रहा है, तीसरे ये विभाग के कर्जदार भी होते जा रहे हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### नये वर्ष के उत्सव को लेकर सभी पिकनिक स्पॉटों पर पुलिस के जवान तैनात दिखे



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** नये वर्ष के उत्सव को लेकर सभी पिकनिक स्पॉटों पर पुलिस के जवान रविवार को तैनात दिखे। घाघरा प्रखंड के देवाकी नर्सरी, देवार डैम, टांगर शिकवा टोंगरी, कोयल नदी, मसरिया डैम व बंसरी नदी सहित कई जगहों पर पिकनिक मनाने के लिए आये लोगों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस के जवान तैनात किए गये थे। साथ ही थानेदार सहित कई सब इंस्पेक्टर ने दिन भर सभी पिकनिक स्पॉटों का निरीक्षण किया और शांति व्यवस्था बहाल किया। नया साल को लेकर सभी पिकनिक स्पॉट में जाकर खानपान के साथ झारखंडी गानों पर लोग जमकर थिरके। इस दौरान थानेदार ने सभी से आग्रह किया कि समय से पहले सभी अपने अपने घर पहुंच जायें। कोई भी वाहन तेज गति से ना चलाये। नया साल नयी उमंग लेकर आया है, किसी भी कीमत पर असामाजिक कार्य ना करें। इस मौके पर थानेदार अमित कुमार चौधरी, सूरज रजक, मुकेश कुमार, अभिषेक कुमार, राहुल सिंह, देव प्रताप प्रधान, नागमणि सिंह के अलावा पुलिस के कई जवान पिकनिक स्पॉट पर मौजूद रहे।

### बसिया प्रखंड के विभिन्न पर्यटन स्थलों में पिकनिक मनाकर व नाच-गान कर की गयी नववर्ष की शुरुआत



**बसिया (आजाद सिपाही)।** नववर्ष की शुरुआत प्रखंड के विभिन्न पर्यटन स्थलों में पिकनिक मनाकर, घूमकर, नाच गाना एवं आतिशबाजी करके की गयी। प्रखंड के बाघमुंडा पर्यटन स्थल, धनसिंग टोली डैम, जोलो पुल आदि में पिकनिक मनाने के लिए हुजूम लगा रहा। साल की शुरुआत कुछ लोगों द्वारा मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ भी की गयी। प्रखंड के कोनबीर, लौंगा, कुम्हारी बसिया आदि जगहों पर खस्सी-मुर्गा की दुकानों पर सुबह से ही मटन-चिकन की खरीददारी करते हुए लोग दिखाई देते नजर आये। युवक गाड़ियों में डीजे साउंड लगाकर पिकनिक स्थलों पर नाचते-झूमते नजर आये। पुलिस प्रशासन दिनभर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए लगभग सभी पर्यटन स्थलों में नजर बनाए हुए था।

### भरनो प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया नया साल, पिकनिग स्पॉटों में जुटी भीड़



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया नया साल। लोगों ने 2023 का स्वागत बड़े ही धूमधाम से किया। भरनो स्थित पारस डैम व नदी में रांची, बेड़ो, नगड़ी आदि जगहों से लोग पिकनिक मनाने के लिए एकत्रित हुए। नये साल को लेकर बच्चे और बड़ों में काफी उत्साह देखने को मिला। भरनो थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी सुबह से ही दल बल के साथ पिकनिक स्पॉटों का जायजा लेते नजर आये।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया थाना अंतर्गत बानागुटु में सड़क दुर्घटना में एक युवक लोवाकेरा हयाटोली निवासी 23 वर्षीय रविन्द्र स्वांसी पिता स्व. फिरन स्वांसी की मौत हो गयी। रविन्द्र अपने दोस्त के साथ जोगोटोली से चिकन खरीदकर स्कूटी से अपने घर लौट रहा था। इसी बीच बानागुटु में सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाने के क्रम में उसकी मृत्यु हो गयी।

### पालकोट प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया नया साल का उत्सव



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में धूमधाम से नया साल का उत्सव लोगों ने मनाया। मौके पर 2023 का स्वागत बड़े ही धूमधाम से किया। पालकोट स्थित गोबरसीली चट्टान, पिंजरा नदी, घोड़लता, मलमलपुर सितलपुर, तपकरा डैम, सुन्दरडीह फॉल आदि जगहों पर लोग पिकनिक मनाने के लिए एकत्रित हुए। नये साल को लेकर बच्चे और बड़ों में काफी उत्साह देखने को मिला। पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिंडा सुबह से ही दल बल के साथ पिकनिक स्पॉटों का जायजा लेते नजर आये।

### सिसई प्रखंड क्षेत्र के पिकनिक स्पॉटों पर लोगों ने उत्साह से नये साल का किया स्वागत



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को बीते वर्ष 2022 की विदाई व नव वर्ष 2023 का आगमन हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न पिकनिक स्पॉट, प्राकृतिक सौंदर्य स्थल व नदी-पहाड़ तटों पर उमंग और उत्साह से नये साल का स्वागत नाच गान के साथ लोगों ने किया। इस दौरान नागफेनी कोयल नदी तट, राष्ट्रीय ऐतिहासिक धरोहर नगर नवरत्न गढ़, पोटरो काड़ो कोच्चा, खेरां, शिवनाथपुर, घाघरा, छारदा, लरंगो, पुसो, ओल्मुण्डा सहित विभिन्न नदी तटों के पिकनिक स्पॉट में गीत-संगीत के साथ लोगों का भारी जमावड़ा सुबह से लगा रहा। बीते दो-तीन वर्षों में कोरोना संक्रमण के कारण विभिन्न त्यौहारों सहित नववर्ष आगमन के उत्साह में कमी देखी गई थी। चीन सहित अन्य देश में कोरोना के बढ़ते संक्रमण और देश में लगातार जारी होते सतर्कता निर्देशों व इसको लेकर आने वाले समय की आशंकाओं के बीच बच्चों-युवाओं, पारिवारिक सदस्यों ने मिल-जुल कर नववर्ष मनाया। वहीं शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यावसायिक व स्थानीय स्तर पर मटन-चिकन व सब्जियों की दुकानों में भी भारी संख्या में लोगों ने खरीदारी की। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के विभिन्न पिकनिक स्पॉटों में सुरक्षा व विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासन मुस्तैद था। समाचार लिखे जाने तक कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

# दिल खोल कर लोगों ने किया नये वर्ष का स्वागत

## नागफेनी, बरिसा व टोंगरी में उमड़ी शहरी क्षेत्र के लोगों की भीड़

**पर्यटक स्थलों पर लोगों की उमड़ी भीड़ को देखते हुए किये गये थे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**


आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लोगों ने नये वर्ष का स्वागत दिल खोलकर किया। पूरे जिले में लोगों ने नव वर्ष को उत्सव के रूप में मनाया। पर्यटक स्थलों पर लोगों की भीड़ उमड़ी। इसको देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये थे। रविवार की सुबह गुमला के विभिन्न मंदिरों में लोगों ने पूजा पाठ कर नये साल की शुरुआत की। लोग सपरिवार पर्यटक और धार्मिक स्थलों में पहुंचे। युवा जगह जगह पर झूमते नाचते गाते दिखाई दिये। लोगों ने नव वर्ष पर जमकर मनोरंजन किया। नव वर्ष का लुत्फ लोगों ने हंसी खुशी के साथ उठाया। नये साल पर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। नदियों में मस्ती करते बच्चे और युवा दोनों नजर आये। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। विभिन्न पर्यटक स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी।


नव वर्ष पर गुमला के नागफेनी, टोंगरी, बरिसा आदि स्थानों पर जबरदस्त भीड़ देखी गई। वहीं लोगों ने सोशल मीडिया के जरिए लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं भी दी। लोगों ने अपनी मस्ती करते तस्वीर और विडियो भी सोशल मीडिया में खुब शेयर किया गया।

सबसे अच्छी बात यह रही कि कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

जिले के वरीय अधिकारी विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण करते हुए विधि व्यवस्था का जायजा लेते दिखाई दिए।



नागफेनी में नव वर्ष इंजॉय करते लोग



चट्टानों के बीच कलकल करती धाराओं के पास नव वर्ष उत्सव



पिकनिक है तो सामूहिक भोजन का भी लिया जायेगा लुत्फ



कितना मनोरम है नागफेनो का दृश्य



टोंगरी में पिकनिक करते लोग



पूरा शहर पर्वत पहाड़ों पर

**कार्यक्रम :** स्व. ललित उरांव जयंती समारोह में पूर्व विधायक डॉ दिनेश उरांव ने श्रद्धासुमन अर्पित कर कहा

# उनकी सादगी व ईमानदारी के लिए लोग उन्हें आज भी पूरे सम्मान से याद करते हैं

**जयंती समारोह में स्व. ललित उरांव की प्रतिमा में पूर्व स्पीकर सहित भाजपाइयों ने बारी बारी से किया श्रद्धा सुमन अर्पित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** क्षेत्र के लोकप्रिय नेता सह तीन बार विधायक, दो बार सांसद व दो बार मंत्री रहे स्व. ललित उरांव की जन्म तिथि पर रविवार को जयंती समारोह मनाया गया। प्रखंड कार्यालय स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जयंती समारोह में स्व. ललित उरांव की प्रतिमा में पूर्व स्पीकर सह पूर्व विधायक डॉ दिनेश उरांव ने माल्यार्पण सहित भाजपाइयों ने बारी बारी से श्रद्धा सुमन अर्पित किया।



इस दौरान डॉ दिनेश उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि स्व. ललित उरांव ने शिक्षक रहते हुए राजनीति में कदम रखा। राजनैतिक जीवन की शुरुआत काल में 1962 में उन्होने कांग्रेस के टिकट पर सिसई विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा। सिसई के गणमान्य लोगों के नेतृत्व में 1965 में जनसंघ पार्टी में शामिल हुए और 1969 के चुनाव में पहली बार विधायक बन आदिवासी कल्याण मंत्री बने। 1974 के आपातकाल में उन्हें तिहाड़ जेल जाना पड़ा था। 1977 में वन मंत्री एवं 1980 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज कर विधायक बने। स्व. ललित उरांव 1991 एवं 1996 में सांसद बने थे। उनका राजनीतिक जीवन में उनकी सादगी, शालीनता, ईमानदारी, उच्च विचार, लगनशील व कर्मठ छवि ने पार्टी व आम जनता के बीच अमिट छाप छोड़ी है। आज भी उनकी ईमानदारी व काम करने के तरीके को लोग याद करते हैं। सांसद व विधायक रहते हुए भी वे खेती-बाड़ी से जुड़े रहे। सांसद व विधायक रहते हुए वे पैसा नहीं कमा पाये, लेकिन लोगों के दिलों पर राज करते आये हैं। अभी भी लोग उन्हें पूरे सम्मान से याद करते हैं।

मौके पर ललित उरांव के पुत्र मंगलाचरण उरांव, पौत्र अभिषेक चन्द्र उरांव, सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह, राज्य सभा जिला सांसद प्रतिनिधि अनिल साहु, सिसई भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, पुसो मंडल अध्यक्ष सुमित महली, वरिष्ठ भाजपाई लाल मोहन साहू, नंदकिशोर सिंह, बसंत साहू, दीपक सिंह सहित अनेक भाजपाई शामिल थे।

# सिमडेगा : नव वर्ष पर सत्य साईं मंदिर में भगवान शिव का किया गया रुद्राभिषेक

**मंदिर परिसर में संस्था ने किया सिलाई प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** नव वर्ष पर सत्य साईं मंदिर कोचेडेगा में भगवान सत्य श्री साईं का सुप्रभातम ओंकार मंत्रों के साथ ही भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। साथ ही भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तत्पश्चात महिलाओं के सार्वजनिक उत्थान को ध्यान में रखकर बालिकाओं-महिलाओं के लिए मंदिर परिसर में ही संस्था के द्वारा सिलाई प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया। संस्था के जिला समन्वयक गणपति बड़ाईक ने कहा नव वर्ष के अवसर पर रविवार को सुप्रभातम ओंकार मंत्रों का जप के साथ ही भगवान शिव का रुद्राभिषेक में मंदिर के पुरोहित के साथ साईं वेद पाठशाला में पढ़ रहे छात्रों ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके साथ सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नारियल तोड़कर कोचेडेगा पंचायत समिति सदस्य भगवती देवी ने किया। साथ ही कहा कि महिलाओं के आर्थिक उत्थान के लिए सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण सशक्त माध्यम होगा। सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का दायित्व शंभू नाथ गोस्वामी को दिया गया है।



वह प्रशिक्षक सह समन्वय के रूप में दायित्व का निर्वाह करेंगे। उन्होंने कहा कि सिलाई कढ़ाई प्रतिष्ठा व ईमानदारी के साथ आय का एक सशक्त माध्यम है, जिससे आर्थिक उन्नति भी किया जा सकता है। इसके साथ ही भंडारे का आयोजन कर कार्यक्रम की पूणार्हुति की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में लखपति बड़ाईक, कमलेश ग्वाला, रंजन, उदयकांत चौधरी, युवा समन्वयक लक्ष्मी देवी व कौशल्या देवी व ग्रामीणों ने योगदान दिया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 02 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



## हाशमी बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे : इप्टा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सफदर हाशमी बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। सफदर व राम बहादुर और उनकी शहादत को याद करने का मतलब है अपनी आंखें खुली रखना, अपने दिमाग को रोशन रखना, सत्ता से सवाल करना, और अपने दोस्त एवं दुश्मन की पहचान करना। सफदर अंग्रेजी के प्रोफेसर थे। साथ ही अंग्रेजी अखबार के स्तंभकार, नाटककार, कवि, गीतकार अभिनेता और संगठनकर्ता भी थे। आजाद भारत की रंगभूमि पर शहीद होने वाले प्रथम कलाकार थे। साथ ही सफदर और अन्य कलाकारों को बचाते हुए मजदूर दर्शक साथी राम बहादुर भी शहीद हो गये थे। राम बहादुर की शहादत इप्टा के उस दर्शन को प्रतिष्ठित करता है कि कला की असली नायक जनता होती है। सफदर हाशमी की कला एवं साहित्य के केंद्र में मजदूर, किसान, छात्र, नौजवान, शिक्षा सहित जीवन की तमाम जरूरतें निहित है। वर्तमान राजनीति 40 वर्ष पहले की राजनीति से बदतर हो गई है। ऐसे में सफदर हाशमी और राम बहादुर की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। यदि हम सुंदर दुनिया के निर्माण के लिए कल के वास्ते कोई ख्वाब सजाना चाहते हैं तो वर्तमान का आकलन करते हुए सफदर हाशमी के रास्ते पर आगे चलना होगा। उक्त बातें पलामू इप्टा द्वारा रेडमा स्थित इप्टा कार्यालय में आयोजित सफदर हाशमी शहादत समारोह के पहले दिन संकल्प सभा के दौरान इप्टा राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजन समिति के प्रेम भसीन, केडी सिंह, पंकज श्रीवास्तव, शब्बीर अहमद, उपेंद्र कुमार मिश्र, प्रसिद्ध राम, शिव शंकर प्रसाद, हेमंत दास, राजीव रंजन, निषाद खान, संजीव कुमार संजू, कुलदीप राम एवं शशि पांडे ने कहा। संकल्प सभा की अध्यक्षता केडी सिंह और संचालन प्रेम प्रकाश ने किया। सभा के अंत में इप्टा के कलाकारों ने शहीदों ले लो मेरा सलाम गीत से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा। मौके पर रवि शंकर, अभय मिश्र, धीरेंद्र कुमार, अजीत कुमार, भोला कुमार, समरेश सिंह, संजीत दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## राज कुमार लकड़ा ने पलामू जोन के आइजी के पद पर ग्रहण किया प्रभार



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर पदस्थापित राज कुमार लकड़ा आज पलामू जोन के आइजी के पद पर पदभार ग्रहण किया। उन्होंने पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय, पलामू में पदभार ग्रहण किया और पलामू प्रमंडलवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। साथ ही पलामू प्रमंडलवासियों को आगे बढ़ने, सुखी, संपन्न रहने एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जोनल आइजी ने बेहतर पुलिसिंग की बातें कही। उन्होंने कहा कि समाज में परिवर्तन हो रहा है। ऐसे में पुलिसिंग में बदलाव हो रहे हैं। साइबर अपराध की घटनाएं बढ़ रही है, इस ओर विशेष ध्यान देंने की जरूरत है। प्रशिक्षण शिड्यूल के अनुसार अपने आप को परफॉर्म करें। उन्होंने बेहतर समन्वय स्थापित कर पलामू प्रमंडल को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में कार्य जारी रखने पर बल दिया।

## ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र ने नये साल में नयी ऊर्जा से काम करने का दिया मंत्र



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सद्भावना भवन सेवा केंद्र पर नववर्ष पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनवरी को तपस्या का महीना बताते हुए कम से कम आठ घंटे ईश्वरीय याद में रहने के गुर समझाये गये। सेवा केंद्र प्रभारी बीके नीलम ने कहा कि यह नववर्ष नही अपितु नवयुग की शुरूआत है, जिसका हमें आध्यात्मिक दृष्टि से स्वागत करना चाहिए। उन्होंने ईश्वरीय महावाक्य भी सुनाये। वही बीके नम्रता ने भी जनवरी मास के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला व नववर्ष को ईश्वरीय साधना से जोड़कर सकारात्मक चिन्तन की सलाह दी। ब्रह्माकुमारी संस्थान के बच्चों ने नृत्य एवम बी के नीलम और रूपेश रंजन जी ने संगीत के माध्यम से किया नए साल का स्वागत किया। कार्यक्रम में बीके. नीरज, मनोज भगत, रामनरेश यादव, बीके धीरज, रामदेव, ललन, कृष्ण, कुसुम माता आदि मौजूद रहे।

### नये साल में पिकनिक स्पॉट पर जुटे मुखिया और पंचायत समिति के सैकड़ों कार्यकर्ता

# दुमुहान डैम के पास लोगों ने नये साल का उठाया आनंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** क्षेत्र में नव वर्ष का स्वागत काफी धूमधाम एवं उत्साह के साथ किया गया। कहीं लोग पिकनिक मना कर स्वागत किया तो कहीं क्षेत्र के मंदिरों में पूजा अर्चना कर सुख, समृद्धि, संपन्नता, स्वास्थ्य, धन, यश, मान-सम्मान और उन्नति, प्रगति तथा विकास आदि की मन्नतें मांगे। इस साल नववर्ष का संयोग बहुत ही अच्छा है। नववर्ष का आगमन रविवार को हुआ। सभी कार्य में मंगल होगा। शनिवार की रात 12 बजने के साथ ही मोबाइल से हेलो हाय, एसएमएस, वाट्सएप, फेसबुक, मैंसेंजर एवं ई मेल के माध्यम से नववर्ष की बधाई देने में क्षेत्र के लोग दिन भर व्यस्त रहें। आतिशबाजी एवं हैपी न्यू ईयर की आवाज गूंजने लगी। पांकी प्रखंड के हुरलौंग पंचायत के मुखिया बिंदा देवी और पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी देवी के सौजन्य से हुरलौंग स्थित दुमुहान डैम के पास पिकनिक मनाया। नया साल 2023 का गर्मजोशी एवं काफी उत्साह के साथ स्वागत किया। पिकनिक में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होकर नये साल का जश्न मनाया। नए साल के जश्न में कार्यकर्ताओं ने डीजे के धुन पर नाचते दिखे। मुखिया बिंदा देवी ने लोगों को नव वर्ष की शुभकामनायें और बधाई दी। उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग से पंचायत क्षेत्र समुचित विकास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पिकनिक स्थल पर सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होकर यह साबित कर दिया कि हमारे कार्यकर्ता हर मुसीबत के साथ हमेशा खड़ा हैं। पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी देवी ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर समय कार्यकताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे और उनकी हर सुख दुख में शामिल रहेंगे।

### इनकी रही मौजूदगी

मौके पर पांकी विधायक के मीडिया प्रभारी वीरेंद्र वर्मा, पंचायत समिति सदस्य के पति पिंटू गुप्ता, युवा समाजसेवी राजन सहाय, युवा समाजसेवी छोटन खान, अरविंद सिंह,काशीनाथ यादव, गोल्डन खान, साकेत पासवान, अनूप कुमार पांडेय उर्फ दादा बाबा, संजय राम,सन साइन पब्लिक स्कूल के चेयरमैन राजेश कुमार प्रजापति, विश्वनाथ प्रजापति, अरविंद प्रजापति, बिजली साव,विजय पासवान, हुरलौंग पंचायत के पूर्व उप मुखिया सह समाजसेवी सुनील मिश्रा,लालो साव, वार्ड सदस्य संतू यादव, स्वयं सेवक सह समाजसेवी अवधेश कुमार यादव, अवधेश पासवान,प्रमोद प्रसाद गुप्ता, संतोष चंद्रवंशी , समाजसेवी जुम्मन खान, संदेव यादव,विष्णु देव यादव, तनवीर आलम,राजेश पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

# सामाजिक कार्यकर्ता अतुल और जेजेए ने नये वर्ष पर बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री और मिठाई बांटी

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतबरवा/पलामू।** नव वर्ष पर जहां एक ओर सभी लोग जश्न में डूबे हुए हैं वहीं दूसरी ओर 2023 के प्रथम साल के प्रथम दिन प्रखंड के जोड़ा भुईयां टोला में सामाजिक कार्यकर्ता अतुल कुमार एवं झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष विनोद ठाकुर तथा सचिव पप्पू कुमार, स्वयंसेवक जितेंद्र कुमार ने बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल, कट्टर, रबड़ का वितरण कर शिक्षा का अलख जगाने का काम किया, साथ ही साथ शिक्षा के प्रति अभिभावकों को जागरूक करने का काम भी उनके द्वारा किया गया। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए चॉकलेट एवं लड्डू खिला कर नव वर्ष की शुभकामनायें दी। बताते चलें जोड़ा भुइयां टोला शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ जगह हाउस पार्टी है जहां किसी नेता और प्रतिनिधि का ध्यान नहीं जाता है। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता अतुल कुमार ने बच्चों के अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाने में कमी नहीं करें, हम लोग आपके साथ हैं। जेजेए के प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार चौधरी ने कहा कि आपके इस टोले के विद्यालय में और बेहतर पढ़ाई का माहौल बने इसके लिए हम लोग काम करेंगे। विनोद ठाकुर, पप्पू कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें ,जब आपका बच्चा पड़ेगा तभी आगे बढ़ेगा।

### नववर्ष के अवसर पर युवा समाजसेवी ने किया कंबल का वितरण

# जरूरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा धर्म: चंदन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** नव वर्ष के अवसर पर व बढ़ती ठंड को देखते हुए गरीब असहायों के बीच हुसैनाबाद प्रखंड के बडेपुर पंचायत के युवा समाजसेवी चंदन कुमार सिंह ने कंबल का वितरण किया। कंबल वितरण के दौरान युवा समाजसेवी श्री सिंह ने कहा कि गरीबों व असहायों को मदद करना मेरी नियती में शामिल है। उन्होंने कहा कि मैंने यह निश्चय किया कि जितना हो सके मैं अब गरीब असहायों को मदद करूंगा। उन्होंने कहा कि एक ओर जहा ठिठुरती ठंढ मे रजाई एवं कंबल के सहारे घरों में लोग सो जाते है । लेकिन उसकी जिंदगी कैसे गुजरती होगी जो एक साधारण चादर के सहारे ठंढी रात गुजारते है। असहायों पर सबकी दया नही होती बल्कि भगवान की जिसपर कृपा होती है वही इस तरह के पुन्य कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि मानव कल्याण से बड़ा कोई धर्म नही है जरूरतमंदों की मदद करना मानवता की परिभाषा है। समाजसेवी ने बताया कि यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। मौके पर सुनील कुमार सिंह, मनोहर कुमार सिंह, पीयूष विश्वकर्मा, चंदमनी सिंह, रंजीत सिंह, प्रवीण ठाकुर, विवेक सिंह, अजय ठाकुर, गोरख ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे।

## नव वर्ष पर हुसैनाबाद अनुमंडल के सभी पिकनिक स्पॉट रहे गुलजार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नववर्ष के मौके पर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न पिकनिक स्पॉटों पर युवाओं की काफी भीड़ देखी गई। साउंड पर जगह जगह युवा थिरकते नजर आए। सर्वाधिक भीड़ मोहम्मदगंज के भीम चुल्हा, देवरी सोन नदी के तट व दंगवार सूर्य मंदिर के समीप सोन नदी के तट व मुरली पहाड़ी पर दिखी। देवरी स्थित सोन नदी के बीचों बीच डीला पर जपला शहर के सैकड़ों युवाओं ने अपनी अपनी टोली बनाकर नये वर्ष का आनंद लिया। युवकों ने पिकनिक स्पॉट पर विधिवत टेबल, कुर्सी, छतरी के अलावा गुबारे का व्यवस्था कर नये वर्ष का आनंद लिया।वही नगर अध्यक्ष शशि कुमार,उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी व सद्भावना चौकड़ी के लोगों ने भी देवरी सोननदी पहुँचकर पिकनिक का लुत्फ उठाया। युवक डीजे साउंड पर जमकर नाचते भी देखे गये। युवाओं ने बताया कि नये वर्ष के आगाज में सुबह से ही सोन नदी के बीचों बीच डीला पर नाव के सहारे पिकनिक मनाने के लिये पहुंच गये थे। देर शाम तक मुर्गा मसलम के साथ जमकर खुषी का इजहार किया गया। लंगरकोट पहाड़ स्थित शिव मंदिर प्रांगण के अलावा महुडंड सहित हुसैनाबाद के पहाड़ी भाग में भी ग्रामीण क्षेत्र के लोग पिकनिक का आनंद लेते देखे गये। वहीं महिला व बुजुर्ग अहले सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना कर नये वर्ष की शुरूआत की। इस मौके पर मध्य रात से ही 2023 का आगाज के साथ एक दूसरे को लोग बधाइयां देते भी देखे गये।युवा वर्ग व बच्चे नव वर्ष के आगाज के साथ पिकनिक मनाने में पीछे नहीं रहे। हुसैनाबाद के दंगवार सूर्य मंदिर, देवरी शिव मंदिर, पंसा सूर्य मंदिर के अलावा हैदरनगर देवी धाम मंदिर सहित सभी शिवालयों में काफी भीड़ रही। मोहम्मदगंज भीम चुल्हा शिव मंदिर में भी कोयल में स्नान कर पूजा करते देखे गए।

**पुलिस रही चौकस:** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के देवरी स्थित सोन नदी तट, दंगवार स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण व मोहम्मदगंज भीम बराज के आस-पास पहाड़ी क्षेत्रों में भी युवा वर्ग पिकनिक स्पॉट मनाने में मशगुल थे। हुसैनाबाद एसडीपीओ पूज्य प्रकाश के निर्देश पर अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी पेट्रोलिंग करते दिखे। एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने बताया कि नदी के तटवर्ती क्षेत्र में जगह-जगह पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## जहर खाने से नाबालिग की मौत, जांच में जुटी पुलिस


**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के मोहम्मदगंज थाना अंतर्गत शीला पर गांव निवासी सिकेन्द्र चौधरी की 17 वर्षीय नाबालिक पुत्री नेहा कुमारी ने पारिवारिक झगड़े में जहर खा ली। परिजनों ने शनिवार की देर शाम इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने नाबालिग को देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। उधर हुसैनाबाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर रविवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जबकि हुसैनाबाद थाना प्रभारी सौरभ कुमार ने बताया कि परिजनों से फर्द बयान लेने के बाद अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए मोहम्मदगंज थाना को भेज दिया गया है।

## मलय डैम पर पर्यटकों का उमड़ा जन सैलाब



**सतबरवा /पलामू (आजाद सिपाही)।** नव वर्ष के मौके पर सतबरवा के मूरमा स्थित मलय डैम पर उमड़ा पर्यटकों का जनसैलाब। मलय डैम जो प्राकृतिक सुंदरता को समेटे हुए चारों और पहाड़ों से घिरा हुआ एक मनोरम पर्यटन स्थल है। यहां केवल पलामू ही नहीं बल्कि दूसरे जिलों से भी लॉकअपने पूरे परिवार के साथ घूमने आते हैं। यहां नौका विहार करने का आनंद ही कुछ और है। यहां सांसद विधायक समेत कई आला अधिकारी नौका विहार का आनंद ले चुके हैं। डैम की खूबसूरती और यहां रोजगार के आसार देखते हुए झारखंड सरकार द्वारा पर्यटन स्थल घोषित कर इसे और सुंदर मनोरम बनाने के लिए इस पर सरकार काम कर रही है। नये साल की धूम डैम के साथ-साथ सतबरवा प्रखंड के फुलवरिया स्थित औरंगा नदी पर भी देखने को मिला। सैकड़ों की संख्या में लोग पिकनिक मनाते नजर आए। नदी में पिकनिक का आनंद व्यवसाई वर्ग के लोग अपने पूरे परिवार के साथ लिए तो वही युवा वर्ग भी काफी उत्साहित दिखे, आर डी जे पर झूमते नजर आये।

# स्पोर्ट्स



बीसीसीआइ ने मुंबई में हुई समीक्षा बैठक में कई अहम फैसले लिये हैं। खिलाड़ियों का वर्कलोड मैनेजमेंट इनमें से एक है। भारत के कई अहम खिलाड़ी चोट से परेशान हैं।

### बीसीसीआइ की मीटिंग में बड़ा फैसला

# आइपीएल 2023 से दूर रह सकते हैं रोहित-कोहली और हार्दिक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** बीसीसीआइ ने मुंबई में हुई समीक्षा बैठक में कई अहम फैसले लिये हैं। खिलाड़ियों का वर्कलोड मैनेजमेंट इनमें से एक है। भारत के कई अहम खिलाड़ी चोट से परेशान हैं। ऐसे में टीम के कप्तान रोहित शर्मा, कोच राहुल द्रविड़, बीसीसीआइ अध्यक्ष रोजर बिन्नी, बीसीसीआइ सचिव जय शाह, पूर्व चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा और एनसीए के हेड वीवीएस लक्ष्मण की मौजूदगी वाली मीटिंग में खिलाड़ियों के वर्कलोड पर काफी बात हुई। इस साल अक्टूबर के महीने में वनडे विश्व कप भी होना है। ऐसे में बीसीसीआइ आइपीएल के दौरान प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दे सकता है। इस मीटिंग में 2022 में भारतीय टीम के प्रदर्शन पर भी चर्चा हुई। इस दौरान दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में हार और टी20 विश्व कप में भारत के सेमीफाइनल में हारने पर भी चर्चा हुई।

भारत के कई अहम खिलाड़ी इस साल चोट से जूझते रहे हैं। ऐसे में इस मीटिंग में चोट को लेकर काफी चर्चा हुई। बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में भारत की हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने बड़े खिलाड़ियों के चोटिल होने पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि खिलाड़ी फिट होने के बावजूद बार-बार चोटिल क्यों हो रहे हैं। बता दें कि रोहित ने कहा था, हमें कोशिश करनी होगी और इसकी तह तक जाना होगा। मुझे नहीं पता कि यह वास्तव में क्या है। हो सकता है कि वे बहुत अधिक क्रिकेट खेल रहे हों। हमें उन लोगों पर नजर रखने की कोशिश करने की आवश्यकता है, क्योंकि यह समझना महत्वपूर्ण है कि जब वे भारत के लिए आते हैं, तो उन्हें पूरी तरह फिट रहने की आवश्यकता होती है। दीपक चाहर 2022 में अधिकांश समय तक चोटिल रहे, जसप्रीत बुमराह पीठ में फ्रैक्चर से उबर रहे हैं। रवींद्र जडेजा, जो टखने की चोट से उबर रहे हैं। मेडिकल टीम ने इन सभी खिलाड़ियों को लेकर वर्कलोड मैनेजमेंट पर प्रेजेंटेशन दिया।

### मीटिंग में हुए अहम फैसले

मीटिंग में तय किया गया है कि टीम के अहम खिलाड़ियों के अगर चोटिल होने की संभावना है तो उन्हें आइपीएल से दूर रखा जायेगा। 20 खिलाड़ियों का पुल बनाया गया है, जिनके बीच से वनडे विश्व कप की टीम चुनी जायेगी। नये ब्लूप्रिंट के अनुसार, खिलाड़ियों सेंट्रल पुल के लिए एक फिटनेस और वर्कलोड रोडमैप को तैयार किया जायेगा, इसके लिए काम शुरू हो चुका है। खिलाड़ियों की फिटनेस का सटीक अंदाजा लगाने के लिए यो-यो टेस्ट के साथ डेक्सा स्कैन को भी जोड़ने की सिफारिश की गयी है। डेक्सा स्कैन के जरिए खिलाड़ियों की हड्डी की मजबूती पता चलती है।

## जोफ्रा आर्चर ने मैदान पर वापसी की घोषणा की, कहा- मैं तैयार हूं 2023

**लंदन (आजाद सिपाही)।** कोहनी और पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण पिछले लंबे समय से बाहर रहे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर वर्ष 2023 में मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। आर्चर ने ट्विटर पर अपनी वापसी की घोषणा करते हुए कहा, धन्यवाद 2022, मैं तैयार हूं 2023। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम मुंबई इंडियंस ने आर्चर को 8 करोड़ रुपये में खरीदा था लेकिन चोटिल होने के कारण वह पिछले सत्र में नहीं खेल पाये थे। पांच बार का आईपीएल चैंपियन मुंबई अब जसप्रीत बुमराह के साथ उनकी खतरनाक जोड़ी तैयार करने की उम्मीद कर सकता है। मुंबई इंडियंस ने दक्षिण अफ्रीकी लीग में अपनी फ्रेंचाइजी केपटाउन के लिए भी आर्चर को अनुबंधित किया है। वनडे विश्व कप 2019 में इंग्लैंड की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेने वाले आर्चर ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच मार्च 2021 में खेला था। आर्चर ने फिट होने के बाद नवंबर में टेस्ट टीम के साथ अबू धाबी में अभ्यास किया था। वह जनवरी में दक्षिण अफ्रीकी लीग में खेलने के बाद इंग्लैंड की तरफ से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 27 जनवरी से शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला में भाग लेंगे। आईपीएल में खेलने से पूर्व वह सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए बांग्लादेश दौरे पर जा सकते हैं।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 02 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
11

## जरीडीह बाजार में गायत्री इंटरप्राइजेज ने जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा



**जरीडीह बाजार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो में लगातार बढती ठंड को देखते हुए रविवार को नव वर्ष के उपलक्ष में बेरमो कोयलांचल के जरीडीह बाजार में गायत्री इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर बबलू मोदी ने गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा बढ़ती ठंड के बीच जिनके पास कंबल नहीं है उन्हें नव वर्ष के मौके पर उनकी ओर से कंबल दिया गया, ताकि वह भी ठंड से खुद को सुरक्षित रख सके। उन्होंने बताया कि इस दनि लगभग 100 जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढ कर कोई धर्म नहीं है। सबसे बड़ा धर्म तो मानव की सेवा करना ही होता है। इसी तरह जब भी किसी जरूरतमंद को सेवा करने का मौका मिलेगा तो हम निःस्वार्थ भाव से आगे रहेंगे।

### उत्साह : मौसम ने ली करवट, साल के पहले दिन पूजा-अर्चना को मंदिरों में जुटी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

# नव वर्ष के जश्न में डूबा धनबाद कोयलांचल

आजाद सिपाही टीम

**धनबाद/चिरकुंडा।** हैप्पी न्यू ईयर-हैप्पी न्यू ईयर की धून में झूमा कोयलांचल। सर्द मौसम के थपेडों में भी लोगों का उत्साह चरम पर रहा। हालांकि मौसम के अचानक बदलाव से लोग जल्द ही अपने घरों को लौट चलें। लेकिन इसी बीच नये वर्ष की खुशियों का जमकर मजा लिया। बात अगर सैलानी स्थल मैथन व भटिंडा फॉल कि करें तो वहां लोगों का उत्साह चरम सीमा पर देखने को मिला। रविवार की सुबह सैकड़ों कि संख्या में जिले भर से लोगों का हुजूम पिकनिक मनाने के लिए सारी समाग्री व्यवस्था के साथ वहां पहुंच अपने चयनित स्थानों पर जमने लगे। वे अपने साथ लाए खाद्य समाग्री का लुफ्त लेने व हिन्दी गानों पर थिरकते हुए विशेष भोजन की प्रक्रिया में जूटे रहे। कमोबेश यही स्थिति जिले के सभी पार्कों व मैदानों में दिखा। वहीं जिले भर के मंदिरों में भी सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी जो अपने परिजनों के संग वर्ष के पहले दिन की शुरूआत पूजा-अर्चना से की। जिले के कई समाजिक संस्था ने गरीब एवं जरूरतमंद लोगों व छोटे बच्चों के बीच मिठाईयाँ व गर्म कपड़े बांट उनके साथ नववर्ष की खुशियां मनाई। जिले के मैथन, भटिंडा व पंचेत डैम के अलावा बिरसा मुंडा पार्क, टाटा दोराबजी पार्क, गोकुल धाम, युनियन क्लब,गोल्फ ग्राउंड आदि स्थानों पर नववर्ष की धूम मची रही।








धनबाद कोयलांचल के विभिन्न पर्यटक स्थलों पर रविवार को नव वर्ष का आनंद उठाने के लिए उमड़ी सैलानियों की भारी भीड़। अलग-अलगह जगहों प रलोगों ने अपने-अपने तरीके से नववर्ष का आनंद उठाया।

### टाटा पार्क में उमड़ी सैलानियों की भीड़

धनबाद बैंक मोड़ से 10 किलोमीटर दूरी पर स्थित जामाडोबा में सर दोराबजी पार्क में नव वर्ष में पार्क घूमने वाले सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी। दूर दराज से लोग पार्क को देखने के लिए अपने परिजनों के साथ पहुंचे थे। कृत्रिम रूप से बने छोटे से झील में हंसो को मस्ती करते देख बच्चे गदगद हुए। पार्क में 150 से अधिक प्रजाति के फूलों जैसे गुलाब, गेंदा, जूही, चमेली सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। पर्यावरण को देखते हुए टाटा स्टील द्वारा कई खूबसूरत पौधे लगाए गए है। पार्क में सैलानियों की भीड़ धनबाद, झरिया, लोदना, पाथरडीह, सिंदरी, भोजूडीह आदि जगहों से पहुंची थी। स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए टाटा स्टील ने खाने पीने की सामग्री पर प्रतिबंध लगाई हुई है। पार्क के बाहर मेला सा नजारा था। वहां चाट, गुपचुप, छोला बटोरा, आइसक्रीम के ठेले पर सैलानियों की काफी भीड़ देखी गई। टाटा प्रोजेक्ट ऑफिस के सामने बच्चों के लिए बना ट्रेंगुलर पार्क बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। पार्क में कई तरह के झूले लगे हुए है वही पार्क में 100 प्रजाति के आयुर्वेदिक पौधे लगाए गए है जिसकी जानकारी सैलानियों को दिया गया।

## बीएसएल के निदेशक इंचार्ज ने केक काटकर मनाया नव वर्ष का जश्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सिटी इलाके में बोकारो स्टील के सीएसआर विभाग की ओर से प्रत्येक रविवार को हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया जाता है। लेकिन इस दिन सुबह हैप्पी स्ट्रीट के लिए खुशियों भरा रहा है। क्योंकि नए साल का आगाज हुआ है। ऐसे में हैप्पी स्ट्रीट में आए लोगों के साथ बोकारो स्टील के डायरेक्टर टेक्निकल अमरेंदु प्रकाश में केक काटकर नए साल की शुरूआत की। इस दौरान सभी लोग सुबह-सुबह हैप्पी स्ट्रीट में पहुंचकर नये साल का जश्न मनाते हुए स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इस दौरान सीआईएसएफ अन्य संगठन के लोग अपने-अपने तरीके से लोगों का मनोरंजन कराया और सभी लोग अपने-अपने तरीके से अपनी कला का प्रदर्शन करते नजर आए। इस दौरान डायरेक्टर इंचार्ज अमलेंदु प्रकाश के पांव भी थिरके। पत्रकारों से बातें करते हुए बोकारो स्टील के डायरेक्टर टेक्निकल अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि हैप्पी स्ट्रीट एक जगह नहीं एक कंसेप्ट है। यह खुश रहने और स्वस्थ रहने का एक माध्यम है। कहा कि जिस प्रकार बोकारो स्टील सिटी के लोग इस में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं यह एक बड़ी उपलब्धि है। नए वर्ष में नए तरीके से नई-नई चीज बोकारो वासियों के लिए बोकारो स्टील प्रबंधन लाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि इसी माह बोकारो में मैराथन दौड़ आयोजित की जाएगी, जिसमें बोकारो के सभी लोग आमंत्रित हैं। कहा कि मैराथन दौड़ की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## नववर्ष पर बेरमो कोयलांचल में दिखा उत्साह, गणेश मंदिर में उमड़ी भीड़

**बेरमो थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बेरमोवासियों को नववर्ष की बधाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/बेरमो।** नए वर्ष 2023 का आगाज होते ही लोगों में जोश और उमंग भर आया। शनिवार की देर रात्रि तक लोगों ने जागकर नए साल का स्वागत किया। मध्य रात 12 बजे नए साल का प्रारंभ होने के साथ ही लोगों ने केक काटे, पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। नए साल के स्वागत में बेरमो कोयलांचल के विभिन्न स्थानों फुसरो बाजार, पुराना वीडियो ऑफिस, करगली बाजार, करगली गेट, सुभाष नगर, जवाहर नगर, मकोली, सेंटर कॉलोनी, पिचरी इत्यादि स्थानों पर युवाओं ने डीजे की धुन पर नाच गाने करते हुए नए साल का स्वागत किया। फुसरो बाजार में लोग अपने दोस्तों और परिवारों के साथ लजीज व्यंजन का लुफ्त उठाते हुए नए वर्ष का स्वागत केक काटकर किए। रविवार को सुबह कुछ लोग मंदिरों में भगवान का दर्शन करने पहुंचे। भगवान का आशीर्वाद लेकर नए वर्ष की शुरूवात की। पिकनिक स्पॉट फुसरो के हथिया पत्थर, घुटियाटांड, बगलत्ता इत्यादि स्थानों मे लोगों ने अपने पूरे परिवार के साथ पिकनिक का मनाने पहुंचे। हिंदुस्तान पुल के समीप हथिया पत्थर के पास चास, बोकारो, बालीडीह, सेट्रल कॉंलोनी, फुसरो, पिछरी, तुपकाडीह सहित कई स्थानों से लोगों ने अपने पूरे परिवार और मित्रों के साथ अनेकों तरह के व्यंजन बनाकर, उसका लुफ्त उठाया। कुछ युवाओं ने पिकनिक स्पॉट पर डीजे बजाकर नाचते गाते हुए पिकनिक मनाया और नववर्ष का लुफ्त उठाया। इस दौरान लोगों में अपने मोबाइल से सेल्फी लेने का भी क्रेज खूब दिखा। बच्चे भी पिकनिक का खूब लुफ्त उठाएं। वहीं फुसरो नगर परिषद के ढोरी बस्ती स्थित गणेश मंदिर प्रांगण में रविवार की संध्या महिला पुरुषों की भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में लोग एकत्रित होकर एक दूसरे को नए वर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर वहा खाने पीने के लगे स्टॉल का लोगो ने जमकर लुफ्त उठाया।



### पिकनिक स्पॉट पर लगा कचरे का अंबार

जहां सरकार स्वच्छ भारत मिशन पर लोगों को जागरूक कर रही है। वहीं हथिया पत्थर पर लोगों द्वारा पिकनिक मना कर सारे पत्तल, ग्लास और बचे समान को नदी किनारे फेंक दिए गये, जिससे चारों ओर गंदगी का अंबार लग गया। इसकी आलोचना भी हो रही है।

### बेरमो पुलिस पूरी तरह रही मुस्तैद

नए वर्ष के स्वागत के दौरान बेरमो प्रशासन भी पूरी तरह सड़को पर मुस्तैद रहा, ताकि असामाजिक तत्वों द्वारा किसी तरह की कोई अप्रिय घटना को अंजाम न दिया जा सके। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह ने बेरमो वासियों को नए साल की बधाई देते हुए कहा कि नव वर्ष का जश्न सभी शांतिपूर्वक मनाए। किसी को व्यवधान उत्पन्न ना हो। उन्होंने लोगों से वहां सुरक्षित चलाने को कहा, ताकि इससे कोई अप्रिय घटना ना घटित हो।

## बैदकारो सूर्य मंदिर में नव वर्ष के प्रथम दिन हजारों श्रद्धालुओं ने किया दर्शन पूजन

**वर्ष 2024 के प्रथम दिन से मंदिर में होगा पंच दिवसीय भव्य मेला का शुभारंभ : इंद्रदेव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बैदकारो/बेरमो।** बेरमो कोयलांचल के बैदकारो चलकरी कॉलोनी स्थित सूर्य मंदिर में नव वर्ष के प्रथम दिन हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का पूरे दिन तांता लगा रहा। लोगों ने श्रद्धा भाव से दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। सूर्य मंदिर कमेटी के अध्यक्ष इंद्रदेव महतो ने नव वर्ष के प्रथम दिन भगवान भास्कर का दर्शन पूजन कर क्षेत्रों में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर सभी बेरमो कोयलांचलवासियों को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इंद्रदेव महतो ने कहा कि वर्ष 2024 के प्रथम दिन से सूर्य मंदिर प्रांगण में पंच दिवसीय भव्य मेला का शुभारंभ किया जाएगा। पहाड़ी पर स्थित भव्य सूर्य मंदिर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। मंदिर में सात घोड़े रथ पर सवार भगवान सूर्य देव की खुबसूरत शानदार मूर्ति स्थापित है। मौके पर बैदकारो पूर्वी मुखिया सीमा महतो मंदिर के पुजारी संतोष शास्त्री, चंदन शास्त्री मुखिया पति टीपू महतो, मंदिर कमेटी के हरीशचंद्र झा, टीडी नायक, कार्तिक महतो तेजलाल महतो, ललन चौधरी, जितेंद्र यादव, संजय प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में पांच कुंडीय महायज्ञ और दीपयज्ञ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में रविवार को कोयरीबांध में आयोजित पांच कुण्डीय महायज्ञ एवं दीपयज्ञ का समापन हुआ। धार्मिक अनुष्ठान में हरिद्वार से आये टोली का नेतृत्व राम बालक, अशोक गुप्ता गोविन्द,अभय एवं भुवनेश्वर शास्त्री ने किया। महायज्ञ के मुख्य यजमान अष्ण एवं उनकी धर्मपत्नी पूर्णिमा रही। दीप यज्ञ में 400 लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर निःशुल्क बीपी एवं शुगर जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 100 लोगों की जांच हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री परिवार के भूपेन्द शर्मा, नागेन्द्र बलाल, सरिता वर्णवाल, कुमार मृगु, मनोज सिंह, पुष्पा वर्णवाल, प्रशांत कुमार, शैलेश कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिन्हा ,प्रभात श्रीवास्तव, झुन्नू गुप्ता, जयप्रकाश सिन्हा, अमित केशरी, अशोक केशरी, सुमित केशी, उज्ज्वल कुमार, रामश्रेष्ठ झा, शुभाशीद दास, संतोष शर्मा, सुनील कुमार सिन्हा का महत्पूर्ण योग दान रहा। दूसरी ओर उपस्थित पुरुष महिलाएं पीले वस्त्र में थी। इस दौरान महाभोग प्रसाद का आयोजन किया गया। अंत में शांति पाठ से कार्यक्रम का समापन हुआ तथा टोली की विदाई हुई।

## नववर्ष के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन,झूमे लोग



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** नये साल के स्वागत में शनिवार रात बांसजोड़ा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें लोयाबाद बांसजोड़ा सहित दूर दराज से लोग शामिल हुए,लोगो ने जमकर लुत्फ उठाया। राम राहीम से मशहूर असलम मंसूरी व राजकुमार महतो के सौजन्य से आयोजित इस समारोह में देर रात तक गीत, संगीत और नृत्य का दौर चला। उसके बाद म्यूजिकल ग्रुप बाघमारा द्वारा सिंगर गिरजा शंकर ने पहला गीत आने वाला कल जाने वाला है...उसके बाद, याद आ रहा है तेरा प्यार...गया तो दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। उसके बाद गीतकार गुंजन ने एक से बढकर एक गीत प्रस्तुत किया। बाद में म्यूजिक पर नृत्य का दौर शुरू हुआ। दर्शकों ने नृत्यों के साथ डांस कर खूब अनान्द उठाया। इससे पहले राम रहीम ने मंच का फीता काटकर उद्घाटन किया। असलम व राजकुमार ने सभी को नये साल की बधाई दी। कहा कि कोरोना वायरस ने हम सबको दूर कर दिया था,हौसला और हिम्मत से हम भारत वासी ने मुश्किल वक्त का सामना किया और कोरोना को हराया हैं। इस साल हमें मौका मिला है कि एक साथ नये साल का स्वागत करें। सभी खुशियां मनाएं, खुश रहें। मौके पर रमेश्वर तुरी, मुकेश साव, शिबुल खान, मनोज कुशवाहा, संजय साव, अंकित सिंह, गौतम रजक राहुल पांडेय, रणवीर सिंह आदि उपस्थित थे।

### बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के नये महाप्रबंधक ने संभाला पदभार

## उत्पादन लक्ष्य पूरा करना पहली प्राथमिकता : एमएस दूत

आजाद सिपाही संवाददाता



पदभार संभालने के बाद नए महाप्रबंधक एमएस दूत।

**कतरास।** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के महाप्रबंधक एके सिंह के सेवानिवृत्त होने पर महाप्रबंधक एमएस दूत ने रविवार को पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर महाप्रबंधक ने कहा कि सुरक्षा के साथ उत्पादन और डिस्पैच लक्ष्य पूरा करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। कतरास क्षेत्र में विभिन्न यूनियन प्रतिनिधियों से बेहतर औद्योगिक संबंध स्थापित कर कतरास क्षेत्र को शून्य दुर्घटना के साथ उत्पादन व डिस्पैच के क्षेत्र में और आगे बढ़ाना है। उन्होंने उत्पादन बढ़ाने में यूनियन प्रतिनिधियों एवं कतरास क्षेत्र के पदाधिकारियों व कर्मियों से सहयोग की अपील की है। अच्छे कार्य करने वाले सम्मानित किए जाएंगे। इस मौके पर क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक सुरेंद्र भूषण, क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त विनोद कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक उत्खनन कैलाश कुमार, प्रशासनिक पदाधिकारी सौरव सिंह, राणा एसके सिंह, परियोजना पदाधिकारी संजय चौधरी, शैलेंद्र सिंह, राम रूप आदि उपस्थित थे। पदभार ग्रहण करने के पूर्व नए महाप्रबंधक एम एस दूत का कतरास क्षेत्र के कोयला अधिकारियों ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

## सेवानिवृत बीसीसीएल के कतरास महाप्रबंधक को दी गयी भावभीनी विदाई



**सिजुआ (आजाद सिपाही)।** कतरास क्षेत्र के महाप्रबंधक एके सिंह के सेवानिवृत्त होने पर कतरास क्लब में रविवार को कतरास क्षेत्र के कोयला अधिकारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। महाप्रबंधक एके सिंह ने कहा कि कतरास क्षेत्र के प्रगति में कतरास क्षेत्र के कोयला अधिकारियों के साथ-साथ श्रमिक यूनियन के नेताओं ने उन्हें काफी मदद किया है ऐसे आयोजन करने पर उन्होंने कोयला अधिकारियों को बधाई दी। साथ ही महाप्रबंधक ने उपस्थित अधिकारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। विदाई समारोह में महाप्रबंधक अपने धर्म पत्नी मंजू सिंह के साथ उपस्थित थे। मौके पर महाप्रबंधक सुरक्षा पीके दुबे, महाप्रबंधक एमएस दूत,अपर महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद, क्षत्रिय कार्मिक प्रबंधक सुरेंद्र भूषण थे।

# वडनगर में मोदी की मां की श्रद्धांजलि सभा

## नितिन पटेल ने कहा : गुजरात के लोगों को हीराबा के प्रति अटूट प्रेम

आजाद सिपाही संवाददाता

**वडनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा की श्रद्धांजलि सभा रविवार को वडनगर में हुई। पीएम मोदी के पूरे परिवार समेत गुजरात के पूर्व उप-मुख्यमंत्री नितिन पटेल भी वडनगर पहुंचे। हीराबा का शुक्रवार को निधन हुआ था। इस मौके पर नितिन पटेल ने कहा- गुजरात के लोगों का हीराबा के प्रति अटूट प्रेम है। उन्होंने आगे कहा- हीराबा की सादगी, धर्म के प्रति उनकी भक्ति, समाज के प्रति उनकी भावना और उनके बेटे और भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्रभाई मोदी ने वडनगर को अपना पूरा जीवन दिया। उनके इस अटूट प्रेम को कभी भुलाया नहीं जा सकता।




प्रार्थना सभा में हजारों की तादाद में लोग मौजूद रहे।

वडनगर मोदी का गृहनगर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म भी यही हुआ था। पीएम मोदी पांच भाई हैं। उनके अलावा सोमा भाई, अमृत, प्रहलाद और पंकज हैं। हीराबा सबसे छोटे पंकज मोदी के पास रहती थीं।

बता दें कि हीराबा मोदी का शुक्रवार तड़के 3:30 बजे यूएन मेहता अस्पताल में निधन हुआ। वे 100 साल की थीं। मंगलवार देर रात सांस लेने में तकलीफ होने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें कफ की शिकायत भी थी। मोदी ने खुद ही निधन की जानकारी ट्वीट के जरिए दी थी।

# पुरी जगन्नाथ मंदिर में भक्तों की भारी भीड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नये साल 2023 के पहले ही दिन मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। ओडिशा के पुरी में स्थित भगवान जगन्नाथ के मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। यहां लोगों ने साल का पहला सूर्योदय देखा और सूर्य भगवान से भी प्रार्थना की। नये साल का स्वागत करने के लिए प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने पुरी के समुद्र तट पर भगवान जगन्नाथ की 8 फुट ऊंची और 15 फुट लंबी रेत की मूर्ति बनायी।


# अयोध्या में सोने के सिंहासन पर विराजेंगे रामलला

## दिसंबर में बन जायेगा राम मंदिर का गर्भगृह, तीन फीट ऊंची मूर्ति भी स्थापित होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की अयोध्या। इस वक्त यहां रामलला के भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण कार्य जारी है। मंदिर का काम 3 फेज में होना है। पहले फेज का काम दिसंबर 2023 में पूरा हो जायेगा। इसमें गर्भगृह भी शामिल है। जनवरी 2024 में मकर संक्रांति के दिन इसी गर्भगृह में रामलला विराजमान होंगे। गर्भगृह में भगवान का आसन सोने का होगा। मंदिर का शिखर भी सोने का हो सकता है। इस स्वर्ण जड़ित शिखर को दान करने के लिए महाराष्ट्र के एक बिजनेसमैन ने जन्मभूमि ट्रस्ट से अनुरोध किया है, लेकिन इस पर अभी तक ट्रस्ट ने कोई सहमति नहीं दी है। राम मंदिर निर्माण के साथ अयोध्या में राम पथ, भक्ति पथ, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, राम की पैड़ी समेत 50 से ज्यादा डेवलपमेंट के प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। केंद्र सरकार अयोध्या का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन स्थल बनाने का खाका खींच चुकी है।

**गर्भगृह में रामलला की एक दूसरी मूर्ति भी स्थापित की जायेगी :** राम जन्मभूमि के ट्रस्ट के सदस्य और अयोध्या के राजा विमलेंद्र प्रताप मिश्र ने बताया कि भगवान राम की बाल स्वरूप मूर्ति अभी बहुत छोटी है। इसलिए गर्भगृह में विराजमान होने के बाद श्रद्धालु सही से दर्शन कर सकें, इसके लिए बाल स्वरूप की बड़ी मूर्ति भी बनायी जायेगी, जिसे गर्भगृह में ही प्राण प्रतिष्ठा के बाद स्थापित किया जायेगा। यह मूर्ति



(रेप्लिका) 2.5 से 3 फीट ऊंची हो सकती है। इसके लिए देश के बड़े मूर्तिकारों को स्केच बनाने के लिए कहा गया है। इसमें पद्मश्री और पद्म विभूषण से सम्मानित आर्टिस्ट भी शामिल हैं।

राम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्र बताते हैं कि दिसंबर 2023 में ग्राउंड फ्लोर बनकर तैयार हो जायेगा। इस फ्लोर पर गर्भगृह समेत 5 मंडप भी होंगे, जिनके नाम गुड़ी मंडप, नृत्य मंडप, रंग मंडप, कीर्तन मंडप होंगे। इसके साथ ही मंदिर में प्रवेश करने के लिए सिंह द्वार का निर्माण कार्य भी पूरा हो जायेगा। मंदिर का गर्भगृह अष्टकोणीय होगा।

डॉ अनिल मिश्र बताते हैं कि मंदिर के दूसरे फ्लोर का काम 2024 में शुरू हो जायेगा। इस फ्लोर पर राम दरबार होगा। मंदिर में एक तीसरा फ्लोर भी बनेगा, लेकिन इस पर श्रद्धालुओं की इंट्री नहीं होगी। मंदिर का शिखर 161 फीट ऊंचा होगा। रामनवमी के दिन भगवान राम का सूर्य तिलक से अभिषेक होगा। यानी सूर्य की किरण सीधे भगवान के ऊपर तक आएगी। यह किरण कैसे आएगी, इसके लिए क्क्ष्ठ रुड़की के प्रोफेसर काम कर रहे हैं। मिश्र बताते हैं कि गर्भगृह के चारों तरफ 14 फीट चौड़ा परिक्रमा कॉरिडोर भी होगा। मंदिर से 25 से 27 मीटर की दूरी पर परकोटे (प्लिंथ) का निर्माण होगा। इसकी ऊंचाई करीब 16 फीट होगी। इन परकोटों पर दक्षिण पूर्व की दिशा में विष्णु पंचायतन मंदिर, उत्तर पूर्व में दुर्गा जी का मंदिर, ईशान कोण पर गणेश जी का, अग्नि कोण पर शंकर भगवान, उत्तर दिशा में अन्नपूर्णा माता और गर्भगृह के दक्षिण ओर हनुमान जी का मंदिर होगा। मंदिर का प्रवेश द्वार पूर्व दिशा में होगा और एग्जिट दक्षिण में होगा।

**350 मजदूर और कारीगर दिन-रात मंदिर निर्माण काम में जुटे :** डॉ अनिल मिश्र बताते हैं कि मंदिर निर्माण का कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। फिलहाल जन्मभूमि पर 350 मजदूर और कारीगर दिन-रात काम कर रहे हैं। इसके साथ ही करीब एक हजार मजदूर और कारीगर राजस्थान में भरतपुर जिले के वंशी पहाड़पुर में काम कर रहे हैं। यहां वो मंदिर में इस्तेमाल होने वाले पत्थरों को तराशने का काम कर रहे हैं। यहीं से पिंक स्टोन मंदिर के लिए ला जा रहे हैं।

## दिल्ली-जयपुर हाइवे का नवनिर्माण शुरू

# बनेगा देश का पहला इलेक्ट्रिक हाइवे

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुरुग्राम।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार दिल्ली-जयपुर हाइवे का नवनिर्माण शुरू हो गया है। हरियाणा-राजस्थान बॉर्डर पर बावल और शाहजहांपुर की सीमा से सटे जयसिंहपुर खेड़ा से इसके नवनिर्माण की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। राजस्थान में जयपुर की ओर पांच किलोमीटर और हरियाणा में गुरुग्राम की ओर सात किलोमीटर हिस्से का निर्माण पूरा भी कर दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने दो अलग-अलग कंपनियों, विनर कंस्ट्रक्शन और पवन कुमार कंपनी को इसके निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी है। हरियाणा में पड़ने वाले इसके 64 किलोमीटर हिस्से में दोनों कंपनियां काम करेंगी, लेकिन बड़े हिस्से की जिम्मेदारी विनर कंपनी के पास रहेगी। विनर कंपनी ही बनीपुर चौक (बावल) और बिलासपुर फ्लाईओवर, सालहावास में एक छोटी पुलिया, मानेसर में एलिवेटेड रोड का निर्माण करेगी। अपने क्षेत्र में बनने वाले इस हाईवे पर हरियाणा सरकार को करीब 370 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### दिल्ली से जयपुर दो घंटे में पहुंचेंगे

इस हाइवे के नवीनीकरण के बाद दिल्ली से जयपुर तक दो घंटे में पहुंचने का दावा किया जा रहा है। अभी जाम का पर्याय बने इस हाइवे पर 18 महीने बाद वाहन फर्राटा भर सकेंगे। इसके लिए 18 महीने की समय सीमा तय की गई है। एनएचएआइ का दावा है कि डेढ़ साल की बजाय एक साल में ही काम पूरा कर लिया जाएगा।

फिलहाल इस हाइवे पर धारूहेड़ा के बाद गुरुग्राम की तरफ जाम से बुरा हाल है। जगह-जगह से रोड टूटी है। सर्विस रोड खत्म हो गयी है, नालों का कहीं अता-पता नहीं है। इस हाईवे पर जाम के कई केंद्र हैं, जहां सुबह और शाम से लेकर देर रात तक निश्चित ही जाम रहता है। मसानी बैराज, कापड़ीवास मोड़, राठीवास कट, बिलासपुर, मानेसर जाम के प्रमुख केंद्र है। बनीपुर चौक इस हाईवे का सबसे मुख्य दुर्घटना संभावित क्षेत्र है। जाम से निजात और दुर्घटनाएं कम करने के लिए इन प्रमुख केंद्रों पर सुगम यातायात के लिए कुछ बड़े बदलाव किये गये हैं। बनीपुर, बिलासपुर चौक पर थ्री स्पैन फ्लाईओवर बनाये जायेंगे। कापड़ीवास पर पहले से फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। बिलासपुर चौक फ्लाईओवर बनने से राठीवास कट बंद कर दिया जायेगा। फिलहाल कानपुर-आगरा-मथुरा से सोहना-नूंह, तावडू होकर आने वाले और झज्जर, रोहतक, हिसार, पंजाब या राजस्थान के एक हिस्से में जाने वाले वाहन राठीवास कट से यूटर्न लेकर बिलासपुर पहुंच पटौदी से अपने गंतव्य की ओर बढ़ते हैं। मानेसर में हाइवे आबादी और व्यवसायिक क्षेत्र के बीचो-बीच से गुजर रहा है। जिससे यहां जाम लगता है। मानेसर आईएमटी से एनएसजी कैंप तक पूरे हिस्से को एलिवेटेड बना कर जाम खत्म किया जायेगा। मसानी बैराज पर फिलहाल दो लेन है। जिस कारण वाहनों के दबाव के कारण यहां भारी जाम लगता है। यहां दो लेन बढ़ाई जाएगी।

यह हाइवे आने वाले समय में देश का पहला इलेक्ट्रिक हाइवे बनेगा। इस हाईवे पर एक लेन इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आरक्षित होगी। भविष्य की योजना को देखते हुए हाईवे पर कई स्थानों पर अभी से इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन बनाये जा रहे हैं। गुरुग्राम के नजदीक तो ऐसा स्टेशन बनाया भी जा चुका है। इस केंद्र पर एक बार में 100 वाहन चार्ज किए जा सकते हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी कई अवसरों पर इसकी घोषणा कर चुके हैं। हालांकि अभी धरातल पर इसका काम शुरू नहीं हो पाया है, लेकिन इसका नवनिर्माण शुरू होने से सपनों की सड़क बनने की उम्मीद बंधने लगी है।

### यह काम एक साल में पूरा होगा : परियोजना निदेशक

दिल्ली-जयपुर हाइवे के परियोजना निदेशक अजय आर्य ने कहा कि दिल्ली-जयपुर हाइवे के नवनिर्माण का काम बॉर्डर से शुरू करा दिया है। हरियाणा के हिस्से में ज्यादा काम होना है, इसलिए यहां ज्यादा समय लगेगा। फिर भी एक साल में पूरा करने का प्रयास करेंगे। धारूहेड़ा में अंडरपास नाला और लाइट लगाने का काम भी किया जा रहा है।

# नोटबंदी के खिलाफ याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** साल 2016 में मोदी सरकार ने एक हजार रुपये और पांच सौ रुपये के नोटों को बंद करने का फैसला लिया था। सरकार के उस फैसले की खूब आलोचना भी की गयी थी। इतना ही नहीं, सरकार के उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट नें कई याचिकाएं भी दाखिल की गयी थीं। अब उन याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट दो जनवरी 2023 को फैसला सुना सकती है। गौरतलब है कि कल से ही शीतकालीन अवकाश के बाद शीर्ष अदालत फिर से खुलेगी।






























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**